संसेक्स 72,643.43 ▲ -453.85
डॉलर 82.891 ▼ -0.075

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 32.0 | 19.0 | 30.0 |
| धनबाद | 35.0 | 20.0 | 35.0 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 20.0 | 32.0 |
| पलामू | 34.0 | 19.0 | 33.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 17 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 150, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय ▸ कश्मीर में अमन- चैन से गुलजार होता गोवा का परिदृश्य ... 8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
सुशासन-जनसेवा के ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर ...12 ◂ देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 65,710
चांदी (किलो) 75,690

# चुनावी महाभारत का शंखनाद, मतदान 7 चरणों में

## ▸▸ परिणाम 4 जून को, 10.50 लाख पोलिंग बूथों पर 97 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

- पहले चरण में 19 अप्रैल को पड़ेंगे वोट, अंतिम चरण 1 जून को
- लोकसभा चुनाव को लेकर लागू हुई आदर्श आचार संहिता
- मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट से 'मसल, मनी व मिस इंफॉर्मेशन' निपटने की पूरी तैयारी

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** देश में शनिवार को चुनावी महाभारत का शंखनाद हो गया। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आम चुनाव की घोषणा कर दी। 2024 का लोकसभा चुनाव 46 दिन में पूरा होगा। 19 अप्रैल से शुरू होकर चुनाव 7 चरणों में 1 जून 2024 तक होगा। परिणाम 4 जून को आएगा। इस तरह, भारत के चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी। लोकसभा चुनाव के साथ ही चार राज्यों - आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम - के विधानसभा चुनाव की तारीख भी जारी हो गई। इसके अलावा, अलग-अलग राज्यों की 26 विधानसभा सीटों पर भी उप चुनाव होंगे। ये चुनाव भी आम चुनावों के साथ होंगे।

इस घोषणा के साथ ही अब ज्यादातर सत्ता संबंधी कामकाजी निगरानी पावर चुनाव आयोग के पास आ गया है। साथ ही, देश भर में चुनावी आचार संहिता लागू हो गई। लोकसभा की कुल 543 सीटें हैं। इनके लिए 7 चरण में वोट पड़ेंगे। पहला चरण 19 अप्रैल को, दूसरा चरण 26 अप्रैल को, तीसरा चरण 7 मई, चौथा चरण 13 मई, पांचवां चरण 20 मई, छठा चरण 25 मई और सातवां चरण 1 जून को होगा। चुनाव परिणाम 4 जून को आएगा। इस तरह वोटिंग से लेकर नतीजे आने तक में 46 दिन लगेंगे। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ लोग वोट डालेंगे। इस चुनाव में 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल होगा।

**डीएम-एसपी को कड़े निर्देश :** चुनावी प्रक्रिया में बाहुबल के अलोकतांत्रिक प्रभाव को रोकने के लिए कई उपाय किए गए हैं। समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए डीएम (झारखंड में डीसी) और एसपी को सख्त निर्देश दिए गए। सीआरपीएफ को पर्याप्त रूप से तैनात किया जाएगा और प्रत्येक जिले में एकीकृत नियंत्रण कक्षों द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। निगरानी सुनिश्चित करने के लिए चेक पोस्ट और ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा।

**चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार :** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हमारी टीम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। चुनाव को लेकर साढ़े दस लाख पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। 1.80 करोड़ नए मतदाता पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे। 19.74 करोड़ युवा वोटर वोट डालेंगे। 55 लाख ईवीएम से वोट पड़ेगा। देश के 12 राज्य ऐसे हैं, जहां एक हजार से ज्यादा जेंडर रेशियो है। यानी, इन राज्यों में महिला मतदाता पुरुष से ज्यादा हैं।

**घर से वोट करने की सुविधा :** राजीव कुमार ने कहा कि 97 करोड़ वोटर्स में 47.15 करोड़ महिला मतदाता हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 49.70 करोड़ है। 19.74 करोड़ युवा वोटर हैं, जिनकी उम्र 20-29 साल के बीच में है। चुनाव आयोग ने 85 साल से ऊपर के मतदाताओं के लिए घर वोट करने की सुविधा प्रदान की है।

**रजिस्टर्ड मतदाताओं की संख्या में 6 फीसदी की बढ़ोतरी :** 2024 लोकसभा में 97 करोड़ लोग ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## लोकसभा चुनाव 2024




- 543 लोकसभा सीटों के लिए मतदान में 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल होगा
- महिला मतदाता 47.15 करोड़, 49.70 करोड़ पुरुष वोटर
- 19.74 करोड़ युवा वोटर, 1.80 करोड़ नए मतदाता

## झारखंड की 14 सीटों पर चार चरणों में होगा लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने शनिवार को पूरे देश में होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। देशभर में कुल सात चरणों में लोकसभा के चुनाव होंगे, जिसमें झारखंड में कुल चार चरणों में चुनाव कार्यक्रम संपन्न होंगे। झारखंड में 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को चुनाव होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की घोषणा के अनुसार, झारखंड में पहले चरण में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू, दूसरे चरण में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, तीसरे चरण में गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर तथा चौथे चरण में राजमहल, दुमका और गोड्डा सीट पर लोकसभा के चुनाव होंगे। झारखंड सहित पूरे देश में चार जून को चुनावी परिणाम आयेगा।

## झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव 20 मई को

**रांची।** देश में 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में लोकसभा चुनाव के साथ ही निर्वाचन आयोग ने शनिवार को 26 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों की तिथि भी घोषित कर दी है। इसके तहत लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के दौरान 20 मई को झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव होगा। गांडेय विधानसभा क्षेत्र से झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने एक जनवरी को झारखंड विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

## ओडिशा, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल एवं सिक्किम में विधानसभा चुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के साथ देश के चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा हो गई है। इन राज्यों में ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश और सिक्किम शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार ओडिशा में चार चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। यहां 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को वोट डाले जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चारों राज्यों में होने वाली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए बताया कि अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी और मतदान 19 अप्रैल को होगा। राज्य की 60 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में चुनाव होंगे। सिक्किम विधानसभा के लिए भी एक ही चरण में सभी 32 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। अधिसूचना की तारीख 20 मार्च और वोटिंग 19 अप्रैल को होगी। आंध्र प्रदेश की सभी 175 सीटों पर चुनाव के लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगा और 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

## झारखंड में 4 चरण में होगा लोस चुनाव

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** झारखंड में कुल 4 चरणों में - चौथे चरण, पांचवें चरण, छठे चरण, सातवें चरण में, लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

**चौथा चरण :** 13 मई 2024 को ,
**पांचवां चरण :** 20 मई 2024 को ,
**छठवां चरण :** 25 मई 2024 को ,
**सातवां चरण :** 1 जून 2024 को मतदान होगा।

### राज्य की 14 लोस सीटों पर किस तारीख को होगा मतदान -सीट

मतदान की तारीख

**चतरा :** 20 मई 2024, पांचवां चरण
**धनबाद :** 25 मई 2024, छठवां चरण
**दुमका :** 1 जून 2024, सातवां चरण
**गिरिडीह :** 25 मई 2024, छठवां चरण
**गोड्डा :** 1 जून 2024, सातवां चरण
**हजारीबाग :** 20 मई 2024, पांचवां चरण
**जमशेदपुर :** 25 मई 2024, छठवां चरण
**खूंटी :** 13 मई 2024, चौथा चरण
**कोडरमा :** 20 मई 2024, पांचवां चरण
**लोहरदगा :** 13 मई 2024, चौथा चरण
**पलामू :** 13 मई 2024, चौथा चरण
**राजमहल :** 1 जून 2024, सातवां चरण
**रांची :** 25 मई 2024, छठवां चरण
**सिंहभूम :** 13 मई 2024, चौथा चरण

## पलामू लोकसभा का नोटिफिकेशन 18 अप्रैल को व मतदान 13 मई को

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा के लिए 18 अप्रैल को नोटिफिकेशन किया जाएगा। जबकि 13 मई को मतदान होगा। पलामू जिले में 17 लाख एक हजार 327 मतदाता लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान करेंगे। इसके लिए जिले के 1358 भवनों में 1796 बूथ बनाए गए हैं। कुल मतदाताओं में आठ लाख 80 हजार 877 पुरुष, आठ लाख 20 हजार 449 महिला और एक तृतीय लिंग मतदाता हैं। पलामू का इलेक्टर टू पोपुलेशन (ईपी) अनुपात 648 तथा लिंगानुपात 931 है। पलामू में18 से 19 आयुवर्ग के युवा मतदाताओं की संख्या 62 हजार 683 है। जिसमें 26514 पुरुष जबकि 36169 महिला हैं। इसी प्रकार 20 से 29 वर्ष आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या चार लाख 57 हजार 870 है । जिसमें पुरुष दो लाख 38 हजार 215 जबकि महिला चार लाख 57 हजार 870 हैं। नई दिल्ली में चुनाव आयुक्त स्तर से लोकसभा आम चुनाव-2024 का कार्यक्रम घोषित करने के तत्काल बाद पलामू में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन व अन्य पदाधिकारियों के साथ प्रेस कांफ्रेंस कर जिले में चुनाव को लेकर अबतक की गई तैयारियों की जानकारी दी। साथ ही आदर्श आचार संहिता शनिवार से ही लागू हो जाने की जानकारी साझा करते हुए सभी के लिए इसका अनुपालन अनिवार्य बताया। उन्होंने चुनाव आयोग के कार्यक्रम का ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

- 17 लाख एक हजार 327 मतदाता चौथे चरण में करेंगे मतदान
- जिले में आदर्श आचार संहिता लागू

## अवैध धन पर सख्त नजर

मुख्य चुनाव आयुक्त ने विज्ञान भवन में 2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणा के दौरान कहा कि बाहुबल की तरह चुनाव में अवैध धन भी चुनावी प्रक्रिया के लिए गंभीर मामला है। अवैध धन के प्रवाह पर अंकुश लगाने के लिए, चुनाव आयोग ने प्रवर्तन एजेंसियों के साथ व्यापक समीक्षा की है। ईएसएम पोर्टल, एजेंसियों के बीच समन्वय जैसे उपायों के परिणामस्वरूप पिछले 11 चुनावों में बरामदगी में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि 2022-23 के चुनाव में 11 राज्यों में पांच साल पहले की तुलना में नकदी जब्ती 800 प्रतिशत से बढ़कर 3,400 करोड़ रुपये हो गई। प्रवर्तन एजेंसियों को अवैध धन, शराब, ड्रग्स और मुफ्त वस्तुओं पर नकेल कसने और विघटनकारी तरीकों के प्रति सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है।

## एक नजर

### धनबाद में पुंज सिंह के ठिकानों पर ईडी की रेड

**धनबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बालू कारोबारी पुंज सिंह के ठिकानों पर एक बार फिर से दबिश दी है। शनिवार अहले सुबह से ही ईडी की टीम धनबाद के मेंमको मोड़ क्षेत्र स्थित कासा सोसाइटी स्थित आवास और झरिया हेटलिबांध स्थित उनके भाई सतेन्द्र सिंह के आवास पर छापेमारी कर रही है। छापेमारी में केंद्रीय सुरक्षा बल को रखा गया। किसी को भी बाहर आनेजाने की इजाजत नहीं है। बताया जाता है कि ईडी की टीम ने अंदर जाते ही घर के सभी सदस्यों से मोबाइल जब्त कर लिया है और घर के अंदर रखे कई अहम दस्तावेजो को खंगाल रही है। इस दौरान टीम को कुछ अहम दस्तावेज हांथ लगने की भी सूचना है। ज्ञात हो पुंज सिंह बिहार में 400 करोड़ के बालू घोटाले के आरोपित है। जिसमे ईडी ने पहले भी पुंज सिंह और इनके साथी करीबियों के यहां छापेमारी कर चुकी है।

## आजकल




## सीएम चंपाई सोरेन ने बंदगांव और हाटगम्हरिया में डिग्री कॉलेज की रखी आधारशिला, बोले

# ग्रामीण बच्चों को कॉलेज की पढ़ाई के लिए अब बाहर जाने की जरूरत नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** बेहतर शिक्षा से बेहतर समाज और राज्य बनता है। शिक्षा एक ऐसा जरिया है, जो आपके भविष्य की दिशा तय करती है। व्यक्ति के समग्र विकास के लिए अच्छी शिक्षा अति आवश्यक है। यही वजह है कि हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शनिवार को चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव और हाटगम्हरिया में डिग्री कॉलेज एवं विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास तथा लाभार्थियों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, अब आपको कॉलेज की पढ़ाई के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। आपके गांव या आसपास में डिग्री कॉलेज खोला जा रहा है, जहां ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर




### मुख्यमंत्री ने कहा

- व्यक्ति के समग्र विकास के लिए अच्छी शिक्षा अत्यंत आवश्यक
- आदिवासियों-मूलवासियों की भाषा, संस्कृति, परंपरा और अस्मिता को बचाए रखने को सरकार प्रतिबद्ध
- राज्य वासियों के रोटी, कपड़ा और मकान जैसी जरूरत को पूरा करने के साथ बढ़ रहे हैं आगे
- जरूरत के अनुरूप योजनाएं बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का हो रहा काम

### झारखंड कैबिनेट ने 53 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

## स्कूली बच्चों को नि:शुल्क मिलेगा बैग

- झारखंड में शिक्षक पात्रता नियमावली 2024 के गठन को मंजूरी
- महिलाओं को नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन योजना को भी स्वीकृति
- पांकी में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए 53 करोड़ रुपये

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के करीब तीन घंटे पहले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई निर्णयों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने कुल 53 प्रस्तावों पर मुहर लगाते हुए अलग-अलग जिलों में विभिन्न विकास योजनाओं के लिए करीब 700 करोड़ रुपये से भी अधिक की राशि की स्वीकृति दी है।

एक महत्वपूर्ण फैसले में झारखंड में शिक्षक पात्रता नियमावली 2024 के गठन को मंजूरी दी गई है। बताया गया है कि इससे राज्य में शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया में तेजी आ सकेगी। सरकार नि:शुल्क विद्यालय योजना के तहत सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के 37.7 लाख बच्चों को नि:शुल्क स्कूल बैग उपलब्ध कराएगी। इस योजना पर 57 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सरकार ने जरूरतमंद ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# मोदी की गारंटी के बाद मोदी का परिवार से आगे...

- सोशल मीडिया पर चुनावी वार में भाजपा का प्रहार पर प्रहार
- पलामू में भाजपा के सोशल मीडिया अभियान की चौक-चौराहों पर चर्चा जोरों पर

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** जमीनी अभियान के साथ सोशल मीडिया चुनावी वार में भी भाजपा विपक्षी गठबंधन से दो नहीं, बल्कि चार कदम आगे चल रही है। विपक्षी गठबंधन के आईटी रणनीतिकार अभी व्यूह रचना में ही जुटे हैं। उससे पूर्व ही भाजपा का प्रचंड वेग से चल रहा प्रचार रथ मोदी की गारंटी को पार करते हुये मोदी के परिवार तक पहुंच चुका है। चुनाव की घोषणा में चंद दिन शेष ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### मोबाइल खोलते ही मेरा भारत का शोर

क्यों वर्तमान दौर को सूचना क्रांति का युग कहा जाता है। सूचनायें अब मन की गति से भी तेज प्रसारित हो रही हैं। इसकी बानगी प्रत्येक सोशल मीडिया प्लेटफार्म का केंद्र बन चुके मोदी का परिवार के शोर से सहज देखी जा सकती है। मोबाइल पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म खोलते ही किसी भी कार्यक्रम के पूर्व इन दिनों आवाज आती है। मेरा भारत मेरा परिवार।



## इंडिया

# एक वोट के अंतर से ऐसे बदला था इतिहास


सुनील बादल

**हम** अक्सर व्यवस्था और सरकारों को बदलने पर बहस करते हैं पर चुनाव के दिन वोट देने नहीं जाते कि एक वोट से क्या होगा ।आज चुनाव आयोग ने उन सारी सुविधाओं की चर्चा की जो दुर्गम स्थानों में भी सुनिश्चित होंगी। चुनाव में एक वोट की अहमियत क्या होती है। एक वोट का क्या महत्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ सीपी जोशी ने जाना था। वर्ष 2008 के विधानसभा चुनावों में डॉ सीपी जोशी नाथद्वारा विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी थे। डॉ जोशी केवल एक वोट से चुनाव हार गए थे। डॉ जोशी ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि वह एक वोट से चुनाव हार जाएंगे। उनके लिए सबसे बड़े दुख की बात यह रही कि उनकी पत्नी मतदान करने नहीं पहुंच पाई थी। अगर वह मतदान करती तो मामला बराबरी तक तो पहुंच जाता लेकिन ऐसा नहीं हो सका। चार चुनाव जीतने के बाद पांचवें में 1 वोट से हारे ।डॉ सीपी जोशी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के तौर पर राजस्थान की नाथद्वारा विधानसभा सीट से वर्ष 1980, 1985, 1998 में और 2003 में चुने गए थे। पार्टी में सीनियर नेता होन के नाते वर्ष 2008 के चुनावों में सीएम पद के दावेदार भी थे। बड़े जोश से चुनाव मैदान में कूदे लेकिन जो अनहोनी हुई, उसके बारे में किसी ने सोचा तक नहीं था। डॉ जोशी खुद स्वीकार किया कि उनकी पत्नी और बेटी मंदिर गए थे। ऐसे में वह समय पर मतदान करने नहीं पहुंच सकी थी। डॉ जोशी भाजपा प्रत्याशी कल्याण सिंह चौहान से महज एक वोट से चुनाव हार गए।

हाईकोर्ट ने रद्द किया चुनाव लेकिन 5 साल विधायक रहे कल्याण सिंह एक वोट से चुनाव हारने के बाद कांग्रेस नेता सीपी जोशी ने हाईकोर्ट में याचिका लगाते हुए मतदान में धांधली का आरोप लगाया। डॉ जोशी का आरोप था कि बीजेपी प्रत्याशी कल्याण सिंह चौहान की पत्नी कल्पना कंवर ने दो बूथों पर मतदान किया। बूथ संख्या 39 और 40 पर मतदान करने का आरोप लगाया था। लम्बे समय तक मामला कोर्ट में चला। आखिर वर्ष 2017 में राजस्थान हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया और चुनाव को रद्द कर दिया। बाद में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ कल्याण सिंह सुप्रीम कोर्ट चले गए। ऐसे में 5 साल का वक्त निकल गया और कल्याण सिंह पांच साल तक विधायक रहे। 2017 में गुजरात की तीन राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव हुआ था। एक सीट पर कांग्रेस की ओर से अहमद पटेल लड़ रहे थे। कांग्रेस के ही दो विधायकों ने क्रॉस




वोटिंग कर दी थी जिससे अहमद पटेल की जीत मुश्किल हो गई थी। क्रॉस वोटिंग करने वाले दो एमएलए यह भूल गए थे कि वे वोट करते वक्त भी कांग्रेस के सदस्य थे और वे पोलिंग बूथ पर खड़े होकर अपनी बदली हुई वफादारी का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं कर सकते। इससे उनके वोट रद्द हो गए जिससे जीतने के लिए वोटों की संख्या 43.5 हो गई। अहमद पटेल को 44 वोट मिले थे, इस तरह वह आधे वोट से जीत गए।कर्नाटक विधानसभा के 2004 के चुनाव में एआर कृष्णमूर्ति जनता दल सेक्युलर के टिकट पर लड़े थे। उनके प्रतिद्वंद्वी ध्रुवनारायण को 40752 वोट मिले जबकि उनको 40751। वह विधानसभा चुनाव में एक वोट से हारने वाले पहले नेता बन गए थे।1876 में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रदरफॉर्ड बी.हेज और टिलडन के बीच मुकाबला था। टिल्डन 2,50,000 के अंतर से पॉप्युलर वोट जीत गए थे। लेकिन जब इलेक्टोरल वोट की बारी आई तो उनको सिर्फ 184 वोट मिले थे जबकि रदरफॉर्ड 185 वोट जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हुई।मजबूत लीडर के तौर पर उभरीं मारग्रेट थैचर एक वोट ने इंग्लैंड की प्रधानमंत्री रहीं मारग्रेट थैचर की जिंदगी में अहम भूमिका निभाई। साल 1979 की बात है। उन दिनों थैचर विपक्ष की नेता थीं। लेबर पार्टी सत्ता में थी और प्रधानमंत्री जेम्स कैलहैन थे। थैचर ने पीएम जेम्स कैलहैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव के पक्ष में 311 और खिलाफ 310 वोट पड़े। यानी एक वोट से प्रस्ताव पास हुआ। उसके बाद चुनाव में जीत के साथ मारग्रेट थैचर मजबूत नेता के तौर पर उभरीं।हिटलर के खिलाफ एक वोट1919 में नाजी पार्टी की स्थापना हुई थी। 1921 में हिटलर ने नाजी पार्टी की कमान संभाली थी। नाजी पार्टी की कमान संभालने से पहले पार्टी के कई सदस्य हिटलर के खिलाफ थे। उनका मानना था कि वह बहुत महत्वाकांक्षी है और इस वजह से उनलोगों ने हिटलर की शक्तियों को सीमित करने की कोशिश की। इससे नाराज होकर हिटलर पार्टी छोड़कर चला गया। फिर उनलोगों को अहसास हुआ कि हिटलर जैसे प्रभावशाली इंसान के जाने से पार्टी पर असर पड़ेगा। इसके नतीजे में हिटलर पार्टी में लौटा तो सही लेकिन अपनी शर्तों पर। 29 जुलाई को हिटलर को पार्टी का चेयरमैन चुनने के लिए वोटिंग हुई। कुल 554 सदस्यों में से सिर्फ एक सदस्य ने हिटलर के खिलाफ वोट दिया। ऐसे समय में जब सारे सदस्य हिटलर के साथ खड़े थे, एक का उसके खिलाफ जाना वास्तव में ऐतिहासिक और साहसिक कदम था।

## अरविंद केजरीवाल को ईडी के समन मामले में मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से समन पर पेश नहीं होने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शनिवार को जमानत दे दी। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने केजरीवाल को 15 हजार रुपये के निजी मुचलके और एक लाख रुपये के जमानती के आधार पर जमानत दी है। मामले की अगली सुनवाई एक अप्रैल को होगी। शनिवार को अरविंद केजरीवाल कोर्ट में पेश हुए। इसके पहले एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की ओर से जारी समन को केजरीवाल ने सेशंस कोर्ट में चुनौती दी थी। सेशंस कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका खारिज करते हुए कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। उसके बाद केजरीवाल आज कोर्ट में पेश हुए।

## एक नजर

### वार्ड सदस्यों की बैठक में योजनाओं का चयन

**मोहम्मदगंज।** विकास कार्यों में गति लाने को लेकर शनिवार को मोहम्मदगंज सामुदायिक भवन में वार्ड सदस्य कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया कमला देवी ने की। इस अवसर पर पंचायत के विभिन्न वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर विभिन्न टोलों में सार्वजनिक योजनाओं को क्रियान्वयन के लिए सूचीबद्ध किया गया। जिसमें पंचायत भवन के रख-रखाव व उपयोग की सामग्री,पीसीसी सड़क,चापाकल निर्माण, पेयजल आपूर्ति को लेकर जलमीनार, पुलिया निर्माण, रविवारीय बाजार में लगने वाले दुकान से चुंगी वसूलना, गाइडवॉल के निर्माण कार्य आदि योजनाओं को शामिल किया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव विवेकानंद पटेल, उपमुखिया रविरंजन सिंह, वार्ड सदस्य नंदकिशोर मेहता, पिंकी देवी, गीता देवी, सुनीता देवी, मीना देवी, मनती देवी, पूनम देवी आदि मौजूद रहीं।

### थाने के समीप से बाइक चोरी

**हुसैनाबाद।** दुस्साहस का परिचय देते हुये चोरों ने शनिवार को स्थानीय थाना परिसर के सामने से बाइक चुरा लिया। घटना को लेकर गांव लमार थाना हुसैनाबाद निवासी धीरेंद्र यादव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि अपनी बहन को परीक्षा दिलाने के लिये वे बाइक से उर्दू मध्य विद्यालय आये थे। बहन को छोड़ने के बाद थाना गेट से कुछ दूरी पर बाइक खड़ी कर वे होटल में नाश्ता करने चले गये। वापस आने पर पाया कि उनकी बाइक गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चलने पर थाने में शिकायत की है। पुलिस बाइक चोर की धरपकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

## खेती में आधुनिक तकनीक अपनाने की मिली सीख

नवीन मेल संवाददाता



**ऊंटारी रोड।** प्रखंड के 30 किसानों के समूह को आत्मा समेती सहाय अनुदान (2023-24 ) योजना अंतर्गत क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र एवं कृषि विज्ञान केंद्र चियांकी द्वारा जिला स्तरीय परिभ्रमण कराया गया। इस दौरान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने किसानों को बताया कि लगभग 80 एकड़ में फैले अनुसंधान केंद्र में विभिन्न तरह की खेती का प्रयोग किया जाता है। ज्ञात हो कि यहां हरिमन 99 प्रभेद का सेव एवं थाई पिंक प्रभेद के अमरूद की खेती प्रयोग तौर पर शुरू की गयी है। उन्होंने किसानों को टमाटर व अन्य सब्जियों की खेती वैज्ञानिक तरीके से करने के लिये प्रेरित किया। किसानों के केंद्र के पहल की सराहना करते हुये कहा कि इससे खेती में आधुनिक तकनीक अपनाने की सीख मिली है। मौके पर ऊंटारी रोड के सहायक तकनीकी प्रबन्धक अनिल कुमार मेहता एवं किसान शंकर मेहता,शंकर राम, कृष्ण मेहता, अखिलेश दीक्षित, उपेंद्र कुशवाहा आदिं ने भागीदारी की।

### पंचायत समिति की बैठक में उप प्रमुख ने उठाया अनियोजित सड़क निर्माण का मुद्दा

## क्षेत्र की सैकड़ों एकड़ भूमि की सिंचाई होगी बाधित

### संवेदक की लापरवाही से विलेज नहर क्षतिग्रस्त

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने पंचायत समिति की बैठक में अनियोजित सड़क निर्माण से विलेज नहर के क्षतिग्रस्त होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि इससे क्षेत्र की सैकड़ों एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित हो जायेगी। उन्होंने बताया कि 21 फरवरी को विधायक के द्वारा धावाडीह से लोहड़ी बस्ती तक करीब एक करोड़ की लागत से



सड़क निर्माण की आधारशिला रखी गयी थी। संवेदक ने घोर लापरवाही बरतते हुये सड़क निर्माण के लिए मिट्टी की भरावट के लिए बगल से गुजरी विलेज नहर का बांध काट कर सड़क निर्माण में डलवा दिया। बांध का मिट्टी काटे जाने का विरोध कई ग्रामीणों ने किया था, किंतु दबंग संवेदक ने किसी की बात नहीं सुनी और नहर की मिट्टी काटने का सिलसिला जारी रहा। इससे किसानों की लिये उपयोगी नहर पूरी तरह से तहस-नहस हो गयी है। उन्होंने सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की तथा सिंचाई विभाग से मामले की जांच कर समुचित कार्रवाई की मांग की है। रेवारातू के राजेंद्र सिंह ने कहा कि नहर काटने का उन लोगों ने कड़ा विरोध किया था, परंतु ठेकेदार ने किसी की नहीं सुनी।

### 500 एकड़ भूमि की होती है सिंचाई

उप प्रमुख ने कहा कि स्थानीय विधायक ने हर पंचायत में सिंचाई के लिए पांच -पांच डीप बोरिंग का आश्वासन चुनाव के दौरान दिया था। खेतों में डीप बोरिंग तो हुई नहीं। ऊपर से विलेज कैनाल भी ध्वस्त हो गया। इस नहर से आसपास के किसानों की 500 एकड़ भूमि की सिंचाई होती थी। अब किसानों के समक्ष गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। यह विलेज कैनाल धावाडीह,रेवारातू और लोहड़ी के किसानों के लिए वरदान है।

# शांति व भाईचारे के साथ मनायें रंगों का त्योहार

### होली पर्व को लेकर विभिन्न थानों में शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** होली पर्व को लेकर पांकी थाना परिसर में शनिवार की दोपहर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी, एसडीपीओ मनोज कुमार झा, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद सहित प्रखंड के दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रशिक्षु आईपीएस ने विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से त्योहार को लेकर की जा रही तैयारी एवं होली पर आयोजित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि त्यौहार खुशियां लेकर आता है। इसलिए त्यौहार को आपसी भाईचारे एवं सौहापूर्वक तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अप्रिय घटना एवं अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। बैठक में पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता, अनिता लोहरा, हफीजुल अंसारी, रफीक अंसारी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद, मुखिया पद्युम्न सिंह, मिंटी वर्मा, बृजदेव सिंह, उपेंद्र गुप्ता, एजाज खान उपस्थित थे।







### मिलकर मनायें त्योहार, मिलेगी खुशी

**ऊंटारी रोड।** थाना परिसर में शनिवार को होली पर्व व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू व संचालन सुनील सिंह ने किया। बैठक में इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान ने कहा कि होली व रमजान त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनायें। होली जुलूस में डीजे पर अश्लील गाना नहीं बजायें। किसी भी प्रकार से हुड़दंग मचाने वालों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी। बीडीओ श्रीमती साहू ने लोगों से आग्रह किया कि पर्वों के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट कत्तई नहीं डालें। बैठक में एएसआई मुन्नालाल जमुदा व महादेव उरांव,बीससूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, योगी सिंह,समाजसेवी कृष्णा पाल आदि मौजूद थे।

### थाने में शांति समिति की बैठक

**मोहम्मदगंज।** शनिवार को होली पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता इंस्पेक्टर रमेश पासवान ने की। श्री पासवान ने लोगों से रंगों का त्योहार शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने कहा कि होली के बहाने हुडदंग करने वाले व सोशल मिडिया सहित अन्य माध्यमों से अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इस मौके पर मुखिया अनिता देवी, सुदर्शन राम, सीबी रमन सिंह, परशुराम सिंह,नसीम अहमद, गुप्ता राम, रामजन्म राम, उदय सिंह, दीपक सिंह, अजीत सिंह, प्रशांत सिंह,सच्चिदानंद सिंह उपस्थित थे।

### हुड़दंगियों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

**हुसैनाबाद।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रौशन कुमार ने की। जबकि संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि होली रंगों का पर्व है इसे शांति और आपसी भाईचारा के साथ मनाने की जरूरत है। थाना प्रभारी ने कहा की प्रशासन हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखेगा। मौके पर वरिष्ट अधिवक्ता चंदेश्वर प्रसाद, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व सैनिक पप्पू सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, ग्यासुद्दीन सिद्दिकी, श्रवण अग्रवाल, अब्बास कादरी,अजय प्रसाद गुप्ता, मुखिया श्रवण राम, नरेश पासवान, जाकिर अली ऊर्फ राज अली, चंदन कुमार सिंह, खलीद अंसारी मौजूद थे।

### होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक

**विश्रामपुर।** होली और रमजान को लेकर शनिवार को विश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने की। बैठक में होली पर्व सौहार्द पूर्वक मनाने और रमजान के पाक महीने में शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी श्री चौबे ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रथम नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह, निवर्तमान वार्ड सुनील कुमार चौधरी, सलीमुदीन अंसारी, देवनाथ यादव,मनीष कुमार, समाजसेवी विजय कुमार रवि मौजूद थे।

### शांति समिति की बैठक संपन्न

**हरिहरगंज।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने किया। बैठक में आपसी प्रेम और भाईचारे के माहौल में त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया, जिप सदस्य मंजू देवी, प्रमुख कमला देवी, एसआई सतीश गुप्ता, एएसआई संजय सिंह, मनोज दास मौजूद थे।

## कांग्रेस बूथ कमेटी की बैठक में बनी रणनीति



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड के थाना रोड स्थित बाबा मैरिज हॉल के प्रांगण में शनिवार की दोपहर कांग्रेस नेता सह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने प्रखंड क्षेत्र के 125 बूथ लीडरों के साथ बैठक की। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति बनायी गयी। बैठक के पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री का भव्य स्वागत कि या। अपने संबोधन में उन्होंने चुनाव जीतने के लिये बूथ जीतने पर बल दिया। कहा कि केंद्र की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाये। सारा काम आसान हो जायेगा। मौके पर मुकेश सिंह चंदेल, मुखिया सूरत उरांव, एजाज खान, नारो सिंह, राजेंद्र ओझा, बृजदेव सिंह, बैजनाथ सिंह उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के लंगुराहा गांव के घाघरा बटाने नदी के छठ घाट स्थित स्नान एवं धुलाई घाट तथा ढाब कला में पंचायत सचिवालय भवन का शिलान्यास बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य मंजू देवी ने नारियल फोड़कर किया। 15 वें वित्त आयोग मद से एक करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास करने के बाद उन्होंने कहा कि इससे जनता को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिला परिषद क्षेत्र में जो भी जनोपयोगी और जनकल्याणकारी योजना आवश्यक है। उसे प्राथमिकता के तौर पर किया जा रहा है। मौके पर समाजसेवी राजेश राम ,विनय यादव, अरविंद पांडेय, संतोष भुईयां, पंसस बासुदेव राम, वार्ड सदस्य अखिलेश गुप्ता, बसंत मेहता, शक्ति सिंह, सुधाकर सिंह, बौद्ध भुईयां मौजूद थे।

## मुखिया ने किया भवन निर्माण का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज।** प्रखंड के सिमरवार पंचायत अंतर्गत सिमरवार गांव में शनिवार को पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान ने पंचायत भवन निर्माण का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। यहां भवन निर्माण विभाग प्रमंडल के द्वारा भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसकी प्राक्कलित राशि रु. 22 .73 लाख है। मुखिया ने संवेदक गुड्डू खान व शमशेर खान को गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण कार्य करने की हिदायत दी। मौके पर वार्ड सदस्य सुमित्रा देवी, राणा पासवान, जनेश्वर भुइयां, मिथिलेश पासवान, अखिलेश गुप्ता, सरजू पासवान, पप्पू भुइयां, पटेल भुइयां, शिवपूजन भुइयां उपस्थित थे।

### झारखंड हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्यों ने की बैठक

## मंदिर के विकास पर हुई चर्चा, बनी रूपरेखा



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड रांची के द्वारा नवगठित सार्वजनिक धार्मिक न्यास पुरानी ठाकुरबाडी. गांधी चौक जपला के सदस्यों की पहली बैठक रूद्रा होटल परिसर में राजीव रंजन की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। इस बैठक में ठाकुरबाड़ी के समग्र विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। साथ ही विस्तृत कार्य योजना बनाने को लेकर अगली बैठक में विस्तृत चर्चा का निर्णय लिया गया। इस बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, राकेश तिवारी, श्रवण अग्रवाल , उदयनाथ विश्वकर्मा, राजीव ठाकुर, नवल किशोर पाठक, शैलेश सिंह, संजय सोनी मौजूद थे।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**मनातू।** थाना परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान ग्रामीणों के सहयोग से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने की बात कही गयी। थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने कहा कि पर्व पर शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी। बैठक के अंत में एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर सभी ने होली की शुभाकामनायें दीं।

### सड़क दुर्घटना में जपला निवासी पीडीएस डीलर की हो गयी थी मौत

## आश्रित को मिला दुर्घटना बीमा का 12 लाख का चेक



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक डीसी फैक्ट्री शाखा द्वारा दुर्घटना बीमा एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दुर्घटना बीमा का लाभ परिजनों को दिया गया। ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक मनीष कुमार तिवारी ने 12 लाख रुपए का चेक सड़क हादसे में मृत पीडीएस डीलर के पुत्र को प्रदान किया। मौके पर उन्होंने बताया कि प्रखण्ड के जपला निवासी लखन देव सिंह ने वर्ष 2020 में इन दोनों योजनाओं के तहत बीमा कराया था। इसमें नॉमिनी के रूप में उनके पुत्र शत्रुघ्न प्रसाद सिंह का नाम दर्ज था। जिसमें दो-दो किश्त भरने के बाद लखनदेव सिंह की फरवरी 2023 में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद आज नॉमिनी को दुर्घटना बीमा की कुल राशि क्रमशः 10 लाख व 2 लाख रुपए का चेक दिया गया। मौके पर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक मनोज कुमार गुप्ता, सूरज प्रकाश, सुमन कुमारी एवं बीमा कम्पनी के वेद प्रकाश सिंह, आलोक कुमार सिंह व विश्वरंजन सिंह, रामाश्रय राम आदि मौजूद थे।

## नगर पंचायत में दो पीसीसी पथ का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के नगर विकास एवं आवास विभाग की मद से बनने वाली दो पीसीसी पथ का शिलान्यास शनिवार को वार्ड 15 में किया गया। पथ निर्माण का शिलान्यास सासंद प्रतिनिधि श्रवण कुमार व एनसीपी नेता अब्बास अंसारी ने संयुक्त रुप से किया। सासंद प्रतिनिधि ने कहा कि इस पथ के बनने से वार्ड 15 के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्राथमिकता के साथ योजनाओं का चयन कर विकास कार्य किया जा रहा है। इससे लोगों को रोजगार के साथ क्षेत्र के विकास में मदद मिल रहा है। अब्बास अंसारी ने कहा कि उक्त सड़क काफी खराब हो गयी थी। इसके बन जाने से लोगों को आने जाने में काफी सुविधा होगी। इस मौके पर अलीम अंसारी,अनवर आलम, मो. जाहीद ,सरवर आलम, अमिरूदीन अंसारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### आयोजन | डंडीला खुर्द में जिलास्तरीय डे -नाईट वालीबॉल टूर्नामेंट का आगाज

## युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में भी अपार संभावनायें

नवीन मेल संवाददाता



**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में शुक्रवार की देर शाम जिलास्तरीय डे -नाईट वालीबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो.नंदलाल शुक्ला और संचालन पंडित विजय कांत शुक्ला ने किया। मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवा प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें संसाधन और उचित प्लेटफार्म देकर मुकाम तक पहुंचाने की। उन्होंने उम्मीद जतायी कि टूर्नामेंट से स्थानीय खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिलेगा। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि संसाधनों की कमी कभी आड़े नहीं आने दी जायेगी। उद्घाटन मैच डालटनगंज बनाम मझिआंव - गढ़वा के बीच खेला गया। जिसमें डालटनगंज की टीम ने मझिआंव टीम को तीन - दो से पराजित किया। दूसरा मैच मेराल और डिहरिया के बीच खेला गया। जिसमे डिहरिया ने एकतरफा मुकाबले में मेराल को दो-शून्य से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, मुखिया रवि शंकर चौबे, मनीष कुमार, ज्वाला गुप्ता, राजेश शुक्ला, राजेश मार्शल, दिनेश कुमार, भूषण शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, आलोक शुक्ला, श्यामलाल शुक्ला,मार्कण्डेय चौबे, दिनेश शुक्ला, मिथिलेश चौबे, सिद्धांत दुबे, आयुष शुक्ला, पियूष शुक्ला, पृथ्वीराज शुक्ला, मृत्युंजय दुबे पप्पू, दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### नाम जप के साथ श्रीसीताराम विवाहोत्सव का आगाज

**हुसैनाबाद।** झारखंड- बिहार के सीमवर्ती क्षेत्र में चर्चित गजनाधम परिसर में 45 वां श्रीसीताराम विवाह उत्सव-2024 को लेकर श्रीसीताराम नाम जप यज्ञ की शुरूआत हुई। धाम के महंत श्रीश्री अवध बिहारी दास के नेतृत्व में श्रीसीताराम विवाह उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस नाम जप की शुरूआत परिकर चन्दीप सिंह शरण ने नाम धुनी से की। उन्होंने नाम जप यज्ञ की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से सुख शांति मिलती है। महंत श्री दास ने कहा कि समीपवर्ती दर्जनों गांवों के सहयोग से यह आयोजन होते रहा है। इसमें सबकी सहभागिता जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह नाम जप 24 मार्च तक चलेगा। 26 मार्च को होली मिलन समारोह होगा। जबकि अयोध्या विवहुति भवन के महाराज जी के नेतृत्व में विवाह उत्सव 27 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा।

## मुखिया ने पांच योजनाओं का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज।** प्रखंड के खड़गपुर पंचायत में मुखिया काजल कुमारी ने शनिवार को बटाने नदी पुल पर पंचायत गेट निर्माण, राम प्रभु मेहता के घर से खड़गपुर दुर्गा स्थान तक नाली निर्माण, परसडीह देवी स्थान से पप्पू यादव के घर तक नाली निर्माण, खड़गपुर में सोहराई राम के घर से सज्जन भुईयां के घर तक नाली निर्माण, परीक्षा सिंह के घर से सोनू राम के घर तक नाली निर्माण, भांवर गांव में भदई पुल के पास चबूतरा निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। शिलान्यास के साथ ही योजनाओं का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस संबंध में मुखिया ने बताया कि 15वीं वित्त योजना से कार्य किया जा रहा है। साथ ही कहा कि पंचायत फंड से आगे भी कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया जाना है। मुखिया ने कहा कि पंचायत के सभी गांवों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र मेहता,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, अमर सिंह, टंटू मिश्रा, विजय, बबलू, रामध्यान बौद्ध, हरेंद्र, ब्रजकिशोर, नरेंद्र, जगदीश उपस्थित थे।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से समाज के सभी जरूरतमंद व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निःशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराये जा रहें है। कोई भी आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकता है।

**शशि आलोक सिन्हा, पैनल अधिवक्ता।**

## भू-विवाद में मारपीट, युवक घायल



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर मोहल्ला निवासी जुल्फेकार अली उर्फ भुट्टो उम्र 35 वर्ष को शनिवार की सुबह परिजनों ने जमीनी विवाद में टांगी और लाठी-डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने बताया कि शनिवार की सुबह वह अपने पिता खलील हजाम से जमीन बिक्री का हिस्सा मांगने गया था। इसी बीच पिता से उसकी बहस हो गई। इस दौरान पिता खलील और छोटू हजाम ने उनपरा टांगी और लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद उनकी स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर चैनपुर पुलिस छानबीन में जुट गयी है।

### शहर व टीओपी-टू थाना की पुलिस ने चलाया अभियान

## अवैध शराब के विरूद्ध अभियान तेज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोस चुनाव व होली पर्व के मद्देनजर पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के आदेश पर पुलिस द्वारा शहर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार की दोपहर गुप्त सूचना के आधार पर टीओपी-टू प्रभारी इंद्रदेव पासवान ने टाइगर मोबाइल के जवान सुबिन्द कुमार,हवलदार रमेश प्रसाद के द्वारा रेड़मा कचरवा डैम के आसपास के इलाके में अवैध शराब के खिलाफ सघन छापेमारी की। इस दौरान बरामद शराब को जवानों द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया। वहीं पुलिस को देख कर शराब तस्कर घटनास्थल से भाग निकला। इसी क्रम में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के निर्देश पर शहर थाना की पुलिस ने हॉस्पिटल चौक स्थित डोमटोली से शुक्रवार की रात छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया। मौके पर टाइगर मोबाइल के जवान रोहित कुमार, राकेश कुमार सिंह, इसरार खान, विनोद यादव, सहायक पुलिस के जवान प्रफुल्ल कुमार सिंह मौजूद थे।




सड़क दुर्घटनाओं में रोज लोगों की जान जा रही है। इसके बाद भी बेखौफ होकर आवागमन जारी है। (छाया- आनंद कुमार)

## एक नजर

### नये ट्रैफिक प्रभारी बने समाल अहमद

**मेदिनीनगर।** जिले के ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के जमशेदपुर स्थानांतरित होने के बाद पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने शहर थाना में तैनात एएसआई समाल अहमद को ट्रैफिक का प्रभार सौंपा है। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री अहमद ने कहा कि मेदिनीनगर को जाम मुक्त कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन कराने और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए वह विशेष अभियान चलाएंगे। इसके अतिरिक्त सुरक्षित वाहन चालन के प्रति जागरूकता के लिये लगातार अभियान पर जोर दिया जायेगा। उन्होंने सभी दो-पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने की नसीहत दी।

### सड़क दुर्घटना में सगे भाई घायल, एक गंभीर

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम गुरहा गांव निवासी जफर खान उम्र 35 वर्ष और उसका छोटा भाई परवेज खान उम्र 15 वर्ष सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जफर ने बताया कि शनिवार की सुबह दोनों भाई बाइक से मेदिनीनगर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में अनियंत्रित होकर दोनों बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों को इलाज के लिए तरहसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक जफर की स्थिति गंभीर बनी हुई थी।

### अखिल झारखण्ड छात्र संघ ने कुलपति को भेजा पत्रक



**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में स्थायी प्राचार्य की मांग को लेकर अखिल झारखण्ड छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता हिमांशु रंजन ने कहा की छ : माह पूर्व से जनता शिवरात्रि महाविद्यालय प्रभार पर चल रहा है। इससे जहां विद्यार्थियों का पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। वहीं छात्र हित में आवश्यक कार्य भी निष्पादित नहीं हो पा रहे हैं। स्थिति यह है कि महाविद्यालय में शौचालय से लेकर पानी तक की व्यवस्था सही नहीं है। जिला सचिव विपिन शुक्ला ने कहा की प्रभारी प्राचार्य को जल्द पदमुक्त करते हुए स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति की जाये। जिससे कालेज में पठन-पाठन सुचारू हो सके। मौके पर विकास उपाध्याय, आयुष दुबे मौजूद थे ।

### चुनाव को ले एफएसटी,एसएसटी,वीएसटी व वीवीटी का प्रशिक्षण

## सजग और सचेत होकर करें अपना-अपना कार्य : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी वीवीटी और डीएलबीसी का जिला स्तरीय प्रशिक्षणआयोजित किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी एफएसटी/एसएसटी के सदस्यों को ईएसएमएस ऐप अवश्य डॉउनलोड करने के निर्देश दिये।' उन्होंने कहा कि इस ऐप के ही माध्यम से चेकिंग की कार्रवाई की जानी है।चेकिंग के दौरान जिस विभाग से कार्रवाई होनी है, उस संबंधित विभाग के अधिकारी को अवगत कराएं।



विभागीय टीम आने के उपरान्त ही कार्रवाई पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा शस्त्र, शराब, रुपए तथा अन्य वितरण किए जाने वाली वस्तुओं के पकड़े जाने पर तत्काल टीमें प्रभावी कार्रवाई करेंगी, किसी स्थान पर जनता को प्रलोभन में लेना व जनता को धमकाने वाली शिकायत पर टीमें तत्काल पहुंच कर अगला कार्रवाई करेंगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान समस्त एसएसटी टीम चेकपोस्ट बनाकर चेकिंग का कार्य करेंगी और एफएसटी टीम अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए किसी राजनीतिक दलों द्वारा जनता को प्रलोभन व धमकाने की घटना पर प्रभावी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगी। इस दौरान एफएसटी टीम को व्यय लेखा नियंत्रण के तहत की जाने वाली कार्रवाई के अतिरिक्त आदर्श आचार संहिता के मामले पर भी कैसे नियंत्रण रखना है इस विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। वहीं सी विजिल एप के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में छतरपुर एसडीएम हीरा कुमार व सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी संबंधितों को उनके कार्यों से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

> **इस ऐप के ही माध्यम से चेकिंग की कार्रवाई की जानी है। चेकिंग के दौरान जिस विभाग से कार्रवाई होनी है, उस संबंधित विभाग के अधिकारी को अवगत कराएं : जिला निर्वाचन पदाधिकारी**

### शांति पूर्वक संपन्न हुआ पलामू बार एसोसिएशन चुनाव का पुनर्मतदान

## 550 मतदाताओं में 516 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बार एसोसिएशन चुनाव का पुनर्मतदान शनिवार को शांति पूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव समिति के सदस्य शशि भूषण दुबे ने बताया कि निर्धारित समय तक 550 अधिवक्ता मतदाताओं में से 516 ने अपने मतदान का प्रयोग किया। झारखंड स्टेट बार काउंसिल द्वारा भेजे गये पयर्वेक्षक बीपी सिंह व एमके श्रीवास्तव सहित चुनाव समिति के सदस्य अधिवक्ता राजेंद्र तिवारी व शौकत अली की उपस्थिति में सुबह 10 बजे मतदान शुरू हुआ। बारी-बारी से अधिवक्ताओं ने दो बूथों के माध्यम से मतदान किया। इसी के साथ अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित 16 पदों के लिये चुनाव मैदान में उतरे 50 उम्मीदवारों का भाग्य मतपेटी में कैद हो गया। मतगणना रविवार सुबह आठ बजे से शुरू किया जायेगा। इसी दिन शाम को परिणामों की भी घोषणा कर दी जायेगी।



## कार्यकर्ताओं को सांसद ने दिया जीत का मंत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** भाजपा के पलामू लोस प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने सतबरवा प्रखंड अंतर्गत पडने वाला चार पंचायतों के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उन्हें चुनाव जीतने का मंत्र दिया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा अजजा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने किया। सांसद श्री राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ पलामू लोकसभा सभा क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींच दी गयी है। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ता पहले मतदान करेंगे, फिर जलपान करेंगे। महिलाओं का मतदान प्रतिशत ज्यादा हो। इसके लिये हर बूथ पर भाजपा कार्यकर्ता मजबूती के साथ खड़े रहेंगे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा,मोहन जोशी, आशीष कुमार सिन्हा, विजय पाठक, सुमंत चौधरी, रवि प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद उपस्थित थे।

### पुलिस कर्मी को दी गयी विदाई



**मेदिनीनगर।** कई वर्षों से ट्रैफिक में योगदान देने के बाद जगमोहन बांद्रा को पुलिस विभाग ने प्रमोशन के बाद धनबाद जिला स्थानांतरित कर दिया है। कुछ दिन पहले जगमोहन को सदर थाना भेजा गया था। वहीं से शनिवार को सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने उन्हें मिठाई खिलाकर नये कार्यस्थल के लिये विदा किया। मौके पर सदर थाना के मुंशी अनंत

### स्थापना उप समाहर्त्ता की कार्यप्रणाली पर जताया रोष , कार्रवाई की मांग

## ट्रांसफर -पोस्टिंग में मनमानी से भड़के लिपिक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) जिला इकाई पलामू की बैठक में स्थापना उप समाहर्त्ता-सह-प्रभारी उप समाहर्ता, जिला सामान्य शाखा रश्मि रंजन के कथित कार्यकलापों के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। कहा गया कि हाल के दिनों में हुई लिपिकों के स्थानान्तरण पदस्थापन में उनके द्वारा उपायुक्त के समक्ष गलत तथ्यों को रखकर कुछ लोगों का स्थानान्तरण करा दिया गया है। तीन वैसे प्रधान लिपिक, जिनकी प्रोन्नत्ति के बाद पदस्थापन हुए मात्र नौ माह ही हुए थे। उनका भी तीन साल से अधिक बताकर स्थानान्तरण करा दिया गया है। कर्मचारियों ने कहा कि कुछ लिपिकों का इधर से उधर अनावश्यक प्रतिनियुक्ति करा दिये जाने से न सिर्फ जिला प्रशासन की छवि धूमिल हुई है, बल्कि संबंधित समाहरणालय लिपिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक कि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष-सह-राज्य उपाध्यक्ष रंजय कुमार सिंह ने की। बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिला सामान्य शाखा का प्रभारी पदाधिकारी द्वारा मनमाने तरीके से कार्य किया जा रहा है। जिला सामान्य शाखा के प्रधान लिपिक राजकिशोर सिंह का स्थानांतरण इसका प्रमाण है। यदि ससमय जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है तो संगठन द्वारा स्थापना उप समाहर्त्ता-सह-प्रभारी उप समाहर्त्ता, जिला सामान्य शाखा के द्वारा मनमाने तरीके से किये जा रहे कार्यों को उजागर करते हुए सरकार से इनके विरूद्ध आवश्यक अनुशासनिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया जायेगा। बैठक में संघ के जिला सचिव संजय कुमार समेत कई लिपिक उपस्थित थे।



### होली के मद्देनजर रेहला व चैनपुर थाने में शांति समिति की बैठक ,बनी रणनीति

## सौहार्द का प्रतीक है रंगों का पर्व होली, शांति से मनायें

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** होली सौहार्द का प्रतीक है। इसे मिलजुलकर शांति के साथ मनायें। होली, रमजान व ईद पर्व के मद्देनजर जिले के रेहला थाना परिसर में शनिवार को आयोजित शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे विश्रामपुर प्रखंड के बीडीओ चेदेश्वर प्रसाद ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि शांति पूर्वक पर्व मनाने से खुशियां दोगुनी हो जाती हैं। थाना प्रभारी संतोष कुमार दास ने कहा कि होली व रमजान के मद्देनजर शांति व्यवस्था का मुकम्मल प्रबंध किया जायेगा। रंग में भंग डालने वालों पर पुलिस कड़ी नजर रखेगी। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी डा. वीपी शुक्ला ने किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, डा. डीपी शुक्ला, फिरोज खान, नजबुद्दीन नूरी, ज्वाला प्रसाद गुप्ता, रास बिहारी तिवारी आदि मौजूद रहे।

> **थाना प्रभारी संतोष कुमार दास ने कहा कि होली व रमजान के मद्देनजर शांति व्यवस्था का मुकम्मल प्रबंध किया जायेगा। रंग में भंग डालने वालों पर पुलिस कड़ी नजर रखेगी।**

### आपसी प्रेम का पर्व है होली

**चैनपुर।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने की । बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि होली भाईचारा और आपसी प्रेम का त्यौहार है,इसे मिलजुल कर आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि रंगों के त्योहार को शांति पूर्वक समपन्न कराने के लिये प्रशासन पूरी तरह तैयार है। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के साथ सख्ती से निपटा जायेगा। प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने सभी को सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने के लिये प्रेरित किया। पूर्व जिप सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलु ने कहा कि होली में रंग भी प्यार के साथ लगाएं। किसी के साथ जबरदस्ती ना करें। सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि सोशल मीडिया पर ध्यान रखना जरूरी है। किसी भी तरह का वीडियो पोस्ट करने से पहले किसी की भावना को आहत न हो यह भी ध्यान देना होगा। मुखिया विकास कुमार चौरसिया ने कहा कि होली एकता और सद्भाव का त्यौहार है। सभी इसे मिलजुल कर मनायें। बैठक में अवर निरीक्षक सीपी सिन्हा, मुखिया दीनानाथ मांझी, नंदू सिंह, रविंद्र कुमार चौधरी, अनिल पांडे, राहुल गुप्ता, व्यास राम चौरसिया, युसूफ अंसारी ,अवध प्रसाद, मनोज पांडे, शैलेंद्र सिंह, अजमल खान भुट्टो, महेंद्र चौरसिया आदि मौजूद थे।



## शांति निकेतन के सात बच्चे सैनिक स्कूल के लिए चयनित

### उत्साहवर्द्धन करते हुये निदेशक ने की उज्जवल भविष्य की कामना

**मेदिनीनगर।** सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये स्थानीय एसपी कोठी रोड स्थित शांति निकेतन रेजिडेंशियल स्कूल के सात बच्चों ने चयनित होने में सफलता प्राप्त की है। इससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों के साथ अभिभावकों में हर्ष व्याप्त है। स्कूल के निदेशक सुमंत सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में विद्यालय के शिवम कुमार यादव, कृष्ण कुमार,अभय कुमार गुप्ता, शिवम कुमार, अभिनव कुमार सिंह, नैतिक सिंह एवं आयुष रंजन सफल रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय छात्रों के अथक परिश्रम व अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन को देते हुये उन्होंने कहा कि इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने सफल छात्रों का उत्साहवर्द्धन करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री सिंह ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक बच्चों का सैनिक स्कूल व नेतरहाट विद्यालय में प्रवेश हो सके।



### व्यवस्था

### परिवहन विभाग के उप सचिव ने जारी की अधिसूचना, सीट के हिसाब से दरों का निर्धारण

## लोस चुनाव के लिये अधिग्रहित वाहनों का दर निर्धारित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** परिवहन विभाग ने लोस चुनाव के लिये अधिग्रहित होने वाले वाहनों का किराया दर तय कर दिया है। लोकसभा चुनाव के लिए पलामू जिले में छोटे-बड़े मिलाकर 700 वाहनों का अधिग्रहण किया जाना है। इसके किराया दर के लिये परिवहन विभाग के उप सचिव मनोज कुमार ने अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना झारखंड के 24 जिलों के लिये है। इसके तहत परिवहन विभाग ने बसों के सीट के हिसाब से रेट तय किया है। यह रेट प्रतिदिन के हिसाब से है। अधिसूचना के अनुसार 49 सीटर बसों के लिये प्रत्येक दिन रु. 3530 की दर से किराया अदा करना होगा। जबकि 33 से 48 सीट वाले बसों का प्रतिदिन अधिग्रहण रेट रु.2980 होगा। इसी प्रकार 23 से 32 सीट वाले बस के लिये रु. 2590 एवं 14 से 22 सीट वाली बसों के लिए प्रतिदिन अधिग्रहण का रेट रु. 1800 अधिसूचित किया गया है। दूसरी तरफ विभिन्न प्रकार के मिनी बसों के लिये रु. 800 से 1400, टेंपो व आटो रिक्शा का रु. 620, बाइक का रु. 250 एवं सायकिल का अधिग्रहण दर रु. 50 प्रति दिन निर्धारित किया गया है।

### अधिग्रहण की तिथि से देय होगा किराया

चुनाव की घोषणा होने के बाद जिला प्रशासन अपनी आवश्यकतानुसार वाहनों का अधिग्रहण करेगा। जिस दिन से वाहन अधिगृहित किये जायेंगे। किराया दर उसी दिन से देय होगा।

### चालक-परिचालक से हो मानवीय व्यवहार

जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन वरीय सदस्य सत्येंद्र कुमार सिंह ने प्रशासन से आग्रह किया है कि चुनाव कार्य के लिये अधिगृहित वाहनों के चालकों व परिचालकों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाये। आवश्यकतानुसार उन्हें समुचित जानकारी उपलब्ध करायी जाये। चुनाव कार्य में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन हर स्तर पर सहयोग करेगा। वाहन संचालकों को भुगतान ससमय कराया जाये।

### बीसफुटा पुल के समीप रेलवे ट्रैक पर मिले शव की हुई पहचान

## पारिवारिक विवाद में महिला ने की थी आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बीसफुटा पुल के समीप रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की शाम मिले अज्ञात महिला के शव की पहचान कर ली गई है। मृतका की पहचान शहर थाना क्षेत्र के हाउसिंग कालोनी सत्संग मंदिर निवासी मृत्युंजय मेहता की पत्नी पूर्णिमा देवी उम्र 35 वर्ष के रूप में की गयी है। विदित हो कि शुक्रवार की शाम शहर थाना क्षेत्र के बीसफुटा पुल के समीप ट्रेन के आगे आकर 35 वर्षीय महिला ने आत्महत्या कर ली थी। शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस शव की शिनाख्तगी के प्रयास में गंभीरता पूर्वक जुटी थी। काफी प्रयास के बाद मृतका के परिजनों का पता चला। शहर थाना की पुलिस द्वारा परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में पता चला कि घरेलू विवाद में महिला ने आत्महत्या की है।



> **मृतका की पहचान शहर थाना क्षेत्र के हाउसिंग कालोनी सत्संग मंदिर निवासी मृत्युंजय मेहता की पत्नी पूर्णिमा देवी उम्र 35 वर्ष के रूप में की गयी है।**

## एक नजर

### कांशीराम की जयंती पर किया नमन

मेराल। सामाजिक परिवर्तन केन्द्र द्वारा सामाजिक परिवर्तन के महानायक कांशीराम की 90वीं जयंती शनिवार को संस्था के अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम के नेतृत्व में मनायी गयी। इस कार्यक्रम में 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव सुनीता देवी ने कांशीराम और बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं प्रतिमा पर मल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित गढ़वा व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार ने प्रतिभागियों को सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में जगरूक होने की अपील की। शिक्षक सह समाजसेवी रघुराई राम ने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। जातिवाद के साथ शोषण एवं भेदभाव हावी है। इन सबसे बचने के लिये अपने अन्दर नेतृत्व क्षमता का विकास जरूरी है। मौके पर नन्दा पासवान, ऊषा देवी, ममता देवी, मोती राम, दिलीप कुमार, विद्यार्थी कुमार, चंद्रिका सिंह, अनुज कुमार सिंह, शिवशंकर राम, उमाशंकर राम, हरि राम, भोला राम, राजेन्द्र राम मौजूद थे।

### अवैध बालू लदा ट्रक पकड़ाया

रमना। क्षेत्र में चल रहे अवैध बालू कारोबार की सूचना पर शनिवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर रमना थाना प्रभारी अशफाक आलम के नेतृत्व में पुलिस ने चुन्दी घाटी के पास अवैध बालू परिवहन कर रहे ट्रक को धर दबोचा। थाना प्रभारी असफाक आलम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गयी है। पुलिस टीम को देखते हुये चालक वाहन खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए डीएमओ को सूचित किया है।

### सड़क हादसे में छात्र गंभीर




गढ़वा। नगर ऊंटारी मार्ग पर शनिवार को ट्रक एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान डंडई थाना क्षेत्र के करके गांव निवासी विनोद राम के पुत्र अभय कुमार रवि के रूप में हुयी है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अभय मोटरसाइकिल से गढ़वा परीक्षा देने गया था। वापस लौटने के क्रम में अकलवानी मोड के पास

# अंकुश व रोहित का नेशनल चैंपियनशिप में चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** बिहार के मोतिहारी जिले में 16 मार्च से आयोजित 33वीं सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप बालक कबड्डी प्रतियोगिता में सहभाग के लिये झारखंड टीम में गढ़वा जिले के दो अंकुश कुमार एवं रोहित कुमार चौधरी का चयन हुआ है ।गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास सोदेशी ने बताया कि कोच अजय कुमार गुप्ता के प्रयास के फलस्वरुप जिले के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों को बधाई देने वाले में से जिला कबड्डी संघ के सचिव राजू उरांव, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहार, जिला कोऑर्डिनेटर निधि उपाध्याय शामिल हैं।

# मुखिया ने पीसीसी सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के ताली गांव में शनिवार को मुखिया मुंगा साह ने पीसीसी सड़क का शिलान्यास पूजा-अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर किया। उक्त सड़क पंद्रहवें वित्त से रु. 2.50 लाख की लागत से चांदनी चौक स्कूल से मुख्य पथ तक बनेगी। इससे पूर्व ग्रामीणों ने मुखिया मुंगा साह और बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। मुखिया ने कहा कि इस सड़क के बनने से चांदनी चौक टोला के ग्रामीणों को आवागमन करने में सहूलियत होगी। मुखिया ने कहा कि पंचायत की हर कच्ची सड़क को धीरे-धीरे पक्कीकरण किया जायेगा। इस मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, मणिलाल गुप्ता, सुनील कुमार, हीरामन साह, सत्येन्द्र साह, गुलाबचंद साह, सुखाड़ी साह, शम्भू साह, रामलाल राम, मणिलाल गुप्ता,अरविंद कुमार, छोटू गुप्ता ,राजेश विश्वकर्मा, सुनील चौबे,नरेश साह मौजूद थे।



# पंचायत सहायक ने कार्य पर लौटने का दिया आवेदन



केतार। प्रदेश कैबिनेट की बैठक में पंचायत स्वयं सेवकों का नाम बदलकर पंचायत सहायक करने एवं उन्हें रु.2500 मानदेय की स्वीकृति पर मोहर लगाने के बाद गुरुवार को पंचायत सहायक संघ ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अनूप कुमार को हड़ताल से कार्य पर वापस आने का आवेदन दिया । पंचायत सहायकों में हर्ष का माहौल देखा गया। विदित हो कि जुलाई 2023 से अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर पंचायत स्वयं सेवक धरना- प्रदर्शन कर रहे थे। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष राज किशोर सिंह,सचिव रामाशंकर प्रसाद,कुंदन प्रसाद,रविकांत चंद्रवंशी, सुनील कुमार,प्रदीप विश्वकर्मा, मणि यादव, सुमंती देवी,प्रियंका कुमारी, रवि कुमार, कमलेश कुमार प्रजापति उपस्थित थे।

### शोभा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, जयघोष से वातावरण भक्तिमय

# कलश यात्रा के साथ श्रीविष्णु महोत्सव का आगाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** प्रखंड के पोखरा चौक स्थित प्रसिद्ध शेषशैय्या भगवान श्रीविष्णु मंदिर के 17वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम शनिवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने पूजा-अर्चना कर शोभा यात्रा के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से चलकर लाल चौक होते हुए मेन रोड विशुनपुरा का भ्रमण करते हुये थाना के समीप बांकी नदी तट पर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में नदी का पवित्र जल भरा गया। उसके बाद अपर बाजार, गांधी चौक, पुराना बाजार स्थित शिव स्थान पर विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। कलश यात्रा सह शोभा यात्रा में आसपास के विभिन्न गांवों से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ढोल-नगाड़े के साथ निकली शोभायात्रा में भक्तों द्वारा लगाये जा रहे जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो गया। वातावरण श्रीमन् नारायण के घोष से गुंजायमान हो उठा। मंदिर में कलश स्थापना का कार्य प्रभाकर धर दुबे द्वारा सम्पन्न कराया गया। मौके पर विष्णु मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष ललन प्रसाद गुप्ता, उपसचिव प्रभु राम, प्रवक्ता अजय प्रसाद यादव, गौरीशंकर गुप्ता, भोलानाथ साहू,ओमप्रकाश गुप्ता, कृष्णा ठाकुर,संजय चन्द्रवंशी,छुनु ठाकुर आदि मौजूद रहे। रात्रि में प्रतिदिन नौ बजे से कथावाचक नीलम शास्त्री के द्वारा प्रवचन किया जा रहा है।

**वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में नदी का पवित्र जल भरा गया। उसके बाद अपर बाजार, गांधी चौक, पुराना बाजार स्थित शिव स्थान पर विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। कलश यात्रा सह शोभा यात्रा में आसपास के विभिन्न गांवों से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।**

### पानी के छिड़काव के साथ पुष्प वर्षा



तीखी धूप को देखते हुये श्रद्धालुओं के राहत के लिये रास्ते में जहां पानी का छिड़काव किया गया। वहीं भक्तों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। जगह-जगह खड़े होकर नागरिकों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया।

# लोहे का स्क्रैप लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी के पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने शुक्रवार की रात लोहे का स्क्रैप लदे ट्रक को जब्त कर नगर ऊंटारी थाना को सौंप दिया है। उक्त ट्रक भवनाथपुर स्थित परमानंद गुप्ता उर्फ मल्लू साव के दुकान से लोहे का स्क्रैप लेकर यूपी जा रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस इंस्पेक्टर को भवनाथपुर से अवैध लोहे का स्क्रैप लेकर यूपी ले जाने की सूचना मिली थी। इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा महदेईया में आकृति होटल के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान लोहे का स्क्रैप लदे ट्रक को पकड़ा गया। पुलिस को देख ट्रक चालक भागने लगा। जिसे खदेड़ कर जवानों ने पकड़ लिया । पूछताछ के दौरान चालक लोहे के स्क्रैप से संबंधित कोई भी वैध कागज नहीं दिखा सका। चालक ने बताया कि वह लोहे का स्क्रैप नगर ऊंटारी के व्यवसायी सुनील कुमार की मदद से भवनाथपुर स्थित परमानंद गुप्ता उर्फ मल्लु साव के स्क्रैप दुकान से लेकर यूपी जा रहे थे। ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया एवं मामला दर्ज कर चालक अनिल कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। चालक यूपी के कन्नौज का रहने वाला है। चेकिंग अभियान में इंस्पेक्टर के साथ पुअनि दिलीप कुमार एवं पुलिस बल मौजूद थे।

# पंचायत सहायक कर्मियों ने दिया योगदान पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** पंचायत सचिवालय सहायक संघ के सदस्यों ने शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो को हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम एवं तमाम विधायक एवं मंत्रियों के प्रति आभार प्रकट किया । सहायक कर्मियों ने 12 मार्च के कैबिनेट में पंचायत सहायक का दर्जा देने तथा रु.2500 प्रत्येक महीने मानदेय दिए जाने की घोषणा की सराहना की। संघ के अध्यक्ष विवेकानंद चौबे ने बताया कि मांगों को लेकर राज्य के पंचायत स्वयंसेवक कर्मी 253 दिन से हड़ताल पर थे। मांग पूरा होते ही अब काम पर लौट गए है और सरकार के द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं में अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। योगदान पर लौटे पंचायत सहायक कर्मियों को बीडीओ श्री महतो ने शुभकामना देते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं में पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद ने कहा कि सरकार जो वादा करती है वह पूरा करती है। मौके पर भरत कुमार, रूपेश कुमार, परमेश्वर चौधरी, चिंता गौतम, विनीत गौतम, विंदा गौतम, राजू साव, तरुण कुमार चौबे, विकास पाठक, अमित कुमार उपस्थित थे।



### डीसी व एसपी ने भयमुक्त वातावरण में निर्भीक होकर मतदान का किया आह्वान

# लोकसभा आम चुनाव- 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत वार्ता कर सभी को भयमुक्त वातावरण में निर्भीक होकर मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा पलामू लोकसभा में अधिसूचना की तिथि 18 अप्रैल, नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल , नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि 26 अप्रैल , नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल एवं मतदान की तिथि 13 मई निर्धारित किया गया है। मतगणना चार जून को किया जायेगा। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे एवं 72 घंटे के भीतर किए जाने वाले आवश्यक कार्रवाई किये जाने संबंधी जानकारी दी गई। इसके तहत सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित बैनर, पोस्टर आदि हटाने संबंधी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 क्रियाशील हो गया है। डिस्पैच सेंटर के रूप में 80 गढ़वा एवं 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा जबकि 76 डालटनगंज एवं 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय डालटनगंज को तैयार किया गया है। सभी के लिए रिसीविंग सेंटर कृषि उत्पादन बाजार समिति पलामू को बताया गया।

**फ्लाइंग स्क्वायड की टीम सक्रिय**

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने कहा कि भयमुक्त वातावरण में मतदान कराने हेतु पुलिस प्रतिबद्ध है। आवश्यकता अनुसार एवं निर्धारित गाईडलाइन के अनुसार सभी क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया जायेगा। सीआरपीएफ की सहायता से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी स्वच्छ वातावरण में मतदान सुनिश्चित कराएंगे। फ्लाइंग स्क्वायड टीम भी पूरी तरह से सक्रिय भूमिका में आ गई है। जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। साथ ही जिले से सटे इंटर स्टेट बॉर्डर खरौंधी, नगर ऊंटारी, बड़गड़, गोदरमाना, हरिहरपुर समेत अन्य स्थानों पर चेक पोस्ट लगाया गया है।

### प्रत्येक गांव व टोला तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता : मंत्री

# छह करोड़ 24 लाख की लागत से होगा दो पुलों का निर्माण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा क्षेत्र के मेराल एवं रंका प्रखंड में छह करोड़ 24 लाख 600 रुपए की लागत से दो पुलों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होते ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मेराल प्रखंड के तीसर टेटुका पंचायत में अमरवा दामर मध्य विद्यालय मुख्य पथ से दतवनिया मदरसा पथ में भौराहा नदी पर तीन करोड़ 17 लाख 49 हजार रुपए की लागत से तथा रंका प्रखंड के पंचायत दुधवल में ग्राम बाराडीह और नगरी के बीच कराहिया नदी पर तीन करोड़ छह लाख 51 हजार 600 रुपए की लागत से पुल का निर्माण कार्य किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इन मार्गों पर आवागमन में ग्रामीणों को काफी समस्या हो रही थी। बरसात के मौसम में तो स्थिति और भी बदतर हो जाती थी। लंबे समय से इन क्षेत्रों के ग्रामीण पुल निर्माण की मांग कर रहे थे। इन दो पुलों के निर्माण से दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को अब आवागमन में काफी सुविधा होगी। गढ़वा के सभी गांव, सभी टोला को सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। जबतक ग्रामीण क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होंगी तब तक क्षेत्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता है।

### लाठी से प्रहार कर किया घायल

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत कूपा के मेलावान टोला निवासी रामजन्म प्रसाद यादव को बरवारी दामर के बेलास सिंह ने लाठी से पीट कर घायल कर दिया। उन्हें इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रामजन्म सिंह शनिवार को अपने भैंस का पाल खिलाने भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बरवारी दामर पहुंचे थे। इसी दौरान खूंटे से बंधा बेलास सिंह का भैंस खूंटा तोड़कर भागने लगा। इसी गुस्से में आकर बेलास सिंह ने रामजन्म सिंह के सिर पर लाठी से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित ने भवनाथपुर थाने में आरोपी के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया है।

# आठवीं बोर्ड की परीक्षा में 1273 छात्रों ने दी परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की राज्य स्तरीय आठवीं बोर्ड की परीक्षा खरौंधी प्रखंड स्थित चार परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुयी। दो पालियों में आयोजित परीक्षा में पंजीकृत 1291 छात्र-छात्राओं में 1273 परीक्षार्थी शामिल हुये। जबकि 18 छात्र अनुपस्थित रहे। प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में 423 में 415, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय तोरेलावा में 443 में 438,मध्य विद्यालय अमरोरा में 251 में 247 एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बजरमरवा में 174 में 173 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। पहली पाली में हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत की परीक्षा संपन्न हुई। वहीं दूसरी पाली में गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने में केंद्राधीक्षक मनोज कुमार, दिनेश कुमार ठाकुर,कान्हू रजक,मो. जमालुद्दीन समेत सभी वीक्षकों की भूमिका सराहनीय रही।




# खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए सरकार दे रही बेहतर सुविधा : मंत्री मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड अंतर्गत ग्राम अटौला में चार करोड़ रुपए की लागत से सर्वसुविधा युक्त स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसका निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इस स्टेडियम में बाउंड्री निर्माण के साथ मैदान में मिट्टी कटिंग व फिलिंग कर इसे समतल बनाया जाएगा। इसमें सिलेक्शन-वन घास लगाया जाएगा। स्टेडियम में एक पेवेलियन बिल्डिंग का भी निर्माण कराया जाएगा। जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों के लिए अटैच्ड टॉयलेट के साथ ड्रेसिंग रूम की सुविधा होगी। साथ ही इसमें 100 लोगों के बैठने की कवर्ड रूफ व्यवस्था भी होगी। तीन-तीन सौ क्षमता की दो गैलरी का निर्माण भी किया जाएगा। अब चेचरिया, खोरीडीह एवं अन्य नजदीकी पंचायतों के खिलाड़ियों, बच्चों को न सिर्फ. खेलने की सुविधा मिलेगी बल्कि इस क्षेत्र से अच्छे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का एवं यहां बेहतर मैच देखने का भी अवसर मिलेगा। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य कर रही है। राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान कर सरकार उन्हें आगे बढ़ने का मौका देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चप्पा-चप्पा बनेगा सुंदर एवं आकर्षक

गढ़वा। शहर के टंडवा में 76 लाख की लागत से सुंदर एवं आकर्षक पार्क का निर्माण किया जाएगा। सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इस पार्क का निर्माण टंडवा वासियों के लिये एक शानदार तोहफा है। टंडवा में दानरो नदी तट के समीप 50 डिस्मिल भूमि में पार्क का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस पार्क में बच्चों के लिए खेलने की सुविधा, झूला, टहलने की सुविधा, बैठने के लिए जगह-जगह व्यवस्था, आकर्षक फूल, पौधे, घास, सुंदर एवं आकर्षक लाईटिंग, फूल पौधों की सिंचाई आदि सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध होगी। आने वाले समय गढ़वा का चप्पा-चप्पा सुंदर एवं आकर्षक बनेगा।

### टीबी मरीज को गोद लेना पुनीत कार्य : डॉ.कुलदेव

गढ़वा। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुलदेव चौधरी के द्वारा जिला यक्ष्मा केंद्र गढ़वा में भवनाथपुर के रपुरा गांव के एक एमडीआर टीबी मरीज को गोद लेकर उन्हें फूड बॉस्केट के रूप में अतिरिक्त पोषण खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी गयी। डॉ. चौधरी ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि टीबी के मरीजों में रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी होती है। इसलिए उनके स्वास्थ्य सुधार के लिए अतिरिक्त पोषण तत्व की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में लोगों को इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने की जरूरत है ताकि टीबी मुक्त भारत अभियान सफल हो सके। टीबी मरीज को गोद लेना पुण्य का कार्य है। अभियान का लक्ष्य गढ़वा जिला सहित भारत को टीबी मुक्त करना है। मौके पर डीपीसी यक्ष्मा डॉ. पुरुषेश्वर मिश्र उपस्थित रहीं।

**अन्याय** एआईएमएएम ने कहा बाहरी ठेकेदारों की दबंगई से कराह रही जनता

# बंदूक व लाठी के सहारे जिले में विकास के नाम पर लूट

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढवा।** पूरा जिला आज अपराधियों और दबंगो के कब्जे में है। विकास के नाम पर बंदूक व लाठी के सहारे लूट मची है। बाहरी ठेकेदारों की दबंगई से आम जनता कराह रही है। जब सरकार ही खजाना पर डाका डलवा रही है तो किससे फरियाद किया जाये। उक्त विचार एआईएमएएम के वरिष्ठ नेता डा. एमएन खान ने शनिवार को एक वार्ता के दौरान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बुनियादी मुद्दों और आम अवाम की बात को दरकिनार कर शहर से लेकर गांव तक नाच-गाना कराकर जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। विकास के नाम पर सरकारी पैसे की खुलेआम लूट हो रही है। यूपी, बिहार से एक खास जाति के आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को टेंडर मैनेज कराया जा रहा है। बगैर मुआवजा भुगतान कराये गरीबों की जमीन पर सडक बना दी जा रही है और विरोध करने पर मंत्रीजी के नाम पर डराया जा रहा है। कोरवाडीह महुलिया में बन रही सडक निर्माण में ठेकेदार और बिचौलिये 50 से अधिक मुस्लिम और दलित लोगों की रैयती जमीन पर नक्शे से हटकर रोड बना रहे हैं। विरोध करने पर उलटा केस कर दिया गया। लगमा, करकोमा, डंडई रोड में भी बिना मुआवजा एवं सर्वे के ही घर तोड़े जा रहे हैं। लोगों के मन में इससे गहरा आक्रोश व्याप्त है। मौके पर जिला संरक्षक अब्दुशकुर अंसारी, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला सचिव हाजी नसीरुद्दीन, जिला प्रवक्ता अब्दुर्रहमान अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन रजवी, युवा जिला अध्यक्ष मोजाहीम अंसारी, जिला युवा सचिव अवध किशोर मेहता, रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, रंका प्रखंड महासचिव मोबिन अंसारी, मेराल युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अली उर्फ लालो आदि मौजूद थे।

**बुनियादी मुद्दों और आम अवाम की बात को दरकिनार कर शहर से लेकर गांव तक नाच-गाना कराकर जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है : डॉ एमएन खान**




### चुनाव की घोषणा के साथ राजनीतिक सरगर्मी तेज

डंडई। लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजते ही प्रखंड में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। चुनावी तिथि की घोषणा होने के साथ चौक-चौराहों पर चर्चा-परिचर्चा का दौर शुरू हो गया है। पलामू संसदीय क्षेत्र में 13 मई को चौथे चरण में मतदान होंगे। भाजपा ने तो अपने प्रत्याशी भी घोषित कर दिये हैं। अब सभी को विपक्षी खेमे से उम्मीदवार की घोषणा का बेसब्री से इंतजार है। भाजपा प्रत्याशी ने बकायदा लाव-लश्कर के साथ प्रचार में उतर आये हैं। जबकि प्रत्याशी के बिना अभी गठबंधन के लोग रायशुमारी में ही लगे हैं। बहरहाल उम्मीदवार की घोषणा के बाद ही राजनीतिक परिदृश्य स्पष्ट होगा।

## एक नजर

### विद्युत चोरी मामले में पांच पर प्राथमिकी



**गिद्धौर।** विद्युत विभाग के तत्वाधान में शनिवार को गिद्धौर प्रखंड के इचाक व जरहा गांव में छापामारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में अवैध रूप से विद्युत की चोरी करते हुए पांच लोग पकड़े गए। विद्युत चोरी करने को लेकर कनीय अभियंता तरुण कुमार द्वारा संबंधितों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करते हुए 306291 रुपया का जुर्माना लगाया है। विद्युत चोरी करने वालों में इचाक गांव के संजय सिंह, सिकंदर कुमार सिंह, महावीर पासवान, सुजीत कुमार राणा व जरहा के मनोज यादव व छोटे दांगी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। छापेमारी दल में विजय कुमार, विकास कुमार, संतोष दांगी, महावीर दांगी व ओमकार कुमार शामिल थे।

### जीरो ड्रॉप आउट को लेकर हुई बैठक

**कुंदा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में शनिवार को पिरामल फाउंडेशन की ओर से बैठक की गई। बैठक में पंचायत को कैसे जीरो ड्रॉप आउट पंचायत किया जाए, इस विषय पर मुखिया मनोज साहू ने शिक्षा का महत्व बताया गया तथा अभिभावक को शिक्षा के प्रति जागरूक करने पर चर्चा की गई। वहीं पंचायत सचिव रामजी साव द्वारा भी इसी प्रकार की बातें बताई गईं। इसके साथ ही पिरामल फाउंडेशन के आदित्य राज ने शिक्षा के महत्व, शिक्षा क्यों जरूरी है तथा जीरो ड्रॉप आउट पंचायत बनाने के लिए शिक्षा जागरूकता रैली निकाले जाने की बात कही गई। बताया गया कि ज्ञान का दीप जलाना हैं, तो हर घर में बच्चा पढ़ना हैं इस नारे के साथ जागरूकता रैली निकाली जाए और अपने पंचायत को जीरो ड्रॉप आउट पंचायत बनाया जाए। उपमुखिया, जल सहिया, वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### विधायक ने हिंदू महासभा समिति को किया सम्मानित



**महुआडांड़।** दुर्गा बाड़ी परिसर स्थित मां दुर्गे की प्रतिमा की 15वीं वर्षगांठ को लेकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने विधायक रामचंद्र सिंह ने महुआडांड़ हिंदू महासभा समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इसको लेकर महासभा ने उनका आभार व्यक्त किया है। मौके पर अध्यक्ष मनोज जायसवाल, उपाध्यक्ष शंभु प्रसाद, महामंत्री भानु प्रसाद, बृजमोहन जायसवाल, बजरंग दल के विभाग सह संयोजक सुरज साहू, बिजय जायसवाल, अजय प्रसाद, आनंद नाथ शाह, दिलीप प्रसाद, रमेश जायसवाल, मनोज गुप्ता, प्रशांत सिंह, संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

# गिद्धौर प्रीमियर लीग का हुआ शुभारंभ टाइगर इलेवन ने जीता उद्घाटन मैच



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल मैदान में शनिवार से गिद्धौर प्रिमियर लीग (जीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विजेता व उपविजेता कप अनावरण भी हुआ। उद्घाटन मैच सुपर किंग नयाखाप व टाइगर इलेवन गिद्धौर टीम के बीच खेला गया। इस रोचक मुकाबले में टाइगर इलेवन टीम विजयी रही। उसने अंतिम ओवर में चार विकेट शेष रहते मैच जीत लिया। इससे पहले टॉस हारने के बाद सुपरकिंग ने पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 12 ओवर में 85 रन बनाये। टीम के लिए दीपक ने 10 गेंद में 22 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। टाइगर इलेवन की तरफ से सुमित ने 24 रन के साथ दो विकेट हासिल किये। इस प्रदर्शन के लिये उसे मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। अंपायर की भूमिका में आकिद खान व सचिन कुमार थे। स्कोरर की भूमिका जितेंद्र कुमार भोगता ने निभाई। मौके पर टीम के मालिक नवल कुमार, उपेंद्र कुमार उपमुखिया मंजू देवी, कमिटी के अध्यक्ष प्रेम राणा, सचिव निरंजन दांगी, अखिलेश कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

## राज्य में पहले से बेहतर हो रही सड़कों की स्थिति : बैधनाथ राम

# विधायक ने किया योजनाओं का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
लातेहार के विधायक बैधनाथ राम ने शनिवार को चंदवा प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। राम ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत बोरसीदाग स्थित एनएच 75 मुगलदाहा ब्रिज से भदईटांड़-तुरवा तक और सासंग एनएच 75 से चेटर तक विशेष सड़क मरम्मती कार्य योजना की आधारशिला रखी। दोनों काम पैकेज में मंतशा कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी को आवंटित हुए हैं। राम ने ब्लॉक कॉलोनी में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से बनने वाले बीडीओ, अंचलाधिकारी, पर्यवेक्षीय, तृतीय, चतुर्थवर्गीय, कर्मचारी आवास का भी शिलान्यास किया। यह कार्य आरएस कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी को आवंटित किया गया है।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि दोनों ही सड़कों के बन जाने से ग्रामीणों को सहूलियत होगी। लातेहार विधानसभा की सभी ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ करने का काम किया जा रहा है। क्षेत्र का विकास बेहतर सड़क से ही होकर गुजरता है। राज्य में सड़कों की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। कहा कि नये भवन के निर्माण से प्रखंड से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी और उन्हें यहां रहकर काम करने में सहूलियत होगी। विधायक ने संवेदकों से कार्य के दौरान गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने की भी बात कही। मौके पर झामुमो जिला सचिव शमशुल होदा, बीडीओ चंदन प्रसाद, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, मो मीनू, रमेश तिवारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सह चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव, अंकित पांडेय, मो सरफराज, मो आशु, तनवीर आलम आदि उपस्थित थे।

# निर्भिक होकर मतदान करें वोटर

## डीसी-एसपी ने कलस्टर व बूथों का निरीक्षण कर लोगों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
उपायुक्त गरिमा सिंह व पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन शनिवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे। निर्वाचक निबंध पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद कुमार राम से प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। वहीं प्रखंड कार्यालय भवन का निरीक्षण भी किया। इसके पश्चात टोंटी पंचायत के तीन मतदान केंद्र हेसला स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय मतदान केंद्र संख्या 56 व 57 एवं इटके स्थित उत्क्रमित मध्य विधालय मतदान केंद्र संख्या 59 पहुंचे, जहां उपायुक्त ने मतदाताओं से वार्ता की।

वहीं ने मतदाताओं से कहा कि आप सभी निर्भिक होकर मतदान के दिन मतदान जरूर करें और आसपास के मतदाताओं को मतदान करने को लेकर प्रेरित करें। मतदान करने में किसी भी तरह की कोई परेशानी हो तो स्थानीय पदाधिकारी को तुरंत सुचना दें, कार्रवाई की जायेगी। इसके पश्चात तीनों मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, रैप आदि को दुरुस्त कराने को लेकर बीडीओ को दिशा निर्देश दिए। बाद में पत्रकारों को बताया कि आचार संहिता लगन से पूर्व मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान केंद्रों में समुचित व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पूर्व में उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र होने के कारण लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाने व शतप्रतिशत मतदान करने को लेकर निरीक्षण किया जा रहा है ताकि मतदाता निर्भिक होकर मतदान करें।

वहीं इटके ग्राम के ग्रामीणों ने उत्क्रमित मध्य विधालय इटके के एचएम जीवन धर लकड़ा पर विद्यालय विकास फंड की राशि को बंदरबांट करने एवं 15-20 वर्ष से जमे रहने की शिकायत की। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, एसडीएम कौशल कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, बीडीओ सह सीओ राम, बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशुतोष सत्यम, थाना प्रभारी राजा दिलावर, टोंटी मुखिया शांति देवी, पंसस मो होजैफा आदि मौजूद थे।

### आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करें सभी राजनीतिक दल : बीडीओ



**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन हेतु शनिवार को बीडीओ रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में सभी राजनीति दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इसमें सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी मिंज ने सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता का पालन सख्ती से करने का निर्देश दिया। साथ ही दलों द्वारा लगाए गए पोस्टर बैनर को तत्काल हटाने, सोशल मीडिया में चुनाव संबंधी किसी भी तरह का धार्मिक या भ्रामक प्रचार से बचने का निर्देश दिया। बैठक में अंचलाधिकारी संतोष शुक्ला, माले जिला सचिव बिरजू राम, विधायक प्रतिनिधि व कांग्रेस प्रतिनिधि प्रेमकुमार सिंह पिंटू, राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य प्रसाद यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा अफजाल अंसारी, आरती देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद मौजूद थे।

# चतरा में 20 मई को होगा मतदान आदर्श आचार संहिता हुई लागू



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आगामी लोक सभा आम चुनाव की तारीखों एवं आदर्श आचार संहिता संबंधित प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि 16 मार्च 2024 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव तरीखों की घोषणा कर दी गई है। चतरा लोक सभा क्षेत्र में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। उन्होने बताया सिमरिया, चतरा, मनिका, लातेहार, पांकी इन सभी पांच विधानसभा क्षेत्र चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत आते हैं। 2019 में सिमरिया विस में पुरूष एवं महिला मतदाताओं की कुल संख्या 3,18,715 एवं चतरा में मतदाताओं की कुल संख्या 3,58,065 थे। 2024 में सिमरिया मतदाताओं की कुल संख्या 3,68,706 एवं चतरा में मतदाताओं की कुल संख्या 4,20,223 हो गई है।

इसमें एसएसआर 2024 के तहत अभी तक नए पुरुष एवं महिला मतदाता सिमरिया विधान सभा क्षेत्र में 49991 एवं चतरा विधान सभा क्षेत्र में 62158 कुल 1,12,149 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। वहीं 80 से उपर मतदाताआ सिमरिया में पुरुष एवं महिला 3506 एवं चतरा में पुरूष एवं महिला 3953 कुल 7459 मतदाता 2019 में थे, जो कि वर्ष 2024 में सिमरिया क्षेत्र में 4241 एवं चतरा क्षेत्र में 4283 कुल 8524 मतदाता है। वहीं सिमरिया में 735 एवं चतरा में 330 कुल 1065 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। दिव्यांग मतदाता की संख्या 2019 में सिमरिया में 559 एवं चतरा में 995 कुल 1154 मतदाता थे। वहीं 2024 में सिमरिया में 5387 एवं चतरा में 7092 कुल 12479 मतदाता है। उन्होंने बताया कि चतरा लोक सभा क्षेत्र में कुल बूथ 1899 हैं व पोलिंग स्टेशन लोकेशन कुल 1399 हैं। वैसे मतदाता जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका वो नामांकन की अंतिम तारीख के 10 से पहले तक केवल प्रपत्र-6 (निबंधन) स्वीकार किए जायेंगे। प्रपत्र-7 (विलोपन) प्रपत्र-8 (शुद्धिकरण) अधिसूचना के तारीख से ही बंद कर दिया जायेगा। लोक सभा आम चुनाव-2024 के सफल संचालन हेतु 19 कोषांगों का गठन किया गया है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग प्लान भी तैयार की गई है। फेक न्यूज आदि पर नजर रखने के लिए एक कंट्रोल रूम का भी गठन किया गया है। आदर्श आचार संहिता जिले अंतर्गत सीआरपीसी की धारा 144 प्रभावी है, जो कि चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक अथवा अधिकतम 60 दिनों तक जो भी पहले हो प्रभावी है। किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन के द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग बिना सक्षम पदाधिकारी के पूवार्नुमति के आयोजित नहीं किया जायेगा।

वहीं पूरे जिले में रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग वर्जित रहेगा। किसी भी प्रकार की अनुमति सुविधा पोर्टल के माध्यम से दिया जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी विकास पाण्डेय, डीडीसी पवन कुमार मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी रजवंती कुमारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ सिमरिया सन्नी राज, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ चतरा सुरेंद्र उरांव, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह आदि उपस्थित थे।

# उद्घघाटन नाइट मैच में बेतला की टीम विजयी



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड क्षेत्र के छिपादोहर गांधी मैदान में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शुक्रवार देर शाम को किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि यूथ कांग्रेस स्टेट कॉर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, उप मुखिया दीपा देवी, थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया।

बेतला क्रिकेट क्लब बनाम केचकी क्रिकेट क्लब के बीच उद्घाटन मैच खेला गया, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेतला क्रिकेट क्लब के टीम ने निर्धारित 10 ओवर में चार विकेट खोकर 108 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी केचकी क्रिकेट क्लब की टीम निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट पर 71 रन ही बना पाई। मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीम को मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर आयोजक अंकित कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, कौशल यादव, दीपक कुमार, मुकेश चंद्रवंशी, युवा समाज सेवी पप्पू यादव, कोषाध्यक्ष रितिक कुमार राजा, लकी सिंह, आदर्श कुमार, समीर कुमार, संतोष कुमार, रंजीत ठाकुर, नवीन ठाकुर, सोहेल अंसारी, गोल्डन अंसारी, अनुराग चंद्रवंशी, प्रदीप आदि उपस्थित थे।

# 1.6 केजी अफीम व 0.6 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर किया गिरफ्तार

## अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया**
पुलिस ने 1.6 केजी गाढा तरल अफीम एवं 0.6 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को सिमरिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी ने सिमरिया थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि बजराही मोड एवं लावालौंग थाना क्षेत्र के बेहराबाद एवं करमा पुल के पास कुछ लोगों के द्वारा अवैध अफीम की खरीद बिक्री की जाने वाली है। सूचना के आलोक में मेरे नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा दोनों स्थाना पर बारी-बारी से छापामारी की गई। इसी क्रम में बजराही मोड़ से लावालौंग थाना क्षेत्र सरहचिया निवासी दिवाली गंझु को पकड़ा गया। उसके पास से 1.6 केजीह गाढा तरल अफीम एवं 0.6 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। उसके बाद गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं दूसरी और लाव़ालौंग के बेहराबाद निवासी राजेश गंझु के घर से 4.5 केजी अफीम एवं करमा ग्राम में पुल के पास से मोटरसाइकिल के डिक्की में रखें 1 केजी ठोस अफीम मोटरसाइकिल सहित जब्त किया गया, जबकि तस्कर भागने में सफल रहा। इस संबंध में लावालौंग थाना में कांड संख्या 13/24 दर्ज किया गया है। छापामारी टीम में सिमरिया पुलिस निरीक्षक उमेश राम, सिमरिया थाना प्रभारी चंदन कुमार, लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक नंदलाल कुमार आदि पुलिस कर्मी शामिल थे।

# पांडेयपुरा पीएचसी से प्रसव के लिए भेजा जा रहा है निजी अस्पताल

**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज**
जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पांडेयपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन यहा कार्यरत कर्मचारियों द्वारा मनमाने ढंग से किया जा रहा है। बताते चलें कि वर्षों से बंद पांडेयपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को स्टाफ सुविधा देकर संचालित कर तो दिया गया है, लेकिन यहां आने वाले गरीब मरीजों को सुविधाओं की कमी बता कर और जैसे तैसे मजबूर कर पांडेयपुरा में संचालित हो रहे निजी अस्पताल में भेज दिया जा रहा है। इस बाबत जब अस्पताल के प्रभारी शंकर बिरुआ से बात की गयी तो उन्होंने ने बताया कि यहा से मरीज को हंटरगंज स्वास्थ्य केंद्र के लिए रेफर किया जाता है, लेकिन पांडेयपुरा स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम द्वारा अप्रत्यछ रूप से

### कर्मचारियों द्वारा बताई जा रही है सुविधा की कमी

बहला फुसला कर प्रसव के लिए निजी अस्पतालों में भेजने का कार्य लगातार किया जा रहा है और इस बारे में जब बात की जाती है तो वो अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। कुछ दिन पहले इस मामले को लेकर सिविल सर्जन से जब बात की गई तो उन्होंने खुल कर बोल दिया कि पांडेयपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता और मैं इस बारे में आपको कोई जानकारी नहीं दे सकता, आप हंटरगंज प्रभारी से बात करें। विचारणीय बात ये है कि जिला स्तरीय पदाधिकारी जब इस मामले पर संज्ञान लेने में असमर्थ हैं तो आखिर कैसे सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होगा स्वास्थ्य केंद्र।

**निर्देश** संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर डीसी ने की बैठक

# समन्वय के साथ कदाचार मुक्त संपन्न कराएं परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा 17 मार्च को झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 आयोजित की जायेगी। इसको लेकर शनिवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रमेश घोलप ने बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसे कदाचार मुक्त संपन्न कराएं। सभी समन्वय स्थापित करते हुए काम करें, ताकि परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हो सके। निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सबकी बड़ी जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने सभी पर्यवेक्षक सह दंडाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा के दिन निर्धारित समय से पहले पहुंच परीक्षा को कदाचार मुक्त और सुगमता पूर्वक संचालित कराना सुनिश्चित करें। केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। परीक्षा से जुड़े कोई भी अगर गलत आचरण करते पाया गया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। 17 मार्च को आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर जिले में 32 केंद्र बनाए गए हैं जिनमें कुल 10512 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली में 10 से 12, वहीं दूसरी पाली में 2 से 4 बजे तक परीक्षा ली जाएगी। बताया गया कि परीक्षा को कदाचार मुक्त कराया जा सके, इसके लिए सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गयी है। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# कदाचार मुक्त संपन्न हुई आठवीं बोर्ड की परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
टंडवा प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हो गई। एक दिवसीय आयोजित परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधृत प्रत्येक विषय से 50 अंक के निर्धारित प्रश्न पूछे गये थे। बीडीओ देवलाल उरांव ने बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में कदाचार संबंधित कोई भी मामला सामने नहीं आया है। परीक्षा केंद्रों में निरीक्षण के लिए गठित अधिकारियों की टीम पूरी तरह से मुस्तैद रहे। वहीं परीक्षा समाप्ति के बाद सेंटर से निकलने के बाद छात्र-छात्राओं के चेहरे पर संतोष के भाव दिखाई दिये।

# लोहरदगा जिले में 13 मई को होगा मतदान, आदर्श आचार संहिता लागू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोकसभा निर्वाचन-2024 की तिथियां घोषित कर दी गयी हैं। इसको लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की तिथियां घोषित होते ही आदर्श आचार संहिता सम्पूर्ण क्षेत्र में लागू हो गयी है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए 5 फ्लाइंग स्क्वाड और इतने ही स्टैटिक सर्विलांस टीमें हैं। 65 सेक्टर पदाधिकारी और 65 सेक्टर पुलिस पदाधिकारी हैं। निर्वाचन के लिए प्रतिनियुक्त मतदान संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को पहले चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आधारभूत सुविधा उपलब्ध करायी गयी है, जहां भी कर्मियों की शिकायत आ रही है उनका निष्पादन किया जा रहा है। घोषित तिथियों के अनुसार 18 अप्रैल 2024 को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। उम्मीदवारों द्वारा नामांकन 25 अप्रैल तक भरे जाएंगे। 26 अप्रैल को भरे गए नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। 29 अप्रैल तक नामांकन वापस लेने का समय होगा। 13 मई को सभी 428 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। 4 जून को मतों को गिनती होगी। मौके पर एसपी हारिस बिन जमा, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक आदि उपस्थित थे।

## लोहरदगा में कुल 366112 मतदाता, 428 मतदान केंद्र

लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिले में कुल 428 मतदान केंद्र पड़ते हैं। इनमें 324 मतदान केंद्र भवन, 390 ग्रामीण क्षेत्र तो 38 शहरी क्षेत्र में मतदान केंद्र पड़ते हैं। अगर विधानसभा क्षेत्र के दृष्टिकोण से देखा जाय तो 72-लोहरदगा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 324 मतदान केंद्र व 240 मतदान केंद्र भवन, 38 शहरी क्षेत्र के मतदान केंद्र व 286 ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केंद्र हैं। वहीं 69-विशुनपुर (अंश) क्षेत्र में 104 मतदान केंद्र पड़ते हैं, जिनमें 84 मतदान केंद्र भवन और 104 ग्रामीण क्षेत्र में मतदान केंद्र पड़ते हैं। अगर मतदाता की बात की जाय तो जिले में कुल 3, 66,112 (तीन लाख छियासठ हजार एक सौ बारह) मतदाता हैं। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1,84,320 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,81,792 है। 72-लोहरदगा क्षेत्र में कुल 280773 मतदाता है, जिसमें महिला 141705 व पुरुष 139068 हैं। वहीं 69-विशुनपुर क्षेत्र में कुल 85339 मतदाता हैं, जिसमें महिला 42615 व पुरुष 42724 मतदाता हैं।

## लोकसभा निर्वाचन-2024 से संबंधित सीधा प्रसारण नई दिल्ली से किया गया




**लोहरदगा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 से संबंधित सीधा प्रसारण नई दिल्ली से किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम के सीधा प्रसारण के मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत सभी कोषांगों को वरीय/नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### 650 पदाधिकारियों कर्मियों को मतदान प्रक्रिया की दी ट्रेनिंग



**लोहरदगा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों में से कुल 650 पदाधिकारियो/कर्मियों को मतदान प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण सीएम उत्कृष्ट हिंदू उच्च विद्यालय में दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान के पूर्व की तैयारियों/मतदान की तिथि और मतदान उपरांत किये जाने वाले कार्यों के त्रुटिरहित निष्पादन की जानकारी दी गई। सभी को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई। साथ ही, कहा गया कि निर्वाचन के निष्पादन में सभी पदाधिकारियों/कर्मियों का दायित्व समान है। कहीं भी किसी चरण में एक गलती होने से कई गलतियां होने संभावना रहती है। सभी को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन को अच्छी तरह संपन्न कराना ही मूल उद्देश्य है। मतदान के दिन किसी प्रकार गड़बड़ी नहीं हो इसके लिए प्रशिक्षण अच्छी तरह प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण 19 मार्च तक दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। पहली पाली में प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पाली में प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विद्यालय के प्रथम तल में आयोजित किया जा रहा है।

### छोटानागपुरिया तेली समाज ने मनाया होली मिलन समारोह




**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज का होली मिलन समारोह मनाया गया। इसमें आजसू पार्टी की लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत शामिल हुई। उन्होंने कहा कि तेली समाज के उत्थान के लिए पूर्व विधायक कमल किशोर भगत तत्परता के साथ उपस्थित रहते थे। आप लोगों से अपील और आग्रह करती हूं कि आप भी हमें उतना ही प्यार दें ताकि मैं भी उन्हीं की तरह आप लोगों के बीच में रहकर काम कर सकूं। प्रो. शिवदयाल साहू ने कहा कि आज हमारा समाज स्व. कमल किशोर भगत का ऋणी है। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा कि होली भाईचारे के साथ हम लोगों को मनाना है। हम सभी पुराने गिले शिकवे को भूलकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हैं और होली मनाते हैं। मौके पर जयनाथ साहू, दिलीप कुमार साहू, अशोक साहू, कौशिक राज मेहता, मुन्ना अग्रवाल, आयुष महतो, विजय कुमार साहू, कैलाश कुमार, बजरंग साहब, कृष्णा साहू, मनोज साहू, दीपक साहू नंदकिशोर साहू, रामविलास साहू आदि उपस्थित रहे।

### झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन आज

# जिले में 6168 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 रविवार को होगी। इसकी आवश्यक तैयारियों को लेकर शनिवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सभी प्रतिनियुक्त कार्यपालक दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी व केंद्राधीक्षकों को परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने हेतु विभिन्न निर्देश दिये गये।

बैठक के दौरान इसमें स्ट्रांग रूम से प्रश्न-पत्र व उत्तर पुस्तिका का ससमय उठाव कराने, ससमय परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने, अभ्यर्थियों को ससमय परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराने समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और मार्गदर्शिका का अच्छी तरह अध्ययन करने व इसका अक्षरशः पालन किये जाने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक दंडाधिकारियों को पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। परीक्षा के आयोजन के लिए जिले में कुल 20 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। दोनों पालियों में अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में एक घंटे पहले प्रवेश करना है। जिले में कुल 6168 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत सभी कार्यपालक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।



### परीक्षा केंद्रों से 100 मीटर दूरी तक लागू की गई निषेधाज्ञा

परीक्षा केंद्रों पर विधि-व्यवस्था बनी रहे तथा किसी प्रकार का शोरगुल न हो, इसको लेकर एसडीओ अमित कुमार ने धारा 144 के तहत परीक्षा केंद्रों पर 100 मीटर की दूरी के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की है। 20 परीक्षा केंद्रों में रा.कृत +2 चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, रा.कृत +2 नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, राकृत कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय, उसुर्लाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय, बरवाटोली कॉलेज रोड, उसुर्लाईन कॉन्वेन्ट बालिका मध्य विद्यालय, रा.कृत बालिका उच्च विद्यालय, थाना रोड, मंजूरमती उच्च विद्यालय, महादेव आश्रम, संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय, कैमो पतरा टोली, लूथरेन उच्च विद्यालय, मिशन चौक, मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला इंटर कॉलेज, बरवाटोली, संत स्तानिसलॉस उच्च विद्यालय, कैनो पतरा टोली, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, शारदा नगर, पुराना शुक्र बाजार, बलदेव साहु कॉलेज, लिवेंस एकेडमी, किस्को मोड़ कुटमू, ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल, जुरिया, एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल. राजकीय कस्तुरबा बालिका मध्य विद्यालय, न्यू रोड, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुजरा, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुजरा, व एकलव्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय, कुजरा शामिल हैं। इस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के जमाव की मनाही की जाती है। इस क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति द्वारा घातक हथियार लाने-ले-जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है, जिसमें लाठी भी सम्मिलित है। (पुलिस पदाधिकारी को छोड़कर), परीक्षा केंद्र के क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने की मनाही की जाती है। परीक्षा केंद्र के आसपास 100 मीटर दूरी के भीतर किसी व्यक्ति की अनावश्यक आवाजाही, नकल सामग्री, किताब या अन्य सामान बांटने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

# चैनपुर में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही राजनैतिक बैनर, पोस्टर व झंडे हटाए

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
प्रखंड प्रशासन ने शनिवार को लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही आदर्श आचार संहिता लागू करने के प्रति सख्त नजर आया। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने टीम गठित कर मुख्यालय के बस स्टैंड, अल्बर्टका चौक, ब्लॉक चौक, प्रेम नगर मेन रोड सहित कई स्थानों पर विभिन्न राजनैतिक दलों से संबंधित बैनर, होर्डिंग, पोस्टर एवं झंडों को हटवाने का कार्य किया। प्रशासन ने चौक चौराहों पर शासकीय कार्यालय व बिजली पोलों पर लगे राजनेताओं के फ्लेक्स बोर्ड और योजनाओं के बोर्ड को उतारने का काम शुरू कर दिया है। आचार संहिता लगते ही जिस तरह प्रशासन राजनीतिक दलों के फ्लेक्स बोर्ड और झंडों को उतारने का कार्य कर रहा है उससे यही लगता है कि इस बार प्रशासन किसी प्रकार की कोई चूक चुनाव में नहीं करना चाहती है। अब देखना यही है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहती है या पहले दिन ही अपनी जागरूकता दिखा कर यहीं पर खत्म हो जाती है।



## आठवी बोर्ड की परीक्षा शुरू, 557 परीक्षार्थी शामिल

**भंडरा।** प्रखंड के सभी परीक्षा केंद्रों पर झारखंड अधिविद्य परिषद् द्वारा संचालित आठवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। प्रखंड में तीन परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं, जिनमें लाल बहादुर शास्त्री भंडरा, प्लस टू विद्यालय बिटपी व बरमहडीहा प्लस टू विद्यालय शामिल हैं। सुबह नौ बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर बच्चों की भीड़ लगनी प्रारंभ हो गई थी। विद्यार्थियों की तलाशी लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। कुछ केंद्रों पर परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट भरने का तरीका भी बताया गया। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9.45 बजे से प्रारंभ हुई, जो दोपहर एक बजे समाप्त हुई। प्रथम पाली में हिंदी, गणित, अतिरिक्त विषय में उर्दू और संस्कृत की परीक्षा ली गई, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से से प्रारंभ हुई, जो शाम 5.15 बजे समाप्त हुई। दूसरी पाली में गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित हुई। भंडरा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉक्टर सुधांशु सिंह ने परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण हुई। उनके केंद्र पर 567 परीक्षार्थियों में 557 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि दस परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

## आचार संहिता लगते ही बैनर व पोस्टर हटाए गए

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
आदर्श आचार संहिता लागू होते ही लोहरदगा में बाजार, सार्वजनिक स्थल और सरकारी संपत्तियों पर लगे बैनर पोस्टर हटाए जाने लगे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देशों पर जिले में शनिवार से कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। पुलिस शहर से लेकर गांव तक होर्डिंग हटवाती नजर आई। शहर में नगर पालिका के द्वारा होर्डिंग बैनर हटाने को लेकर अभियान चलाया गया। कई स्थानों पर दीवार, मकान और सार्वजिक स्थलों पर लगाए गए राजनीतिक दलों के पोस्टर, बैनर आदि हटाये गये। विभिन्न स्थानों से दीवारों पर लगे पोस्टर हटाए गए हैं और फिलहाल यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नप के अधिकारियों ने राजनीतिक दलों एवं आम लोगों से भी आचार संहिता का अनुपालन कराने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।




## सेन्हा चौक पर ऑटो अनियंत्रित हो पलटा, तीन घायल

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के लोहरदगा-घाघरा मुख्य पथ पर सेन्हा चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लोहरदगा से ऑटो सवारी लेकर विशुनपुर जा रहा था। ऑटो में सवार सीसई थाना क्षेत्र के जलका गांव निवासी मंगलेश्वर उरांव की पत्नी जयमंती उरांव, 2 वर्ष की पुत्री स्वाति कुमारी एवं विशुनपुर थाना क्षेत्र के निरासी हरईमा गांव निवासी रामलाल उरांव के पुत्र दिनेश उरांव घायलों में शामिल हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉ.संजीत आनंद की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। सभी घायलों को खतरा से बाहर बताया।

# नीच डुमरी में ग्रामीणों ने गोवंशीय पशुओं सहित तस्करों को किया पुलिस के हवाले

### तस्करों के दो गुटों के बीच 7 से 8 राउंड फायरिंग की सूचना

**नवीन मेल संवाददाता। रायडीह**
रायडीह थाना क्षेत्र में पशु तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला शनिवार को सामने आया है। अहले सुबह रायडीह थाना क्षेत्र के नीच डुमरी में ग्रामीणों ने अवैध गोवंशीय पशुओं को तस्करी के लिए जा रहे तस्करों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इधर दूसरी ओर तस्करी में शामिल दो गुटों में वर्चस्व की लड़ाई की भी सूचना आ रही है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो दो तस्करों के गुटों के बीच 7 से 8 राउंड गोली चलने की भी सूचना है। बताते चलें कि चैनपुर और रायडीह सिमांत इलाके में पशुओं की तस्करी जोर-शोर से चल रही है। हालांकि पुलिस भी बीच बीच में छापामारी कर पशु तस्करों पर लगाम लगाने की कोशिश करती है, लेकिन पशु तस्करों का भी मनोबल ऊंचा है। उनके उपर कई सफेदपोशों का हाथ है, जिसके कारण यह अवैध धंधा काफी फल फुल रहा है। इसी पशु तस्करी के कारण कुछ महीने पहले चैनपुर थाना क्षेत्र में जमकर तलवारबाजी हुई थी, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए थे। इधर रायडीह पुलिस ने कुल 8 तस्करों को गिरफ्तार कर लगभग 27 अवैध गोवंशीय पशु को जब्त कर पूछताछ कर रही है।




### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई-निविदा संख्या – 22/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 29.02.2024 जिसे PR 320972 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, उसमें अपरिहार्य कारणवश निम्न प्रकार से तिथियों को संशोधित किया जाता है –

1. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 06.04. 2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
2. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 08.04.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 323027 Rural Development(23-24)D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।

**"अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना"**

**संख्या –28 / 2023–24**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 27.03.2024 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.03.2024 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.03.2024 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल संख्या–02, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला। 3. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.–01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of Strong Room and Temporary Morcha at Polytechnic College Gumla for Loksabha General Election 2024 | 19,97,900.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 1 माह 15 दिन |
| 2. | Construction of Counting Hall and Drain Cover (RCC Slab) at Polytechnic College Gumla for Loksabha General Election 2024 | 16,86,700.00 | 34000.00 | 5000.00 | 1 माह 15 दिन |

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल,गुमला।

PR 323037 (Building) 23-24 (D)


### सलाह — राज्य स्तरीय टीम ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण

# 'तीन वर्ष से पहले आम में न लगने दें फल'

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
दो सदस्यीय अनुसमर्थन मिशन दल के सदस्यों ने शनिवार को सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत के सेन्हा, नौदी मुरकी सहित उगरा पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिरसा हरित ग्राम बागवानी के लाभुकों से मजदूरी भुगतान एवं अग्रिम लाभ का जानकारी ली गई और मनरेगा योजना से लाभ के साथ ही संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया कि ससमय योजना की जानकारी दें और लाभुक का चयन करें। कार्य में प्रगति करायें तथा मनरेगा में कार्य करने वाले मजदूरों की मजदूरी भुगतान करवाने का निर्देश दिया गया। लाभुक और अन्य ग्रामीण के द्वारा भुगतान, मस्टररोल, अभिलेख का जानकारी ली गई। योजना को सुचारु रूप से संचालित करने तथा लाभुकों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई।



योजना स्थल पर बोर्ड लगा देखकर सभी जगह अच्छा बोर्ड लगाने को कहा। टीम ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में दीदी बाड़ी किचन शेड, कुआं निर्माण, आम बागवानी एवं टेरेंच कटिंग आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश बीपीओ को दिया। निरीक्षण टीम में राज्य अनुसमर्थन मिशन के तहत अवर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग चंद्रभूषण, प्रशाखा पदाधिकारी ग्रामीण विकास विभाग पिंटू कुमार, कनक लता मिंज, परियोजना अर्थशास्त्री, डीआरडीए लोहरदगा, बीपीओ निलेंद्र कुमार, मुखिया धनवाज उरांव, पंचायत सचिव डोली कुजूर, सहायक अभियंता विशाल खलखो, रोजगार सेवक अंजू कुमारी आदि उपस्थित थे।

## समस्याओं को लेकर निदेशक से मिला शिक्षक संघ

**लोहरदगा।** प्राथमिक शिक्षकों के विभिन्न लंबित मामलों को लेकर झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन के नेतृत्व में प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह से निदेशालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक के समक्ष पुरानी पेंशन बहाली के तहत एनएसडीएल से शिक्षकों को जमा राशि जीपीएफ खाता में वापस करने में आ रही तकनीकी बाधाओं को दूर करने, एमएसीपी लागू करने, वीईसी खाता को बंद करने के निर्देश जारी करने तथा हजारीबाग जिले में शिक्षकों को चिन्हित कर किए जा रहे निलंबन से मुक्त करने की मांग रखी। निदेशक ने समस्याओं को बिंदुवार तैयार कर कार्यालय को उपलब्ध करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### प्रेम-प्रसंग के मामले का ग्रामसभा की बैठक में हुआ निपटारा

**नोवामुंडी।** दुधबिला तालासाई गांव में गुरुवार रात को ग्रामीणों ने प्रेम प्रसंग रचाते चाची व भतीजे को रंगे हाथों पकड़ लिया। मामले को तूल पकड़ते देख बांदासाई गांव के रहने वाले लड़के सनातन गोप के रिश्ते के चाचा प्रवीन कुमार गोप उर्फ ठाकुर ने बीच बचाव कर मामले को शांत कर दिया। प्रवीन कुमार गोप ने ग्रामीणों को यह कहकर घटनास्थल से हटा दिया कि शुक्रवार को सुबह इस विषय को लेकर ग्राम सभा कर निर्णय दिया जायेगा। पूर्व निर्धारित समय के अनुरूप शुक्रवार को सुबह जब गांव के मुंडा सोबन चातोंबा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीणों को दिलीप गोप ने बताया कि उनकी पत्नी दो बच्चों की मां है। वह पिछले तीन सालों से बांदा साई के रहने वाले रिश्ते के भतीजे सनातन गोप से प्रेम प्रसंग चल रहा है। अपने स्तर से पत्नी को काफी समझाया गया फिर भी उसके कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया।

### आदिवासी कल्याण केंद्र मेघाहातुबुरु आज आयोजित करेगा मागे पर्व

**किरीबुरु।** आदिवासी कल्याण केन्द्र, मेघाहातुबुरु के तत्वाधान में 16 मार्च से मागे पर्व का आयोजन प्रारम्भ कर दिया गया। मागे पर्व का मुख्य आयोजन सह सामूहिक पारम्परिक नृत्य का आयोजन 17 मार्च को होगा। मागे पर्व से जुड़ी विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी कमेटी के पदाधिकारियों ने देतेहुये बताया की 16 मार्च को सुबह 10 बजे से जाहेरा (देशाउली) पूजा-स्थल की सफाई का कार्य प्रारम्भ किया गया है। दोपहर 2 बजे से खेल-कूद व अन्य प्रतियोगिता आयोजित होगा.17 मार्च की सुबह 7 बजे जाते/ओतेईलि, 8 बजे झंडोत्तोलन, 11 बजे दियूरियों का स्नान एवं गृह पूजा, दोपहर 2 बजे जाहेरा (देशाउली) के लिए प्रस्थान, 3 बजे जाहेरा (देशाउली) में पूजा-अर्चना, 4 बजे वापसी, शाम पांच बजे से रात 9 बजे तक आदिवासी कल्याण केन्द्र प्रांगण में पारितोषिक वितरण, सामुहिक नृत्य गान एवं मनोरंजन 18 मार्च की सुबह 8 बजे केन्द्र के प्रांगण में दियूरियों का सम्मान एवं बाहा पर्व का तिथि निर्धारण, दोपहर राढे.ग यारह से ढाई बजे तक लेटो/खिचड़ी वितरण, शाम 5 से रात्रि 9 बजे तक सामुहिक नृत्य-गान एवं मनोरंजन का कार्यक्रम होगा।

### तीन दिनों से मां की लाश के साथ रह रहा था बेटा

**धनबाद।** धनबाद शहर के जेसी मल्लिक रोड स्थित मास्टर पाड़ा में एक अजीब वाकया प्रकाश में आया है। मोहल्ले के उपाध्याय भवन में रहने वाले युवक सौरभ उपाध्याय अपनी मां आशा उपाध्याय क शव के साथ तीन दिनों तक घर में रहा। वह कहता था मां जिंदा है। शव जब सड़ने लगा, तो उसकी दुर्गंध से पूरे मुहल्ले के लोग परेशान हो उठे। लोग बेटे को मां का अंतिम संस्कार करने को कह रहे थे, लेकिन बेटा एक ही रट लगाए था कि उसकी मां अभी जिंदा है, यहकर वो मां की लाश को घर पर रखे हुए थे। अंत में मामले की खबर पुलिस को दी गई और मुहल्ले के लोगों ने मिलकर लाश को किसी तरह घर से निकालकर अंतिम संस्कार के लिए भेजा। सौरभ उपाध्याय इंजीनियरिंग डिग्रीधारक है। देखने से भी पूरी तरह स्वस्थ है। सौरभ उपाध्याय के पिता बंगाल में नौकरी करते हैं। घर पर वह अपनी मां आशा उपाध्याय व मौसी वीणा उपाध्याय के साथ रह रहा था। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि दो दिनों से सौरभ के मकान से काफी दुर्गंध आ रही थी। पता करने पर जानकारी मिली कि शुक्रवार को सौरभ अपनी मां को लेकर एसएनएमएमसीएच गया था, उसका कहना था कि मां बीमार है। इधर कुछ लोगों का कहना है कि उसकी मां की मौत हो चुकी थी, दबाव बनाने पर सौरभ मां को लेकर अस्पताल चला गया था, लेकिन बिना डाक्टर को दिखाए ही वापस आ गया।

# झंडा मैदान में जिला स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

## जिप अध्यक्ष व जिला कृषि पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिला स्तरीय किसान मेला-सह-फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती मुनिया देवी व जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मेले में कृषि एवं कृषि संबंध विभाग के साथ-साथ कृषि विज्ञान केंद्र एफपीओ खाद बीज भंडार सहित कुल 18 स्टॉल लगाए गए एवं मंच के साथ-साथ कृषि एवं कृषि संबंध विभाग के पदाधिकारी सभी विभाग के कर्मी किसान मित्र एग्री स्मार्ट ग्राम के कृषक पाठशाला के कर्मी प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सहायक तकनीकी प्रबंधक जन सेवक एग्री क्लीनिक के कर्मी कृषक उत्पादक संगठन के कृषक विभिन्न प्रखंड से सैकड़ो किसान उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती मुनिया देवी द्वारा कहा गया कि यह मेला किसानों के लिए बहुत लाभकारी है और अधिक प्रचार प्रसार करते हुए किसानों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है इनके द्वारा बताया गया कि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन कुमार द्वारा बताए गए तकनीकी ढंग से खेती करने की सलाह को यदि किसान अपने छिड़काव की विधि एवं समय पर करें तो किसानो को अधिक लाभ होगा। पानी की कमी को देखते हुए खेती कार्य समय पर नहीं हो पाता है किसी और विभाग को ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे सिंचाई सुनिश्चित हो सके क्योंकि खेती सिंचाई पर ही निर्भर है इसके लिए चेक डैम ,तालाब कूप जैसे योजना पर ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे पानी संरक्षित कर खेती करने में सहायक हो सकता है।

कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा, सुरेन्द्र सिंह के द्वारा बताया गया कि आत्मा प्रचार प्रसार के लिए ही मुख्य रूप से जिले में किसानों के लिए कार्य कर रही है। प्रखंड स्तर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान मित्र कार्य कर रही है। इसके साथ-साथ आत्मा के द्वारा कृषि विभाग कृषि संबंध विभाग फ्लैगशिप स्कीम के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन सॉयल हेल्थ कार्ड देसी प्रशिक्षण कार्यक्रम, रळफ प्रशिक्षण इत्यादि कार्यक्रम करते हुए किसानों के बीच प्रचार प्रसार एवं प्रशिक्षण कार्य करते रहते हैं इस प्रचार प्रसार के कड़ी में ही किसान मेला एक बहुत ही पारदर्शी तरीके से संबंधित किसानों को बहुत सारी जानकारी के साथ उसकी आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का का प्रयास है। इसके अलावा उन्होंने किसान भाइयों को आत्मनिर्भर होने के लिए कृषि के साथ-साथ पशुपालन करने की भी सलाह दी।

## डैम में डूबे शख्स का चौथे दिन भी नहीं चला पता



### दो दिनों में एनडीआरएफ की टीम भी नहीं लगा सकी कुछ सुराग

### शोभन टुडू जाल लगाने के लिए डैम में उतरा था

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह जिले के तिसरी थाना इलाके के कोदईबांक डैम में डूबे शख्स का 72 घंटे बाद भी पता नहीं चल पाया है। पिछले दो दिनों से एनडीआरएफ की टीम डैम में काफी खोजबीन कर रही है लेकिन डूबे व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया। बुधवार की शाम शोभन टुडू मछली पकड़ने के लिए जाल लगाने डैम में उतरा था। जाल लगाने के ही क्रम में ही वह गहरे पानी में समा गया। तिसरी पुलिस ने स्थानीय तैराकों की मदद से डैम में शोभन की काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार की दोपहर देवघर से इंस्पेक्टर भूपेश झा के नेतृत्व में एनडीआरएफ की 14 सदस्यीय टीम कोदईबांक डैम पहुंची, जिसके बाद टीम ने बीते दो दिनों से डैम में शव की काफी खोजबीन की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी भी एनडीआरएफ टीम के साथ बोट से डैम का मुआयना किया।

## बगोदर में पुलिस ने मवेशी लदे 13 पिकअप वैन को किया जब्त





### सभी मवेशीयों को भेजा गया गोशाला

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बगोदर थाना क्षेत्र के गैंडा सोनतरूपी एन एच दो पर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से मवेशी लदे 13 पिकअप को जब्त किया है, इन पिकअप वैन में बड़ी संख्या में मवेशी ठूस ठूस कर लदे हुए थे। हालांकि पूरे मामले में किसी की गिरफ्तारी नही हो पाई है बताया जा रहा है कि चालक खलासी इत्यादि मौके से फरार हो गए। सभी पशुओं को पुलिस द्वारा गौशाला भेज दिया गया है। बगोदर-सरिया एसडीपीओ धनन्जय कुमार राम और थाना प्रभारी सुखसागर चौधरी सहित कई पुलिस बल मौके पर मौजूद थी। पुलिस मवेशी तस्करी मामले को लेकर अग्रतर करवाई में पुलिस जुटी हुई है।

वहीं अनुमण्ड़ल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशपर यह करवाई किया गया है बताया जा रहा है कि पुलिस और ग्रामीणों से बचकर भागने के क्रम में दो पिकअप वैन दुर्घटनाग्रस्त भी हो गई जिससे इसन गाड़ीयों के शीशे टूट गए। भाजयुमो के पुर्व जिला अध्यक्ष आशीष गुप्ता (वॉर्डर) ने बताया कि गोवंश पशु को बिहार से बंगाल विकअप वैन में ले जाया जा रहा था इसी सुचना पर क्रुरता पुर्वक अवैध तरीके से ले जाया जा रहा था । इसे लेकर ग्रामिणों के सहयोग से वाहनों रोकर पुलिस सुचना दिए वहीं पुलिस दल बल के साथ सोनतरूपी पहुंच कर जब्त किए और आगे की करवाई में जुट गई ।

### 50 लाख से होगा सरिया स्टेडियम का विकास, विधायक ने किया उद्घाटन

## खेलकूद का उत्तम प्लेटफॉर्म होगा सरिया स्टेडियम : विनोद कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
सरिया स्थित हाई स्कूल स्टेडियम का 50 लाख की लागत से जीर्णोद्धार होगा जिसका शिलान्यास शनिवार को बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर किया । जीर्णोद्धार के तहत दो हाई मॉस्ट लाइट, ओपन जिम, पेवर्स ब्लॉक, एवं भवन का सौंदर्यीकरण होगा । शिलान्यास कार्यक्रम से पूर्व मंच पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका संचालन माले नेता विजय सिंह ने किया, अपने सम्बोधन में विनोद सिंह ने कहा कि इस स्टेडियम का जीर्णोद्धार होना अतिआवश्यक था।

इसके हो जाने से स्थानीय लोग एवं युवा वर्ग को बहुत लाभ मिलेगा, सुबह-शाम लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए टहल सकेंगे रात होने पर भी लोग खेल का आनन्द ले सकेंगे । आगे कहा कि कोडरमा लोकसभा के लिए ऐसे प्रतिनिधि का चुनाव करें जो संसद में कोडरमा लोकसभा की समस्याओं को बुलंद तरीके से रख पाएं ।

कार्यक्रम में जीप सदस्य अनूप पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष मुरली मनोहर मण्डल, व्यवसायिक संघ से संजय मोदी सुनील मोदी, कॉंग्रेस से दीपक महेश्वरी, नकुल प्रसाद सिंह एवं समाजसेवी संदीप तर्वे, सोनू पांडेय,राजेश यादव, जिम्मी चौरसिया, रंजन कुमार समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## सरफराज अहमद का रास सदस्य बनने पर भव्य स्वागत





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
डॉ सरफराज अहमद जिन्हें निर्विरोध राज्य सभा का सांसद चुन लिया गया है। जिसकी खुशी में एक विशाल रैली जीत का जश्न मनाते हुए पपरवाटांड तिनकोनिया मोड़ से निकली गई। जो बड़ा चौक स्टेशन रोड, भंडारीडीह होते हुए बोडो उनके आवास तक पहुंची। बता दें कि डॉ सरफराज अहमद को निर्विरोध राज्य सभा का सांसद चुन लिया गया है।

वे महागठबंधन के राज्यसभा उम्मीदवार बने थे। जिस से पूरे गिरिडीह विधानसभा, गांडेय विधानसभा, कोडरमा लोकसभा के इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं में खुशी की लहर है।

मौके पर मुखिया सब्बीर अंसारी ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिबू सोरेन, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस के विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, राजद, माले के सभी शीर्ष नेताओं का बहुत बहुत आभारी है। इस रैली में तेलोडिह मुखिया सह गिरिडीह प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष शब्बीर आलम, करहरबारी मुखिया प्रतिनिधि मुमताज अंसारी , जे एम एम प्रखंड अध्यक्ष (पं० )अनवर अंसारी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गिरिडीह पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चार साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह पुलिस द्वारा गिरिडीह के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में विजय कुमार महतो पिता हिरामन महतो थाना डुमरी, जिला गिरिडीह, अमन सिंह पिता राजेश कुमार सिंह मोहल्ला दुगार्पाड़ा, हरिहरपुर थाना जिला धनबाद, मो शरीफ अंसारी पिता क्युम अंसारी थाना गांडेय, जिला गिरिडीह एवं राहुल कुमार पिता जालेश्वर साव थाना जमुआ जिला गिरिडीह का नाम शामिल है।

बताया जाता है कि गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि जिले के गांडेय, मुफ्फसिल, डुमरी थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहे हैं।

पुलिस ने इनके पास से 6 मोबाइल फोन,6 सिम कार्ड, 1 एटीएम, 1 पासबुक, 1 आधारकार्ड,1 पेन कार्ड बरामद किया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में स्वीकार किया है कि ये फर्जी सिम से फर्जी लिंक भेज कर हॉस्पीटल में डॉक्टर के पास नंबर लगवाने एवं राशन कार्ड बनवाने के नाम पर भोले भाले लोगों से पैसे की ठगी करते थे।

### आचार संहिता लगते ही राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाए गए

**गिरिडीह।** आचार संहिता लगते ही शनिवार को नगर निगम गिरिडीह की ओर से शहरी क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा लगाए गए बैनर पोस्टर को हटाया गया। बता दें कि इलेक्शन कमीशन की ओर से लोकसभा चुनाव का ऐलान कर दिया गया है। पूरे देश में 7 चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न कराई जाएगी। चुनाव तिथि जारी होते ही पूरे देश में आचार संहिता भी लागू हो गया। पुराना निगम कार्यालय के समीप पुराना डीसी ऑफिस के समीप और विभिन्न स्थानों पर अलग अलग पार्टियों द्वारा लगाए गए होडिंग्स बैनर और पोस्टर को निगम टीम की ओर से हटा दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### गोवंशीय पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई



**गिरिडीह।** अवैध गोवंशीय पशु तस्करी के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक गिरिडीह द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के आदेश अनुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी के नेतृत्व में डुमरी थाना एवं निमियाघाट थाना के पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार डुमरी अंचल, पुलिस अवर निरीक्षक, थाना प्रभारी डुमरी, पुलिस अवर निरीक्षक राणा, जंग बहादुर सिंह थाना प्रभारी निमियाघाट, एवं डुमरी थाना निमियाघाट थाना के सशस्त्र बल के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर शनिवार के रात्रि में डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरैया पल के पास में गोवंशीय पशु लगा दो पिकअप भेन को पकड़ा गया। पकड़ा गया अभियुक्त रिजवान अंसारी पिता आजाद अंसारी, मनन अंसारी पिता स्वर्गीय पंचू मियां, मंसूर अंसारी पिता मनन अंसारी, सादिक अंसारी पिता स्वर्गीय चिड़ा ग्राम चलमो बरमसिया थाना डुमरी,गिरिडीह के ही लोग हैं। पकड़े गए पिकअप गाड़ी में क्रूरता पूर्वक दो गए नोबेल कल 11 गोवंशीय पशु को लदा था। उक्त दोनों पिकअप वाहन में लगे कल 19 गोवंश पशु को कसाई खाना में जाने से मुक्त कराया गया है। इस संबंध में पिकअप वाहन के चालक मालिक खलासी पशु तस्करी में शामिल लोगों को विरुद्ध कांड अंकित कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, मानगो फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू



**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मानगो फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शनिवार से प्रारंभ हो गया। यह जमशेदपुर की जनता की जीत है और उन सभी विरोधियों के गाल पर थप्पड़ है, जिन्होंने हर संभव प्रयास किया कि इस निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मैंने जमशेदपुर खास कर मानगो की जनता को यह समर्पित करता हूं और यकीन दिलाता हूं कि हर वह वादा जो मैंने आपसे किया हैं वो पूरा करूंगा, बस अपना प्यार, विश्वास और आशीर्वाद मुझपर बनाये रखें। उल्लेखनीय है कि यह फ्लाई ओवर मंत्री बन्ना गुप्ता का ड्रीम प्रोजेक्ट है और उन्होंने चुनाव के समय जमशेदपुर की जनता से वादा किया था कि मानगो को जाम मुक्त बनाएंगे साथ ही सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए विशेष प्रयास करेंगे। मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रयास से ही मानगो में स्वर्णरिखा नदी के ऊपर 252 करोड़ रुपए की लागत से फ्लाईओवर निर्माण का कार्य होगा, जिसे गुजरात की दिनेश चंद्र अग्रवाल और इब्रा इस्कॉन की जॉइंट वेंचर कंपनी बनाएगी। इसकी लम्बाई 3.4 किलोमीटर होगा और 18 महीने के कार्यकाल में ये पूरा होगा।

### जेपीएससी की परीक्षा के दौरान सभी 65 सेंटर पर रहेगी निषेधाज्ञा




**धनबाद।** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (जेपीएससी) रविवार को जिले के 65 परीक्षा केंद्रों में संचालित की जाएगी। अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि में धारा 144 दं.प्र.सं. के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। अनुमंडल दंडाधिकारी ने बताया कि 17 मार्च को जिले के 65 परीक्षा केंद्रों में झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 दो शिफ्ट में संपन्न होगी। प्रथम शिफ्ट सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय शिफ्ट दोपहर दो बजे से चार बजे तक होगी। सभी परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन करने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। इसलिए निषेधाज्ञा के दौरान परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के अगल-बगल में अनावश्यक भीड़ लगना, मटरगश्ती करना, लाउडस्पीकर का उपयोग करना एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार की वस्तु का उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा उपरोक्त निषेधाज्ञा परीक्षा अवधि तक लागू रहेगी।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ यज्ञ



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के बरोटोला गांव में शनिवार को कलश यात्रा के साथ गणेश हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा का शुरूआत किया गया। जिसमें सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं एवं बच्चों द्वारा जय श्री राम का नारा लगाते हुए बरोटोला के जमुना सोती से कलश में जल भरकर बरोटाड होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। वहीं चित्रकूट एवं द्वारिका से आए हुए पंडितों ने अपने मंत्र का उच्चारण किया।वहीं यज्ञ के आचार्य डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी ने कहा कि शनिवार को बरोटोला निवासी नोखलाल महतो के द्वारा गणेश और हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है। शनिवार शुरूआत है। रात में सीताराम शास्त्री जो मिथिला से चलकर प्रवचन करने आए हैं। उसे जरूर सुने। इस दौरान समाजसेवी राजेश वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, मोहन वर्मा, विनोद वर्मा, हरिहर महतो, दिलीप वर्मा, काशी यादव समेत सैकड़ो की संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### रामकृष्ण विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

**गिरिडीह।** बगोदर के रामकृष्ण विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को शिक्षा, भारतीय संस्कृति और समाज विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि पहुचे सिद्धू कान्हु यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर डॉ० विमल प्रसाद सिंह ने किया।इस अवसर पर कॉलेज के सचिव कमलदेव सिंह काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर डॉक्टर सुरेंद्र राम, विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के डॉक्टर मोहम्मद एम आलम, बीएचयू के प्रोफेसर डॉक्टर नगेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया।सेमिनार में वर्तमान समाज में शिक्षा की स्वरूप पर चर्चा की गई, वहीं समता मूलक संस्कृति की विकास पर जोर दिया गया, वक्ताओं ने कहा शिक्षा से ही मानव जाति का विकास संभव है।सेमिनार में शिक्षा विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत संबोधन के जरिये शिक्षा के महत्व को सामाजिक स्तर पर समझाने का प्रयास किया गया, साथ ही सोशल इकोनॉमी सामाजिक समानता और शिक्षा के प्रति समर्पण के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार किया गया सेमिनार का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक परिवर्तन को प्रोत्साहित करना और एक बेहतर भविष्य की दिशा में योगदान करना था।

## चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड का डाटा जारी किया


किशन भावनानी

*वैश्विक* स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 16 मार्च 2024 को दोपहर 3 बजे घोषित हो चुकी है जिसके सटीक अनुमान मैंने मेरे दिनांक 9 मार्च 2024 के आर्टिकल की हेडिंग, लोकसभा चुनाव 2024, तारीखों की घोषणा 14 - 15 मार्च 2024 को होने की संभावना, सात चरणों में मतदान व अप्रैल के दूसरे सप्ताह में प्रथम चरण का मतदान होने की संभावना के साथ प्रिंट मीडिया व पोर्टेबल चैनलों में प्रकशित हुआ था जो करीब करीब सटीक साबित हुआ है जो रेखांकित करने वाली बात है। बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि पल-पल में स्थितियां परिस्थितियां बदल जाती है इसका अंदाजा भी नहीं लग पाता, जो अब सटीक सिद्ध हो रहा है क्योंकि हमने तो सपने में भी नहीं सोचा था कि चुनाव आयोग द्वारा खुद राजनीतिक पार्टियों के द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चुनावी चंदा इतनी बड़ी भारी मात्रा में उठाया जाता है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड डाटा और इमेज से हमने देख कि सत्ताधारी पार्टी ने सबसे अधिक करीब 6000 करोड़ से अधिक दान उठाया है तो बंगाल की पार्टी नें भी भारी मात्रा में दान उठाया है आंकड़े 2019 से 2023 तक दिये हैं जो देखकर मेरा अनुमान है कि भारत ही नहीं एब्रॉड में भी लोगों को हैरानी हुई होगी। अब मेरा मानना है कि चूंकि अब चुनाव अधिकारी ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड का डाटा जारी कर दिया है और अब 16 मार्च 2024 को चुनाव की तारीखों की घोषणा भी हो चुकी है, अब उम्मीदवार पर्चा दाखिल करेंगे तो उन्हें अपनी संपत्ति की भी घोषणा करनी होगी तो जनता इन दोनों डाटा को चुनाव में वोट देने से पहले रेखांकित जरूर करेगी ऐसा मेरा मानना है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकसभा चुनाव 2024 में वोट देते समय चुनाव आयोग द्वारा जारी 763 पेजों की लिस्ट को उल्लेखित राजनीतिक पार्टियों व कंपनियों को जनता द्वारा रेखांकित करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा दिनांक 14 मार्च 2024 को अपनी वेबसाइट पर जारी इलेक्टोरल बॉन्ड के डाटा की करें तो, चुनाव आयोग ने गुरुवार (14 मार्च) को इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया। वेबसाइट पर 763 पेजों की दो लिस्ट अपलोड की गई हैं। एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी है। दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बॉन्ड की डिटेल है। चुनावी बॉन्ड का डेटा 12 अप्रैल 2019 से 11 जनवरी 2024 तक का है। राजनीतिक पार्टियों को सबसे ज्यादा चंदा देने वाली कंपनी फ्यूचर गेमिंग और होटलसर्विसेज पीआर है, जिसने 1,368 करोड़ के बॉन्ड खरीदे। कंपनी ने ये बॉन्ड 21 अक्टूबर 2020 से जनवरी 24 के बीच खरीदे। कंपनी के खिलाफ लॉटरी रेगुलेशन एक्ट 1998 के तहत और आईपीसी के तहत कई मामले दर्ज हैं। सत्ताधारी पार्टी सबसे ज्यादा चंदा लेने वाली पार्टी है। उसको सबसे ज्यादा 6,060 करोड़ रुपए मिले हैं। चुनावी बॉन्ड इनकैश कराने वाली पार्टियों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वायएसआर कांग्रेस, डीएमके, जेडीएस, एनसीपी, जेडीयू और राजद भी शामिल हैं। चुनाव आयोग नें वेब पर चुनावी बॉन्ड का डेटा अपलोड किया है। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को 15 मार्च तक डेटा सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक ने 12 मार्च 2024 को सुप्रीम कोर्ट में डेटा सबमिट किया था। कोर्ट के निर्देश पर ने चुनाव आयोग को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी दी थी। कोर्ट के निर्देश पर एसबीआई ने चुनाव आयोग को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी दी थी। दोनों लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों और इन्हें इनकैश कराने वालों के तो नाम हैं, लेकिन यह पता नहीं चलता कि किसने यह पैसा किस पार्टी को दिया ? इस मामले में याचिका लगाने वाले वकील ने सवाल उठाया कि एसबीआई ने वह यूनिक कोड नहीं बताया, जिससे पता चलता कि किसने-किसे चंदा दिया। ऐसे में कोड की जानकारी के लिए वे फिर सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं।

# कश्मीर में अमन- चैन से गुलजार होता गोवा का परिदृश्य

*अब* गोवा के करीब आता जा रहा है कश्मीर। हो सकता है कि यह बात अविश्सनीय लगे, पर सच तो यही है। कश्मीर घाटी से हजारों लोगों का गोवा घूमने के लिए जाना बताता है कि दोनों राज्य करीब आ रहे हैं। ये दोनों राज्य न केवल भारत बल्कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में शामिल हैं। गोवावासी तो लंबे समय से छुट्टियां बिताने कश्मीर जाते ही रहे हैं, लेकिन कुछ साल पहले तक कश्मीरियों के लिए ऐसा सपने में भी नहीं सोचा जा सकता था। हालात अब तेजी से बदल रहे हैं और घाटी के लोग बड़ी तादाद में छुट्टियां बिताने गोवा जा रहे हैं। दिल्ली-गोवा फ्लाइट में सफर करने वाले इसे आसानी से समझ सकते हैं। अगर आपने हाल के दौर में कभी राजधानी के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गोवा का सफर किया है तो आपने कश्मीरियों को सपरिवार गोवा जाते देखा ही होगा। इससे इस बात की पुष्टि भी होती है कि कभी अशांत रहे कश्मीर की फिजा अब तेजी से बदल रही है। श्रीनगर की अपनी हालिया यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा भी था कि अब कश्मीर आर्थिक रूप से बदल रहा है। कश्मीर के लोगों ने जिस गर्मजोशी से उनका स्वागत किया, कुछ साल पहले तक यह अकल्पनीय था। प्रधानमंत्री ने श्रीनगर के बख्शी मैदान में आयोजित रैली में कहा, ''मैं आपका दिल जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं।'' कश्मीरियों के छुट्टियां मनाने गोवा जाने के पीछे बड़ी वजह कश्मीर घाटी में शांति और स्थिरता भी है। चूंकि श्रीनगर से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए कश्मीरियों को पहले दिल्ली जाना पड़ता है। दिल्ली से वह गोवा के लिए फ्लाइट पकड़ते हैं। जब कश्मीर में हाड़ कंपाने वाली ठंडी पड़ती है, तो वह गोवा का रुख करने लगे हैं। आप कह सकते हैं कि कश्मीरियों को गोवा घूमने और रहने के हिसाब से नवंबर से जनवरी तक का महीना मुफीद लगता है। अन्य पर्यटकों की तरह ही कश्मीरियों को भी गोवा का खुशनुमा और समावेशी समाज आकर्षित करता है। गोवा के कलंगुट, बागा, अंजुना और कैंडोलिम सरीखे प्रसिद्ध समुद्र तटों पर कश्मीरियों की भीड़ को आसानी से देखा जा सकता है। यदि आप गोवा में कश्मीरी पर्यटकों से बात करेंगे तो वे निश्चित रूप से आपको दो बातें बताएंगे। पहला,वे घाटी की लंबे समय की अशांति से थके हुए थे। अब जैसे-जैसे उनके राज्य में चीजें बेहतर होती जा रही हैं, वे विकास के साथ-साथ शांति का भी अनुभव कर रहे हैं। वे गोवा को आराम करने के लिहाज से एक बेहतर जगह मानते हैं। दूसरा, कश्मीरी पर्यटक गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की जमकर तारीफ करते मिलेंगे। कश्मीरियों का कहना है कि गोवा सरकार के गंभीर प्रयासों से पर्यटकों के हितों का ख्याल रखा जा रहा है। सरकार की कार्यनीति के कारण गोवा आने वाले पर्यटक अपने को सुरक्षित महसूस करते हैं।


आरके सिन्हा

**कश्मीर घाटी से हजारों लोगों का गोवा घूमने के लिए जाना बताता है कि दोनों राज्य करीब आ रहे हैं। ये दोनों राज्य न केवल भारत बल्कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में शामिल हैं। गोवावासी तो लंबे समय से छुट्टियां बिताने कश्मीर जाते ही रहे हैं, लेकिन कुछ साल पहले तक कश्मीरियों के लिए ऐसा सपने में भी नहीं सोचा जा सकता था। हालात अब तेजी से बदल रहे हैं और घाटी के लोग बड़ी तादाद में छुट्टियां बिताने गोवा जा रहे हैं।**



यह गोवा सरकार की बहुत बड़ी प्रशंसा है। गोवा सरकार अब 'क्वालिटी टूरिस्ट्स' यानी ज्यादा से ज्यादा खर्च करने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है। गोवा के ऊर्जावान मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हाल ही में कहा भी था कि उनकी सरकार गोवा में क्वॉलिटी टूरिस्ट को आकर्षित करने के लिए कई कदम उठा रही है। ऐसे पर्यटकों से होटल मालिकों से लेकर टैक्सी आपरेटरों तक सबका लाभ होगा। उन्होंने कहा, 'अगर हम क्वॉलिटी टूरिस्ट चाहते हैं तो हमें सुविधाएं भी वैसी ही प्रदान करनी होंगी। गोवा में वैसे तो पूरे साल भर पर्यटक आते ही रहते हैं, लेकिन,अक्टूबर के पहले सप्ताह से पर्यटकों की जो संख्या बढ़ती है वो क्रिसमस, नववर्ष तक पीक पर पहुंच जाती है। पर्यटकों का आना मई महीने तक लगातार जारी रहता है। गोवा में हर साल लगभग 80 लाख पर्यटक आते हैं, जिनमें बड़ी संख्या विदेशी सैलानियों की भी होती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि गोवा की विकास यात्रा में बीता साल यानी 2023 बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ, क्योंकि तब जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत गोवा में कई अहम बैठकें हुईं। यही नहीं गोवा ने पर्यटन पर केंद्रित जी-20 के मंत्रियों के एक अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम की भी मेजबानी की थी, जिसने पर्यटन सेक्टर के एक मंजे हुए खिलाड़ी के रूप में गोवा को ख्याति दिलाई। यह आयोजन वैश्विक आर्थिक मामलों के बारे में चर्चा में शामिल होने वाले अंतरराष्ट्रीय नेताओं और नीति निर्माताओं के एकीकरण का प्रतीक बना। इस आयोजन ने न केवल क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता बल्कि वैश्विक पर्यटन को आकार देने में इसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला। यह खरी बात है कि भारत की अध्यक्षता में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन का गोवा के पर्यटन पर सकारात्मक प्रभाव तो पड़ा ही। यह पिछले दो वर्षों में गोवा में विदेशी पर्यटकों की बढ़ोतरी के रूप में देखा जा सकता है। असल में जी20 शिखर सम्मेलन के बाद कई एयरलाइंस अब गोवा के लिए सीधी उड़ानों को शुरू करने पर विचार कर रही हैं। एक बार प्रसिद्ध क्रिकेट लेखक और कमेंटेटर स्वर्गीय टोनी कोजियर ने सही ही कहा था कि गोवा के लुभावने समुद्र तट और यहां का जीवन किसी को भी आकर्षित कर सकता है। अपने देश में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड और बर्फीले वातावरण से इतर गोवा का खुला आसमान और तेज धूप की वजह से ही यहां बड़ी संख्या में विदेशी सैलानी आते हैं। गोवा आकर समुद्र तट के किनारे धूप सेंकना विदेशी सैलानियों को पसंद है। यह उनकी अत्यधिक दूधिया त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। समुद्र तट के किनारे स्वादिष्ट नारियल पानी, मधुर संगीत और लाजवाब समुद्री भोजन की सुगंध पर्यटकों को खींच लाती है। ये लोग समुद्र तटों के पास घूमते हैं। सड़कों पर खरीदारी करते और खाना खाते हैं। उन्हें बहुत कम महंगी जगहों या फास्ट फूड दुकानों में झुंड के झुंड में जाते हुए देखा जा सकता है। उन्हें गोवा की खूबसूरती का आनंद उठाना पसंद है। भारत के अन्य राज्यों के मुकाबले गोवा आसानी पहुंचा भी जा सकता है। परिवहन सुविधाओं की सुगमता के कारण भी विदेशी पर्यटक गोवा में अधिक समय गुजारते हैं, इसे पसंद करते हैं। विदेशी सैलानियों की तरह ही हमारे अपने कश्मीरियों को भी यहां की चमकदार धूप पसंद है। जब उनका अपना कश्मीर सर्दियों में अत्यधिक ठंडा रहता है तो उन्हें सचमुच गोवा में राहत मिलती है। इसलिए, वे अब बार-बार गोवा आना पसंद करने लगे हैं। रूसी पर्यटक भी हर साल बड़ी संख्या में गोवा आते हैं। गोवा में जिस समय गर्मी पड़ती है, रूस में उस समय कड़ाके की सर्दी होती है। इस वजह से भी रूसी यहां आराम करने आते हैं। अब आपको गोवा में रूसी भाषा में बहुत सारे साइनबोर्ड, रेस्तरां और स्टोर के नाम लिखे मिल जायेंगे।

# नागरिकता संशोधन कानून पर चुप रहे यूएन-अमेरिका


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

*हजारों*-लाखों लोगों का वह अह्लादित कर देनेवाला रुदन, जो वर्षों से अनवरत न्याय के लिए चीत्कार रहा था। पूछ रहा था कि हमें किस लिए सजा दी गई है? देश का विभाजन तुमने किया, इसमें हमारा क्या दोष था? कहना होगा कि उन सभी की ह्दय वेदना को कई दशक बीत जाने के बाद अब जाकर न्याय मिला है। भारत में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू किया जाना जैसे उनकी वर्षों की तपस्या का परिणाम है। हालांकि इस कानून के लागू होने से यह तो पहले से तय था कि देश में कुछ विरोध के स्वर जरूर उठेंगे, किंतु विदेशों में भी इसके विरोध की होड़ लगेगी, इसका इतना अंदाजा किसी को नहीं था। कम से कम यूएन और अमेरिका से तो यह उम्मीद नहीं की जा सकती थी। आश्चर्य है, यह जानकर कि जिसे भारत और भारत में लागू इस कानून से दूर-दूर तक कोई मतलब नहीं, वह भी भारत की मोदी सरकार और उसके इस निर्णय की बिना गहराई में जाय आलोचना कर रहे हैं । सबसे ज्यादा संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और अमेरिका से शासन स्तर पर आई प्रतिक्रिया परेशान करती हैं। क्यों कि अभी कुछ दिन पहले ही भारत और अमेरिका के बीच होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग (एचएसडी) को पूरा किया गया । इसमें अमेरिका ने भारत की भरपूर प्रशंसा की । यही स्थिति यूएन की है, जहां वह इस बात को कई अवसरों पर स्वीकार्य कर चुका है कि वास्तविक लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता यदि देखनी है तो तमाम विविधताओं के बाद भी एकता के लिए भारत से अच्छा कोई उदाहरण नहीं है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी यूएन प्रशंसा कर रहा था। यूएन भारत की आलोचना तो कर रहा, लेकिन नहीं बता रहा है, कैसे सीएए गलत है। वस्तुतः अब अचानक ऐसा क्या हो गया जो संयुक्त राष्ट्र को लगने लगा है कि भारत का सीएए कानून 'मौलिक रूप से भेदभावपूर्ण प्रकृति' वाला है! आज संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त की ओर से बोला गया है, 'हम भारत के नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 (सीएए) को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि यह मूल रूप से भेदभावपूर्ण प्रकृति का है। साथ ही यह भारत के अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का उल्लंघन करता है।' अब देखिए , यूएन यहां भारत को इस कानून को लागू करने के लिए कठघरे में तो खड़ा कर रहा है, किंतु यह नहीं बता रहा है कि कैसे भारत का यह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) किसी के मानवाधिकारों का उल्लंघन करता है? क्या संयुक्त राष्ट्र (यूएन) अन्तरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना 78 साल पहले 1945 में इसलिए ही की गई थी कि जो राष्ट्र नियमों का पालन करें, विश्वकल्याण में विश्वास करें, उन्हें दबाते रहना है। फिर वह वैचारिक रूप से हो या किसी अन्य प्रकार से । आज यूएन के कल्याणकारी उद्देश्यों को पढ़कर नहीं लगता है कि वह भारत के संदर्भ में इस तरह का वक्तव्य देगा। देखा जाए तो यूएन आज ''सीएए'' पर भारत को घेरने का जो आधार ले रहा है, वह पूरी तरह से अनुचित है। क्योंकि इस कानून को लाने के पीछे जो पृष्ठभूमि रही है, उस पर यूएन को पहले गहन चिंतन एवं शोध करना चाहिए था, फिर जाकर अपनी प्रतिक्रिया देता तो अच्छा रहता । यूएन भूल गया, भारत ने स्वैच्छा से चुनी है पंथ निरपेक्षता। यूएन को भारत के संदर्भ में यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि स्वाधीन भारत ने अपने लिए लोकतंत्र का रास्ता चुना, जिसमें सभी के लिए स्थान समान रूप से रहा। पंथ निरपेक्षता भारत की विशेषता बनी, लेकिन दूसरी ओर भारत से ही अलग हुए पाकिस्तान ने अपने लिए इस्लामिक गणराज्य बनने का रास्ता चुना, जिसमें जो अल्पसंख्यक रहे, वे आज भी रो रहे हैं। जो शरणार्थी भारत आये, वे क्या अभी अचानक से यहां आ गए हैं? माना कि भारत सरकार यह ''सीएए'' उनके लिए लेकर आ गई? लेकिन क्या इससे पहले नियमानुसार अनुमति लेकर समय-समय पर मुसलमान एवं अन्य जो भी लोग एक बड़ी संख्या में दूसरे देशों से भारत आये और उन्होंने नागरिकता लेनी चाही तो क्या भारत सरकार ने उन्हें वह नागरिकता अभी तक प्रदान नहीं की है ? जो नियमों में चलता है, उसके लिए भारत में हमेशा खुले रहते हैं नागरिकता के द्वार। सोचिए, क्या इस इतिहास को यूएन नहीं जानता है। समझने के लिए यहां दो विषय हैं, एक- भारत विभाजन के समय से लगातार चलनेवाली पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में अल्पसंख्यकों की दयनीय स्थिति, उनके बीच व्याप्त भय, कन्वर्जन और मौतें । दूसरा - पिछले 78 साल में भारत में आए मुसलमान और उनको दी गई भारतीय नागरिकता। आप देखेंगे कि जिन्होंने भी भारत की नागरिकता के लिए नियमों का पालन किया, उन्हें सदैव भारत सरकार नागरिकता देती आई है। जिसमें कि पाकिस्तान समेत बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भी कई मुसलमान भारत आए हैं । ऐसे में यूएन को यह समझना चाहिए कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) किसी भी देश के द्वारा दी जानेवाली नियमित नागरिकता से पूरी तरह भिन्न है! पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में कौन अल्पसंख्यक सुखीः सांस्कृतिक, राजनीतिक और भौगोलिक रूप से भी कभी जो भारत (पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश) एक रहा। उस भारत के विभाजन के परिणाम स्वरूप अन्य इस्लामिक गणराज्यों में पिछले सात दशकों में उनके साथ जो अमानवीय व्यवहार किया गया और अब भी किया जा रहा है, यह उनमें से भारत में शरण लेने आये, पूर्व से रह रहे उन लाखों शरणार्थियों के लिए है, जिनके साथ उनके हिन्दू, बौद्ध, जैन, ईसाई, पारसी, सिख होने के कारण से अत्याचार किये जा रहे थे। वस्तुतः इस मुद्दे पर यूएन को भारत का विरोध करने के पूर्व यह जरूर बताना चाहिए था कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बाद में बने बांग्लादेश में इस्लामिक सत्ता में कौन अल्पसंख्यक सुखी हैं? क्या आज यूएन को इन तीनों देशों में हो रहे अत्याचार दिखाई नहीं देते? वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र में 193 राष्ट्र सम्मिलित हैं।

## राजनीति

## लोस चुनाव में कांग्रेस इस बार उत्तर प्रदेश में शून्य पर सिमट सकती है


अजय कुमार

*उत्तर* प्रदेश की राजनीति में बदले समीकरणों ने जहां दूसरे दलों के लिए नई संभावनाएं जगाईं, वहीं कांग्रेस को अपनों से मायूसी ही मिलती गई। 1984 में 51.03 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली कांग्रेस फिर ऐसे जनाधार को वापस नहीं हासिल कर सकी। उत्तर प्रदेश की राजनीति में जिस कांग्रेस का हमेशा अपर हैंड रहता था, वह अब दूसरों के रहम-ओ-करम पर राजनीति करने को मजबूर हो गई है। प्रदेश में ना उसका वोट बैंक बचा है, ना नेता और संगठन। हाँ, यदि हवा-हवाई बातों से पार्टी को फायदा हो पाता तो जरूर यूपी में कांग्रेस टॉप पर होती, लेकिन ऐसा होता नहीं है। आज का मतदाता अपने नेताओं पर बारीकी से नजर रखता है। इस कसौटी में कांग्रेस की टॉप लीडरशिप और गांधी परिवार पूरी तरह से नाकामयाब रहा है। कांग्रेस के विधान सभा और लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के आंकड़े भी चुनाव-दर-चुनाव उसके जनाधार खिसकने के साक्षी हैं। यह गिरावट 1984 के बाद चार दशक में आई है। 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सभी 85 सीटों (तब उत्तराखंड की भी पांच सीटें शामिल) पर चुनाव लड़ी थी और 83 सीटों पर जीत हासिल की थी। भले ही तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस के साथ जनभावनाओं का ज्वार था, जिसके सहारे पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपने प्रदर्शन के शिखर को छुआ। यह वह दौर था जब राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस का एकछत्र राज था और बीजेपी की एंट्री भर हुई थी, लेकिन उसकी राजनैतिक विचारधारा कांग्रेस से उलट थी। बीजेपी तुष्टिकरण की जगह हिन्दुत्व की बात करती थी। अयोध्या, काशी और मथुरा उसके एजेंडे में प्रमुख रूप से शामिल थे, जिससे कांग्रेस हमेशा किनारा करती रही थी। वहीं क्षेत्रीय दलों के रूप में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी जातिवादी राजनीति को आगे बढ़ा रहे थे। प्रदेश की राजनीति में बदले समीकरणों ने जहां दूसरे दलों के लिए नई संभावनाएं जगाईं, वहीं कांग्रेस को अपनों से मायूसी ही मिलती गई। 1984 में 51.03 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली कांग्रेस फिर ऐसे जनाधार को वापस नहीं हासिल कर सकी। आज उसका जनाधार दो प्रतिशत में सिमट गया है। दरअसल, प्रदेश में सपा व बसपा के उदय के साथ ही कांग्रेस पीछे होती गई और भाजपा की प्रखर हिंदुत्व वाली छवि ने उसकी राह और मुश्किल कर दी। ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम कांग्रेस के परंपरागत वोटर माने जाते थे। सपा के उदय के साथ मुस्लिम कांग्रेस से छिटक कर उसके पाले में चला गया। बसपा ने कांग्रेस के दलित वोट बैंक पर कब्जा कर लिया। कांग्रेस से मोहभंग के बाद ब्राह्मणों ने भाजपा का दामन थाम लिया। वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड के अलग होने के बाद की बात की जाय तो कांग्रेस वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में 80 सीटों पर लड़ी थी और 21 सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले ढाई दशक में यह कांग्रेस का सर्वाधिक उत्साहित करने वाला प्रदर्शन था। इसके पीछे कांग्रेस की मनरेगा व खाद्य सुरक्षा को लेकर नीतियों की बड़ी भूमिका मानी गई थी। कांग्रेस केंद्र में दोबारा सरकार बनाने में सफल हुई थी। इसके बावजूद कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपनी साख को बचाये रखने में कामयाब नहीं रही। उत्तर प्रदेश में अपना जनाधार बढ़ाने के लिय पार्टी ने कई प्रयोग भी किये। राहुल गांधी को यूपी में पैर पसारने के लिये खुली छूट दी गई, इसके नतीजे उत्साहवर्धक नहीं आये तो प्रियंका वाड्रा को प्रदेश का प्रभारी भी बनाया गया, लेकिन बूथ स्तर पर कमजोर हुई पार्टी के सामने कार्यकर्ताओं में पुराना जोश भरना सपना ही रहा। उधर, कांग्रेसी नेता आपस में टांग खिंचाई करते रहे, जिसकी वजह से पार्टी में अंतरकलह भी बढ़ता गया। 2014 लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद कांग्रेस के लिए उत्तर प्रदेश में 2009 का अपना प्रदर्शन दोहराने को तरसती ही रही।

# भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद


ह्दयनारायण दीक्षित

*एक* साथ चुनाव पर विचार करने वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस मुद्दे पर अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाई गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। इस रिपोर्ट का विरोध भी प्रारम्भ भी हो गया है। एक साथ चुनाव का विषय देश के हित में है। लेकिन इस रिपोर्ट की सिफारिशों का विरोध भी हो रहा है। बताया जाता है कि यह रिपोर्ट 18000 पृष्ठ की है। इसे ठीक से पढ़े जाने और तथ्यों के विवेचन का काम बड़ा है। विरोध करने वाले भी संभवतः इस रिपोर्ट को पूरी तौर पर पढ़े बिना ही अपने निष्कर्ष निकाल रहे हैं। भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद है। सभा समितियां ऋग्वैदिक काल में ही थीं। संविधान निर्माताओं ने ब्रिटिश तर्ज का संसदीय जनतंत्र अपनाया। अनेक संवैधानिक संस्थाएं गढ़ी। केन्द्रीय स्तर पर संसद बनी। केन्द्र को संसद के प्रति जवाबदेह बनाया। राज्य सरकारें विधान मण्डलों के समक्ष जवाबदेह बनी। संसद व विधान मण्डल के चुनाव के लिए निष्पक्ष निर्वाचन आयोग (अनुच्छेद 324) बना। संविधान सभा में निर्वाचन आयोग के कृत्यों पर बहस हुई। आयोग को कर्मचारी अधिकारी देने का प्रश्न उठा। डॉ. आम्बेडकर ने कहा, ''आयोग के पास कम काम होगा।'' शिब्बन लाल सक्सेना ने कहा कि, ''संविधान में निर्धारित नहीं है कि अमेरिकी तर्ज पर यहां 4 वर्ष में निर्वाचन अवश्य होगा। संभव है कि केन्द्र व राज्यों के निर्वाचन एक साथ न हों। तब हर समय कहीं न कहीं निर्वाचन होता रहेगा।'' उनकी आशंका सच निकली। सम्प्रति भारत चुनाव व्यस्त देश है। कभी लोकसभा चुनाव तो बहुधा राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव व नगर निकाय निर्वाचन भी अकसर होते रहते हैं। नीति आयोग ने लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसी विचार के हैं। 2014 के चुनाव में भाजपा ने भी घोषणा पत्र में यही विचार व्यक्त किया था। लगातार चुनाव व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा है। अलग-अलग चुनाव से प्रशासनिक तंत्र की व्यस्तता बनी रहती है। चुनावी अचार संहिता के कारण विकास कार्य रुकते हैं। अरबों का खर्च भी होता है। साथ साथ चुनाव का विचार स्वागत योग्य है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की थी। कहा था, ''एक साथ चुनाव से दलों का नुकसान होगा। हमें भी नुकसान होगा लेकिन इसे संकीर्ण राजनैतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए।'' 1951-52 में पहली लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1967 तक दोनों के चुनाव साथ-साथ हुए थे। 1968 से यह क्रम टूट गया। दरअसल संविधान निर्माताओं ने सरकारों का कार्यकाल नहीं सुनिश्चित किया। यहां सरकारों का जीवन संसदीय बहुमत की डोर से बंधा हुआ है। डॉ. आम्बेडकर ने संविधान सभा में स्पष्ट किया था कि सरकारी जवाबदेही को स्थिरता (कार्यकाल) की तुलना में ऊपर रखा गया है। सदन में सरकारों की संवैधानिक जवाबदेही है। इस आधारभूत सिद्धांत में सरकारों का कार्यकाल अनिश्चित है। यहां बहुमत स्थाई नहीं होता। दल-बदल प्राविधान में भी छेद किये गये। थोक दल बदल को दल टूट कहा गया। तमाम सरकारें अल्प मृत्यु की शिकार हुईं। साथ-साथ चुनाव का क्रम भंग हो गया। साथ-साथ चुनाव से राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय संदर्भों से जुड़ने की ओर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय दलों की दृष्टि राष्ट्रीय होगी। लेकिन कुछ दलों की चिन्ता बड़ी है। बीते कुछेक वर्षों में राष्ट्रीयता का भाव देशव्यापी हुआ है। माकपा, भाकपा जैसे वामपंथी दल स्वयं को अंतरराष्ट्रीय विचारधारा का दल बताते हैं लेकिन उनका प्रभाव क्षेत्र राज्यस्तरीय भी नहीं बचा। चुनाव आयोग ने बेशक केन्द्रीय विधि मंत्रालय के एक संदर्भ के जवाब में दोनों चुनाव एक साथ कराने पर बहुत पहले ही सहमति व्यक्त की थी लेकिन सभी दलों की सहमति प्राप्त करना आसान नहीं। कुछेक दल वर्तमान स्थिति को ठीक मानते हैं और चुनाव अलग-अलग ही चाहते हैं। लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं। लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी। संशोधन में केन्द्र व राज्य सरकारों को सुनिश्चित कार्यकाल देना होगा। सदन में बहुमत खो जाने की स्थिति में सरकारी कार्यकाल की समस्या का निराकरण जरूरी होगा। दसवीं अनुसूची के अनुसार दल से भिन्न मतदान के कारण सदन की सदस्यता खो जाने की विधि प्रवर्तन में है। मूलभूत प्रश्न किसी भी कारण से सदन में बहुमत खो चुकी सरकार को पूरा कार्यकाल देने की नई व्यवस्था का है। क्या वैकल्पिक सरकार बनाने का अधिकार संसद या विधानसभा को दिया जा सकता है? क्या हमारा दलतंत्र स्थिर कार्यकाल और संवैधानिक जवाबदेही को एक साथ चला सकता है? क्या संवैधानिक जवाबदेही को छोड़कर स्थिरता को ही अपनाया जा सकता है? अमेरिका में ऐसा ही है। प्रश्न ढेर सारे हैं। ऐसे प्रश्नों का उत्तर संविधान संशोधन और वैधानिक नैतिकता से ही जुड़ा हुआ है। डॉ. आम्बेडकर ने संविधान सभा में इतिहासकार ग्रोट को उद्धृत किया था। ''वैधानिक नैतिकता'' का अर्थ संविधान और उसकी संस्थाओं के प्रति निष्ठाभाव है। ग्रोट ने लिखा है कि समाज की वैधानिक नैतिकता ही विधान की शक्ति है। भारत का जनसामान्य विधान का आदर करता है लेकिन दलतंत्र में वैधानिक नैतिकता का अभाव है। इसलिए सरकारें बहुधा अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पातीं। तब लोकसभा और विधानसभा के मध्यावधि चुनाव का कोई विकल्प नहीं होता। संसदीय जनतंत्र का मुख्य उपकरण दलतंत्र है। जनतंत्र खूबसूरत विचार है। दलतंत्र ही इसे गतिशील बनाता है। समाज व्यवस्था निरंतर परिवर्तनशील है। लेकिन राजनैतिक व्यवस्था में राजनैतिक सुधार की गति उत्साहवर्द्धक नहीं है। दलतंत्र प्रतिपल चुनाव चिन्तन में ही व्यस्त रहता है। चुनाव चिन्तन को राष्ट्रचिन्तन के खूंटे से बांधना ही होगा। साथ-साथ चुनाव एक राष्ट्रहितैषी प्रगतिशील वैकल्पिक विचार है। 1952 से लेकर 1967 तक यही हुआ था, तब कोई पहाड़ नहीं टूटा तो अब इसे अपनाने में कठिनाई क्या है? सभी राजनैतिक दलों को खुले मन से विचार करना चाहिए। लोकसभा, विधानसभा के साथ पंचायती व नगरीय संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव पर भी। सभी एक साथ नहीं तो विधानसभा के साथ पंचायतों व नगर पंचायतों के चुनावों को जोड़कर विचार करना चाहिए। कहीं न कहीं से शुरूआत तो करनी ही होगी। हर समय चुनाव ही चुनाव का तनाव समाज नहीं झेल सकता और न ही चुनाव संचालन में खर्च होने वाली भारी धनराशि का बोझ ही। आमजन भी ऐसी राजनीति से ऊबे हुए हैं। इसलिए राजनीति को दीर्घकालिक राष्ट्रनिर्माण के लक्ष्य से जोड़ना चाहिए। चुनावी जीत हार के अल्पकालिक लक्ष्य से नहीं। दल या नेता स्थाई नहीं होते। राष्ट्र स्थाई सत्ता है। सभी सामाजिक, राजनैतिक या संवैधानिक संस्थाएं राष्ट्र का ही विस्तार हैं। राष्ट्र के लिए ही हैं। एक साथ चुनाव राजनैतिक सुधार है। राजनैतिक सुधार लोकतंत्र को गुणवान बनाते हैं। व्यापक राजनैतिक सुधारों का कोई विकल्प नहीं।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

**भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद है। सभा समितियां ऋग्वैदिक काल में ही थीं। संविधान निर्माताओं ने ब्रिटिश तर्ज का संसदीय जनतंत्र अपनाया। अनेक संवैधानिक संस्थाएं गढ़ी। केन्द्रीय स्तर पर संसद बनी। केन्द्र को संसद के प्रति जवाबदेह बनाया। राज्य सरकारें विधान मण्डलों के समक्ष जवाबदेह बनी। संसद व विधान मण्डल के चुनाव के लिए निष्पक्ष निर्वाचन आयोग (अनुच्छेद 324) बना। संविधान सभा में निर्वाचन आयोग के कृत्यों पर बहस हुई।**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### सड़क हादसे में स्थायी लोक अदालत की महिला सदस्य की मौत, सहकर्मी घायल

**महोबा।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एआरटीओ ऑफिस के बाहर कंटेनर को ओवरटेक करते समय एक बाइक कंटेनर से टकराई। हादसे में बाइक पर बैठी महिला की मौत हो गई और चालक की हालत गंभीर है। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। विकास भवन के पीछे रहने वाली अनीता खरे (35) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य थी। शनिवार को वह अपने स्टॉफ कर्मचारी सैयद सरकार हैदर आब्दी (65) के साथ बाइक से ड्यूटी करने के लिए पुलिस लाइन स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जा रही थी। कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में एआरटीओ ऑफिस के बाहर कंटेनर को ओवरटेक करते समय बाइक असंतुलित होकर कंटेनर से टकरा गई। हादसे में महिला अनीता खरे की मौत हो गई और सहकर्मी घायल हो गये। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। अनीता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने घटना की जानकारी घायल के झांसी में रहने वाले परिवार को दी। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष न्यायाधीश आदिल आफताब अहमद और अपर जिला जज और स्थाई लोक अदालत के सचिव राकेश कुमार गौतम अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल लिया। सहकर्मी अनीता खरे की मौत पर दुख भी प्रकट किया है।

### त्रिकोणीय मुकाबले के लिए तैयार है केरल का पलक्कड़ लोकसभा सीट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल का पलक्कड़ लोक सभा क्षेत्र कभी माकपा के गढ़ के रूप में जाना जाता था। हालाँकि, 2019 के लोकसभा चुनावों में चीजें बदल गईं। कांग्रेस उम्मीदवार वी.के. श्रीकंदन ने माकपा उम्मीदवार और राज्य के मौजूदा स्थानीय स्वशासन मंत्री एम.बी. राजेश को हराकर जीत हासिल की, जो निर्वाचन क्षेत्र से अपना तीसरा चुनाव लड़ रहे थे। पलक्कड़ से कांग्रेस उम्मीदवार की जीत ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। आखिरी बार कांग्रेस ने इस निर्वाचन क्षेत्र से 1991 में जीत हासिल की थी। भाजपा के सी. कृष्णकुमार तीसरे स्थान पर रहे जिन्हें 2.18 लाख से अधिक वोट मिले। श्रीकंदन ने 2019 के आम चुनाव में राजेश को 11 हजार से अधिक वोटों से हराया। राजेश ने 2014 के आम चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री एम. पी. वीरेंद्रकुमार को हराकर एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। इस बार यह निर्वाचन क्षेत्र अनुभवी माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य ए. विजयराघवन की वापसी का भी गवाह बनेगा, जो 1989 में पलक्कड़ से जीते थे, लेकिन 1991 के चुनाव में हार गए थे। विजयराघवन की वापसी से वामपंथी कार्यकर्ताओं में भी उत्साह है। इसी निर्वाचन क्षेत्र से माकपा के ए.के. गोपालन और ई.के. नयनार जैसे दिग्गज नेताओं ने पांच दशक से भी अधिक समय पहले जीत हासिल की थी। कांग्रेस श्रीकंदन के प्रदर्शन और पिनाराई विजयन सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर पर भरोसा कर रही है।

# बिहार में कैबिनेट विस्तार के बाद हुआ मंत्रियों के विभागों का बंटवारा



**एजेंसी। पटना।** नीतीश कैबिनेट के विस्तार के बाद शनिवार को बिहार सरकार के सभी मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सामान्य प्रशासन, गृह विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन और ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवंटित नहीं हुए हैं उसके मंत्री होंगे।

जारी अधिसूचना के मुताबिक, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को वित्त और वाणिज्य कर विभाग, दूसरे डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को पथ निर्माण, खान एवं भूतत्व, कला संस्कृति एवं युवा विभाग जबकि विजय कुमार चौधरी जल संसाधन और संसदीय कार्य विभाग के मंत्री बनाए गए हैं। जदयू के मंत्री बने बिजेन्द्र प्रसाद यादव को ऊर्जा, योजना एवं विकास विभाग, प्रेम कुमार को सहकारिता, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास, संतोष कुमार सुमन को सूचना प्रौद्योगिकी, लघु जल संसाधन, आपदा प्रबंधन, सुमित कुमार सिंह को विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा, रेणु देवी को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, मंगल पांडेय को स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग की जिम्मेवारी दी गई है।

भाजपा के मंत्री बने नीरज कुमार बबलू को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, नीतीश के करीबी कहे जाने वाले मंत्री अशोक चौधरी को ग्रामीण कार्य विभाग, लेसी सिंह को खाद्य उपभोक्ता भी संरक्षण विभाग, मदन सहनी को समाज कल्याण विभाग, नीतीश मिश्रा को उद्योग एवं पर्यटन विभाग, नितिन नवीन को नगर विकास आवास विभाग के साथ साथ विधि विभाग, दिलीप कुमार जायसवाल को राजस्व भूमि सुधार और महेश्वर हजारी को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का दायित्व दिया गया है।

नीतीश कैबिनेट में मंत्री बनीं शीला कुमारी को परिवहन विभाग, सुनील कुमार को शिक्षा विभाग, जनक राम को अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, हरी सहनी को पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, कृष्णनंदन पासवान को गन्ना उद्योग विभाग, जयंत राज को भवन निर्माण विभाग, मोहम्मद जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, रत्नेश सदा को मध्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, केदार प्रसाद गुप्ता को पंचायती राज विभाग, सुरेंद्र महतो खेल विभाग और संतोष कुमार सिंह श्रम संसाधन विभाग का मंत्री बनाया गया है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर दो दिनों में पकड़ा गया 1.72 करोड़ का सोना



**एजेंसी। मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर पिछले दो दिनों में पांच अलग-अलग घटनाओं में 1.72 करोड़ रुपये मूल्य का 2.99 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। यह सोना आरोपितों ने खजूर और शरीर के विभिन्न अंगों में छिपाकर लाए थे। इन सभी मामलों की गहन छानबीन कस्टम की टीम कर रही है। कस्टम सूत्रों ने शनिवार को मीडिया को बताया कि कस्टम की टीम हर दिन मुंबई एयरपोर्ट पर निगरानी कर रही है। इसी कड़ी में कस्टम की टीम ने 14 और 15 मार्च को निगरानी करते हुए पांच अलग - अलग मामलों में 1.72 करोड़ रुपये मूल्य का 2.99 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। इसके साथ ही कस्टम ने कई महंगे मोबाइल फोन और लैपटॉप भी जब्त किए हैं। इस बार एक आरोपित खजूर में छिपा कर सोना लाया था जबकि एक अन्य मामले में आरोपित ने सोना अपने शरीर के गुप्तांग में छिपाकर लाया था। कस्टम सूत्रों ने बताया कि 10 से 12 मार्च तक कस्टम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 4.22 किलोग्राम से अधिक सोना बरामद किया था। पिछली जांच में जब्त की गई वस्तुओं में विभिन्न सोने के आभूषण, सोने के हुक, सैमसंग और आईफोन और डेल लैपटॉप शामिल थे।

# शिखर बैंक घोटाला मामले में अजीत पवार को क्लीन चिट



**एजेंसी। मुंबई।** समाज सेवक अन्ना हजारे ने शिखर बैंक घोटाले में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार को मुंबई पुलिस की ओर से क्लीन चिट दिए जाने का विरोध किया है। अन्ना हजारे की ओर से वकील सतीश तलेकर ने कोर्ट में क्लीन चिट का विरोध किया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 20 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है।

शिखर बैंक घोटाला मामले की क्लोजर रिपोर्ट का विरोध अन्ना हजारे के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री बसंत दादा पाटिल की पत्नी शालिनी ताई पाटिल और माणिकराव जाधव ने भी किया है। महाराष्ट्र पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 25 हजार करोड़ रुपये के शिखर बैंक घोटाले के मद्देनजर एक अतिरिक्त क्लोजर रिपोर्ट स्पेशल कोर्ट में पेश की है। इस मामले की सुनवाई स्पेशल कोर्ट के जज राहुल रोकड़े के समक्ष हो रही है। पिछली सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकीलों ने पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट का कड़ा विरोध किया था और मामले में हस्तक्षेप की इजाजत मांगी थी। तदनुसार कोर्ट ने ईडी को अपनी स्थिति स्पष्ट करने का अवसर दिया था।

# चुनाव की घोषणा से पहले ही जनता ने एनडीए के लिए 400 पार का ऐलान कर दिया : पीएम

## मोदी ने कहा- कांग्रेस और बीआरएस ने तेलंगाना के विकास के सपने को चकनाचूर किया



**एजेंसी। नई दिल्ली।**

**नगरकुर्नूल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना के नगरकुर्नूल में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले ही लोगों ने एनडीए के 400 सीटों के पार जाने पर अपना फैसला दे दिया है। उन्होंने कहा कि आज मैं यहां देख रहा हूं कि तेलंगाना के लोगों ने फैसला कर लिया है कि वे तीसरी बार मोदी को वापस लाना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में 2024 के चुनाव का बिगुल बजने जा रहा है। लेकिन तारीखों के औपचारिक ऐलान के पहले ही देश की जनता ने नतीजों का ऐलान कर दिया है। देश ने घोषणा कर दी है कि अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि नगरकुर्नूल की भीड़ इसका प्रमाण है। 2023 में मैंने विधानसभा चुनाव के दौरान तेलंगाना का दौरा किया था। उस समय मुझे एहसास हुआ कि लोग वास्तव में बीआरएस से नाराज हैं। और आज मैं देख सकता हूं कि तेलंगाना के लोगों ने फिर से मोदी को चुनने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और बीआरएस पर तंज कसते हुए कहा कि दोनों ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया। अब तो यहां कांग्रेस के पंजे का कब्जा हो गया है। पहले बीआरएस की महालूट और अब कांग्रेस की बुरी नजर। ये वैसे ही हालत हैं, जैसे कुएं से निकले-खाई में गिरे। कांग्रेस के लिए तो पूरे राज्य को तबाह करने के लिए पांच साल बहुत हैं। उन्होंने कहा, बीआरएस भी कांग्रेस के ही नक्शेकदम पर चलने वाली पार्टी है। केसीआर तो कहते हैं कि भारत को नए संविधान की जरूरत है। क्या ये बाबा साहब डॉ. अंबेडकर को अपमानित करने का कृत्य नहीं है? केसीआर ने दलित बंधु योजना से दलितों को धोखा दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने केवल गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन गरीबों के जीवन में कोई बदलाव नहीं आया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने दशकों तक देश में गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन गरीब के जीवन में कोई बदलाव आया क्या? कांग्रेस ने एससी, एसटी, ओबीसी को वोटबैंक के तौर पर इस्तेमाल किया। लेकिन समाज के हालात सुधरे क्या? बदलाव तब आया, जब देश ने मोदी को पूर्ण बहुमत का आशीर्वाद दिया। क्योंकि बदलाव की एक ही गारंटी है। मोदी की गारंटी।

उन्होंने कहा क हम तेलंगाना को दक्षिण का प्रवेश द्वार कहते हैं। पिछले 10 वर्षों में तेलंगाना का विकास हमारे लिए प्राथमिकता रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया। तेलंगाना में भी यही बदलाव लाना है। हमारी योजनाओं से एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं और किसानों को सबसे अधिक लाभ होता है।

# जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के चार गुटों पर लगा प्रतिबंध




**एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के चार गुटों- जेकेपीएल (मुख्तार अहमद वाजा), जेकेपीएल (बशीर अहमद तोता), जेकेपीएल (गुलाम मोहम्मद खान) और याकूब शेख के नेतृत्व वाली जेकेपीएल (अजीज शेख) को "गैरकानूनी संगठन" घोषित किया है। इस संबंध में मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है।

यह संगठन जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को भड़काने और अलगाववाद को बढ़ावा देने में शामिल रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति का पालन करते हुए यह फैसला लिया गया है। मोदी सरकार आतंकवाद को कठोरता से कुचलने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा गृह मंत्रालय ने "जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (मोहम्मद यासीन मलिक गुट)" को अगले पांच साल के लिए "गैरकानूनी संगठन" घोषित कर दिया है। यह संगठन जम्मू-कश्मीर में आतंक और अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में लगा हुआ है।

# ईडी और सीबीआई अब स्वायत्त संस्था नहीं रहीं: राहुल गांधी

**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को ठाणे में कहा कि ईडी, सीबीआई सहित अन्य जांच एजेंसियां अब स्वायत्त संस्थाएं नहीं रह गई हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यह सभी जांच एजेंसियां केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही हैं। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ठाणे में शनिवार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनावी बांड योजना दुनिया का सबसे बड़ा वसूली रैकेट है। जब कभी भी उनकी सरकार केंद्र में आएगी तो इसकी जांच कराई जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि कोरोना के दौरान देश में पचास लाख से अधिक लोगों ने अपनी जान गवाई। लेकिन केंद्र सरकार लोगों की कोरोना से हो रही मौत के दौरान भी कोरोना वैक्सिन के नाम पर सीरम इंस्टीट्यूट से करोड़ों रुपये की चंदा-उगाही कर रही थी।

# एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक शख्स को सेना ने पकड़ा

**राजौरी।** भारतीय सेना के जवानों ने शुक्रवार देर शाम को नियंत्रण रेखा (एनओसी) पर पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर के रहने वाले एक व्यक्ति को पकड़ा है, जो भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार देर शाम राजौरी के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना के जवानों ने अग्रिम स्थान पर एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध को सैनिकों ने चुनौती दी और बाद में उसे पकड़ लिया गया। इसके बाद उसे पास के सैन्य शिविर में ले जाया गया जहां उससे पूछताछ की गई। उसे राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर के अंतर्गत आने वाले इलाके में नियंत्रण रेखा पर पकड़ा गया। बाद में व्यक्ति को नौशेरा सेक्टर मुख्यालय ले जाया गया और अब पुलिस को सौंप दिया गया है।

# जम्मू-कश्मीर में लोकसभा के तुरंत बाद होंगे विधानसभा चुनाव



**एजेंसी। नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव लोकसभा के तुरंत बाद कराये जायेंगे। दोनों चुनाव साथ नहीं कराने की प्रमुख वजह पर्याप्त सुरक्षा बलों की कमी है। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सभी राजनीतिक दलों ने केंद्र शासित प्रदेश में दोनों चुनाव साथ-साथ कराने का अनुरोध किया था, लेकिन सभी प्रशासनिक मशीनरी ने कहा कि यह संभव नहीं है क्योंकि विधानसभा में उम्मीदवारों की संख्या काफी ज्यादा होगी।

इतनी बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को सुरक्षा देने के लिए लोकसभा चुनाव के समय पर्याप्त सुरक्षाबल उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि यदि हर 90 विधानसभा सीटों पर 10-12 उम्मीदवार भी खड़े होते हैं तो करीब 1,000 उम्मीदवार होंगे। सुरक्षा के लिए करीब 450-500 जवानों की 1,000 कंपनियों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि ₹लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराये जायेंगे₹ क्योंकि तब सुरक्षा बल उपलब्ध हो जायेंगे।

राजीव कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में 107 विधानसभा सीटों का प्रावधान था, जिसमें 24 पीओके के लिए आरक्षित थे। बाद में डिलिमिटेशन में सीटों की संख्या बढ़ाकर पीओके की 24 सीटों के साथ 114 कर दी गई। इसके अनुरूप जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में संशोधन दिसंबर 2023 में किया गया। इसलिए पहले वहां चुनाव नहीं कराये जा सके।

# यूपी को लेकर दुनिया का परसेप्शन बदला : सीएम योगी



**एजेंसी। मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले सात साल में यूपी पुलिस के बेहतरीन कार्यों का परिणाम है कि आज प्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में अपने आप को बेहतर साबित करने में सफल हुआ है। प्रदेश को लेकर दुनिया का परसेप्शन भी बेहतरीन हुआ है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यूपी में बीते सात साल में कोई दंगा नहीं हुआ, संगठित अपराध समाप्ति की ओर है, सभी बड़े पर्व, त्योहार और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय महत्व के आयोजन सकुशल संपन्न हुए हैं। इसके अलावा अति विशिष्ट महानुभावों का आगमन और अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भी पूरी भव्यता और उल्लास से साथ संपन्न हुआ है। यह यूपी पुलिस के जवानों की मेहनत और कार्यों का परिणाम है। प्रदेश की पुलिसिंग दुनिया में एक नजीर बन रही है।

# चुनाव से पहले कोलकाता में 54 लाख के साथ 3 गिरफ्तार



**एजेंसी। कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने शनिवार को बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से कुछ घंटे पहले उसके एंटी-राउडी सेक्शन (एआरएस) के अधिकारियों ने शहर के दो व्यापारिक केंद्रों पर रात भर चले ऑपरेशन के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 54 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार देर रात एआरएस पुलिस अधिकारियों ने मध्य कोलकाता के बिजनेस हब पोस्टा में एक आवास पर छापा मारा और दो व्यक्तियों से 24 लाख रुपये की राशि जब्त की। पुलिस अधिकारियों ने दोनों आरोपियों से धन के स्रोत के बारे में पूछताछ की और जब वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

इसी तरह, शनिवार सुबह मध्य कोलकाता के बोबाजार थाने के तहत एक आवासीय फ्लैट में एक अन्य व्यक्ति से 30 लाख रुपये की राशि बरामद की गई।

# 26 मार्च से चलेगी देहरादून-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस, जल्द शुरू होगी बुकिंग

### लखनऊ रेलवे स्टेशन से सुबह 5:15 बजे, देहरादून स्टेशन से 2:25 बजे रवाना होगी यह ट्रेन

### देहरादून-लखनऊ के बीच सात स्टेशनों पर यह ट्रेन रुकेगी, आठ घंटे 20 मिनट में तय करेगी सफर

**एजेंसी। देहरादून।** दिल्ली के बाद उत्तराखंड के देहरादून और लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलने से कनेक्टिविटी न केवल बेहतर होगी बल्कि इसमें बढ़ोत्तरी बढ़ेगी। देहरादून-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस होली बाद 26 मार्च से चलेगी। लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस आठ घंटे 20 मिनट में यह सफर पूरा करेगी। जबकि, अन्य ट्रेन यही दूरी तय करने में 11 से 12 घंटे का समय लेती हैं। इसकी बुकिंग भी जल्द ही शुरू होने वाली है। इसका किराए पर मंथन जारी है। यह ट्रेन देहरादून से लखनऊ के बीच में सात स्टेशनों पर रुकेगी। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि शुभारंभ के बाद ट्रेन के संचालन का पूरा शेड्यूल जारी किया जाएगा।

एक ही दिन में दोनों तरफ की यात्रा करने वाली यह पहली ट्रेन- देहरादून और लखनऊ के बीच एक ही दिन में दोनों तरफ की यात्रा करने वाली यह पहली ट्रेन होगी। भारत सरकार ने देहरादून और लखनऊ के बीच रेल यात्रा को सुगम बनाने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन का निर्णय लिया है। इससे पूर्व पिछले वर्ष देहरादून से नई दिल्ली आनंद विहार के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू हुआ था। सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलने वाली लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस लखनऊ से सुबह 5:15 मिनट पर चलेगी और दोपहर 1:35 बजे देहरादून पहुंचेगी। देहरादून से यह ट्रेन 2:25 बजे चलेगी और रात 10:40 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन देहरादून से चलने के बाद सीधे हरिद्वार स्टेशन पर रुकेगी। उसके बाद मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, आलमनगर और अंत में लखनऊ स्टेशन पर रुकेगी। इससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी ही, यात्रियों को खासी राहत मिलेगी।



यह होगा टाइम टेबल-वंदे भारत ट्रेन नंबर 22545 लखनऊ जं.-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस 26 मार्च से सप्ताह में छह दिन (सोमवार को छोड़कर) लखनऊ जं. से 05.15 बजे प्रस्थान कर बरेली जं. से 08.35 बजे, मुरादाबाद जं. से 09.57 बजे और हरिद्वार से 12.15 बजे छूटकर देहरादून 13.35 बजे पहुंचेगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

**वृष :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। शुभांक-5-6-9

**मिथुन :** वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। शुभांक-2-5-7

**कर्क :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। शुभांक-5-6-7

**सिंह :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-6-8-9

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-6-7-8

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। शुभांक-5-6-8

**धनु :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। शुभांक-5-6-7

**मकर :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। शुभांक-5-8-9

**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-7-9

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

# दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी के बीच खिताबी भिड़ंत आज

**नई दिल्ली। एजेंसी**
रविवार की रात 7:30 अरुण जेटली स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ एक रोमांचक खिताबी भिड़ंत की गवाह बनेगी, जब मेग लैनिंग की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स आत्मविश्वास से भरी स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम से भिड़ेगी।

पिछले साल डब्ल्यूपीएल 2023 में मुंबई से हारकर उपविजेता बनने के बाद दिल्ली के पास अब अपने घरेलू मैदान पर खिताब जीतने का सुनहरा मौका है। उनका प्रभावशाली फॉर्म उन्हें अपना पहला डब्ल्यूपीएल खिताब हासिल करने में मदद कर सकता है, क्योंकि उन्होंने अंक तालिका में शीर्ष पर रहकर सीधे फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। इसके अलावा, डब्ल्यूपीएल इतिहास में आरसीबी के खिलाफ अपनी सभी चार भिड़ंत में दिल्ली विजेता रही है। प्रतियोगिता में दो हार को छोड़कर, बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने दिल्ली की अजेय छवि को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया की कई बार विश्व कप विजेता कप्तान मेग लैनिंग ने आत्मविश्वास के साथ दिल्ली का नेतृत्व किया है, जबकि आठ पारियों में 308 रन बनाए हैं, और उन्हें शीर्ष क्रम में दूसरे छोर से बड़ी हिट शैफाली वर्मा का समर्थन मिला है। इस सीजन में बल्ले से दिल्ली की सफलता में जेमिमा रोड्रिग्स और एलिस कैप्सी भी रन बनाने वाली प्रमुख खिलाड़ी रही हैं। गेंदबाजी विभाग में, तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मारिजैन कप्प और बाएं हाथ के स्पिनर जेस जोनासन ने 11 विकेट लिए हैं, जिससे वे टीम के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गयी हैं। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव के साथ-साथ तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी, शिखा पांडे और तितास साधु भी डीसी के लिए गेंद से भरोसेमंद खिलाड़ी रही हैं। लेकिन जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता था, तो उन्होंने हार नहीं मानी और मुम्बई को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

उनकी उम्मीदें फिर से स्मृति, ऋचा घोष और एलिस पैरी, जो 312 रनों के साथ डब्ल्यूपीएल 2024 के लिए रन-स्कोरिंग चार्ट में सबसे आगे हैं। यह सभी विभागों में पर्याप्त मारक क्षमता वाली दो टीमों के बीच आमना-सामना होगा और वे हर गेंद को अपना सर्वश्रेष्ठ संभव शॉट देना चाहेंगे, जो रविवार को बिकने वाली भीड़ को उसके पैसे का मूल्य देगा।



## डब्ल्यूपीएल फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ खेलने के लिए हूं उत्सुक : मेग लैनिंग

आरसीबी के खिलाफ फाइनल मुकाबले को लेकर मेग ने कहा, यह एक रोमांचक मैच होने वाला है। हम वास्तव में इसके लिए उत्साहित हैं। उम्मीद है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ खेलेंगे। उन्होंने कहा, हमने पूरे टूर्नामेंट में कुछ रोमांचक क्रिकेट देखा, इसलिए मैं कल कुछ भी कम होने की उम्मीद नहीं कर रही हूँ। हम आरसीबी के खिलाफ आ रहे हैं जिन्होंने बेहतरीन क्रिकेट खेली है। उन्होंने दिखाया है कि जब वे दबाव में होते हैं तो वे बेहतरीन क्रिकेट खेलने में सक्षम होते हैं। यह हमारे समूह के लिए एक बड़ी चुनौती है और मुझे पूरा विश्वास है कि हम इसे पूरा करने में सक्षम होंगे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**दिल्ली कैपिटल्स :** एलिस कैप्सी, अरुंधति रेड्डी, जेमिमा रोड्रिग्स, जेस जोनासन, लॉरा हैरिस, मारिजैन कप्प, मेग लैनिंग (कप्तान), मिन्नू मणि, पूनम यादव, राधा यादव, शैफाली वर्मा, शिखा पांडे, स्नेहा दीप्ति, तानिया भाटिया (विकेट-कीपर), तितास साधु, एनाबेल सदरलैंड, अपर्णा मंडल और अश्विनी कुमारी

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर :** स्मृति मंधाना (कप्तान), आशा शोभना जॉय, दिशा कसाट, एलिस पेरी, नादिन डी क्लार्क, इंद्राणी रॉय, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, सोफी डिवाइन, जॉर्जिया वेयरहम, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, शुभा सतीश, सब्बिनेनी मेघना, सिमरन बहादुर और सोफी मोलिनक्स

## रांची ने बोकारो को 49 रनों से हराया बना चैंपियन




**रांची।** रांची के जेएससीए स्टेडियम मे खेले गए एचपी बोधन वाला ट्रॉफी सीनियर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप के फाइनल मुकाबले रांची ने बोकारो को वर्षा से प्रभावित मैच मे जेएससीए मैथड से 49 रनो से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने 49 ओवरों मे सभी विकेट खोकर 218 रन बनाए कप्तान नाजिम ने 53 अश्विनी ने 43 मोहित और पंकज ने 31 रन बनाए बोकारो के लिए रवि कुमार यादव ने 43 रन देकर 5 विकेट लिए 219 रनो का पीछा करने उतरी बोकारो की टीम 22 ओवरों 8 विकेट खोखर 76 रन बनाकर खेल रही थी तभी बारिश आ गई और फि र दोबारा मैच सुरु नही हो पाया जिस चलते अंपायर्स ने जेएससीए मैथड से रांची को विजेता घोषित किया।

## राज्यस्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कल

**रांची।** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रांची स्थित मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, खेलगांव परिसर में आगामी 18 से 19 मार्च तक राज्यस्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया जा रहा है। 18 मार्च को अपराह्न 4:00 बजे ओपनिंग सेरेमनी होगी। 19 मार्च को अपराह्न 4:00 बजे समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## खबरें व्यापार जगत की

### आईओसी ने लक्षद्वीप में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 15.3 रुपये की कटौती की



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती कर आम जनता को बड़ी राहत दी है। आईओसी ने लक्षद्वीप के द्वीपों में पेट्रोल-डीजल के दाम 15.3 रुपये प्रति लीटर घटा दिए हैं। नई दरें शनिवार से लागू हो गई हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आईओसी के हवाले से 'एक्स' पोस्ट जारी बयान में कहा कि आईओसी ने लक्षद्वीप के द्वीपों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 15.3 रुपये प्रति लीटर तक कटौती की हैं। मंत्रालय के मुताबिक आईओसी के सुदूर द्वीपों तक ईंधन पहुंचाने के लिए विशेष बुनियादी ढांचा तैयार किया है। इस खर्च की वसूली के लिए लागू अतिरिक्त शुल्क हटाने से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी हुई है।

### गांव की महिलाएं भी आसानी से कर सकती हैं डिजिटल सुविधाओं का इस्तेमाल : सीतारमण



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल विकास के दशक ने महात्मा गांधी की परिकल्पना के अनुसार स्वतंत्रता के लाभों को बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि अब डिजिटल सुविधाओं का इस्तेमाल गांव में रहने वाली सामान्य महिलाएं भी आसानी से कर सकती हैं। सीतारमण ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में स्थित इंदिरा गांधी कॉलेज (एसआईजीसी) में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण के बाद आयोजित समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल परिवर्तन से महात्मा गांधी द्वारा परिकल्पित स्वतंत्रता के लाभ पिछले 10 सालों में तेज हो गए हैं। उन्होंने अपने संबोधन में बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा और कृषि के क्षेत्र में डिजिटलीकरण में देश की सर्वोच्चता पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री इंदिरा गांधी कॉलेज में पीपल के पेड़ के नीचे ऐतिहासिक स्थान पर राष्ट्रपिता की एक प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में टेक्नोलॉजी ने दुनिया को इतना आसान बना दिया है कि अब डिजिटल सुविधाओं का इस्तेमाल गांव में रहने वाली सामान्य महिलाएं भी आसानी से कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने साम्राज्यवाद से आजादी के लिए लड़ाई लड़ी और भारत अब आर्थिक आजादी की दिशा में काम कर रहा है। निर्मला सीतारमण ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले साल भारत ने पूरे भारत में जी-20 की मेजबानी की थी। हमारे जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता का अंतरराष्ट्रीय प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि ब्राजील ने कहा है कि वे भारत द्वारा तय मानकों को पूरा कर सकते हैं। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में स्थित कल्लुकुली अंजनेयार मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस को वर्ष 2023 के लिए मिला सीएपी 2.0 पुरस्कार




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को 2023 के लिए क्लाइमेट एक्शन प्रोग्राम 2.0 पुरस्कार मिला है। कंपनी को यह पुरस्कार भारतीय उद्योग परिसंघ ने दिया है। अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनिल सरदाना ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एईएसएल को 2023 के लिए भारतीय उद्योग निकाय सीआईआई के प्रतिष्ठित क्लाइमेट एक्शनप्रोग्राम 'सीएपी 2.0 पुरस्कार' दिया गया है। कंपनी को यह पुरस्कार 'रेजिलिएंट कैटेगरी' में प्रदान किया गया है। सरदाना ने कहा कि यह पुरस्कार चुनौतियों का सामना करने में निरंतर सुधार के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सीआईआई से यह पुरस्कार पाकर हमें खुशी हो रही है। यह पुरस्कार भविष्य की टिकाऊ प्रथाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और जलवायु चुनौतियों से निपटने के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है।

### लोकसभा चुनाव के बाद ब्रिटेन-भारत के बीच एफटीए पर हो सकता है समझौता



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) को लेकर चल रही 14वें दौर की वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। इस दौर की बातचीत में कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया है। हालांकि, इस बीच ब्रिटेन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि भारत में होने वाले आगामी चुनाव के बाद एफटीए पर समझौता संभव हो सकेगा। मुक्त व्यापार समझौता पर दोनों देशों के बीच एक दिन पहले संपन्न 14वें दौर की वार्ता से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से बातचीत की थी। वार्ता में दोनों नेता एक ह्यऐतिहासिक और व्यापक समझौतेह्व तक पहुंचने के महत्व पर सहमत हुए, जिससे दोनों देशों को लाभ होगा। पिछले हफ्ते ही भारत ने यूरोपीय राष्ट्रों के समूह के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। दरअसल, भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी। दोनों देशों के बीच अबतक 14 दौर की बातचीत हो चुकी है। भारत और ब्रिटेन के बीच होने वाले इस समझौते में 26 अध्याय हैं, जिसमें सामान, सेवाएं, निवेश, और बौद्धिक संपदा अधिकार मुख्य रूप से शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भारत-ब्रिटेन के बीच सालाना व्यापार अभी 38.1 अरब पाउंड के करीब है। वहीं, हाल में भारत ने यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किया, इनमें नॉर्वे, आइसलैंड, स्विट्जरलैंड और लिकटेंस्टीन शामिल है। इस समझौते में शुल्कों को कम करने की प्रतिबद्धता जताई गई है, जिससे अगले 15 वर्षों में भारत को 100 अरब डॉलर का निवेश प्राप्त होगा।

### सरकार की मदद से भारत का गेमिंग सेक्टर तेजी से बढ़ने को तैयार : गेमजॉप सीईओ

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन गेमिंग प्लेटफॉर्म गेमजॉप के सीईओ और सह-संस्थापक यशश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि सरकार ने गेमिंग इंडस्ट्री की ग्रोथ के लिए कई पहल की है। भारत में गेमिंग सेक्टर व्यापक सरकारी रणनीति से प्रेरित होकर छलांग लगाने के लिए तैयार है। यशश अग्रवाल ने कहा, "सरकार ने 100 फीसदी फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट की अनुमति देकर एक आकर्षक व्यावसायिक माहौल तैयार किया है, जिससे विदेशी निवेशक भारतीय गेमिंग फर्मों के साथ मिलकर काम कर सकें। सीईओ यशश अग्रवाल ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "सरकार ने हाल ही में ईस्पोर्ट्स को मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट के रूप में आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर एक मील का पत्थर हासिल किया है। यह युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधीन रखता है। इससे फंडिंग, स्पॉन्सरशिप और सेक्टर के प्रोफेशनलाइजेशन में वृद्धि के रास्ते खुलते हैं।" गेमजॉप एक मल्टी-गेम प्लेटफॉर्म है। भारत में 45-55 करोड़ खिलाड़ियों का विशाल गेमिंग वर्ग है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय गेमिंग इंडस्ट्री ने 3.1 अरब डॉलर का राजस्व अर्जित किया, जो कि वित्त वर्ष 2021-22 में 2.6 अरब डॉलर से 19 प्रतिशत अधिक है।

## मिचेल स्टार्क की आईपीएल में हुई वापसी




**नई दिल्ली। एजेंसी**
ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वापसी पर रोमांचित हैं और उन्होंने अपनी वापसी को लेकर खुलकर बात की है। लगभग नौ वर्षों के बाद, स्टार्क आगामी 2024 संस्करण में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के रंग में रंगते हुए, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी करने के लिए तैयार है। नीलामी में स्टार्क की 24.70 करोड़ रुपये की भारी कीमत ने सुर्खियां बटोरीं, जिसने उन्हें गुजरात टाइटन्स के साथ एक जबरदस्त बोली युद्ध के बाद आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया। अनुभवी तेज गेंदबाज, जिन्होंने आईपीएल के शुरूआती सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व किया था, केकेआर के साथ इस नए अध्याय को शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, उन्होंने फ्रेंचाइजी के साथ फिर से जुड़ने की संभावना के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया है। अपनी आईपीएल यात्रा पर विचार करते हुए, स्टार्क ने लीग में अपने पिछले कार्यकाल और 2018 में केकेआर में शामिल होने से हटने के अपने फैसले को स्वीकार किया। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ आईपीएल के दो सीजन खेले और दोनों अभियानों में 34 विकेट लिए थे। क्रिकेट.कॉम.एयू के साथ एक साक्षात्कार में, स्टार्क ने आईपीएल के गतिशील वातावरण को अपनाने के लिए अपनी तत्परता पर जोर देते हुए, आगामी चुनौती के लिए अपना उत्साह साझा किया। टीम साथियों की एक नई सूची और नए उद्देश्य की भावना के साथ, स्टार्क दुनिया की प्रमुख टी20 प्रतियोगिता में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है, और व्यवसाय में सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के अवसर का आनंद ले रहे हैं। कहा, मुझे लगता है कि आठ साल हो गए हैं। केकेआर में वापस आ गया हूं जहां मुझे 2018 में होना चाहिए था। मैं गोल्ड और पर्पल हासिल करने के मौके के लिए वहां वापस आऊंगा। मुझे लगता है कि मेरी यादें कुछ और दूर की हैं 2014 और 2015 में आरसीबी के साथ, लेकिन हां, इसमें शामिल होने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं।" केकेआर 23 मार्च को प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने सीजन का पहला मैच खेलेगा।

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बनने की दौड़ से बाहर हुए शेन वॉटसन



**नई दिल्ली। एजेंसी**
पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन सीमित ओवरों के क्रिकेट में पाकिस्तान के मुख्य कोच बनने की दौड़ से बाहर हो गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक, अपनी वर्तमान कोचिंग और कमेंटरी प्रतिबद्धताओं को अल्प सूचना पर छोड़ने के बजाय वे क्वेटा ग्लैडिएटर्स को कोचिंग देने के साथ-साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की कमेंट्री और मेजर लीग क्रिकेट टीम सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न के मुख्य कोच का पद भी वॉटसन की प्रतिबद्धताओं में से एक है। शुक्रवार को पीएसएल 9 से क्वेटा ग्लैडियेटर्स के बाहर होने के बाद, वॉटसन पहले ही पाकिस्तान छोड़ चुके हैं। मोहसिन नकवी के नेतृत्व वाला पीसीबी, क्रिकेट टीम के लिए एक मजबूत कोचिंग स्टाफ नियुक्त करना चाहता है। घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए समय पर रिक्ति को भरने के लिए, पीसीबी विदेशी सलाहकारों के साथ स्थानीय कोचों की नियुक्ति की संभावना पर भी विचार कर रहा है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज 18 अप्रैल से शुरू होगी। बता दें कि मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक, जिन्हें नवंबर 2023 में उनके पोर्टफोलियो में बदलाव के बाद लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्थानांतरित कर दिया गया था, ने इस साल जनवरी में अपने संबंधित पद छोड़ दिए हैं। अप्रैल 2023 में, आर्थर को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम का निदेशक नामित किया गया था, जबकि ब्रैडबर्न को पिछले साल की शुरूआत में पाकिस्तान राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर पुटिक ने अप्रैल 2023 से बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया। पीसीबी के अनुसार, यह निर्णय सभी पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण ढंग से लिया गया।

## घुटने की चोट से उबरने में 'अच्छी प्रगति' दिखा रहे हैं नेमार



लास्मार ने कहा, उम्मीद है कि इस समय के बाद नेमार पूरी तरह से ठीक हो जाएंगे और बिना किसी प्रतिबंध के उच्च प्रदर्शन के साथ उच्च स्तर पर खेलना शुरू करने के लिए तैयार होंगे।



**नई दिल्ली। एजेंसी**
ब्राजील टीम के डॉक्टर रोड्रिगो लास्मार ने शुक्रवार को कहा कि स्टार फॉरवर्ड नेमार घुटने की गंभीर चोट से उबरने की राह पर हैं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 17 अक्टूबर, 2023 को विश्व कप क्वालीफायर में उरुग्वे से ब्राजील की 2-0 की हार में उनके बाएं घुटने की चोट के बाद से 32 वर्षीय खिलाड़ी ने नहीं खेला है। लास्मार ने समाचार पत्र ओ टेम्पो से कहा, नेमार ने अच्छी प्रगति दिखाई है और उम्मीद है कि वह नौ या 10 महीने की रिकवरी अवधि के बाद मैदान पर वापसी करेंगे। हम प्रक्रिया के आधे रास्ते पर भी नहीं हैं और केवल जब हम नौ से 10 महीने की समय सीमा के करीब होंगे तो यह कहना संभव होगा कि वह कब वापस आ सकते हैं। नेमार ने पहले ही अपने क्लब अल हिलाल में मेडिकल स्टाफ की निगरानी में मांसपेशियों को मजबूत करने का काम शुरू कर दिया है। पूर्वानुमान लगभग निश्चित रूप से नेमार को 20 जून से 14 जुलाई तक संयुक्त राज्य अमेरिका में खेले जाने वाले कोपा अमेरिका से बाहर कर देगा। पांच बार के विश्व कप विजेता ब्राजील को महाद्वीपीय टूर्नामेंट ग्रुप डी में कोलंबिया, पराग्वे तथा कनाडा और त्रिनिदाद-टोबैगो के बीच प्लेऑफ के विजेता के साथ रखा गया है।

## ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हुए विक्टर एक्सेलसन



**नई दिल्ली। एजेंसी**
पुरुष एकल के शीर्ष वरीय डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर हो गए। वह क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग से हार गए। ओलंपिक चैंपियन एक्सेलसन ने पहला सेट 21-8 से जीत लिया, लेकिन मजबूत गिंटिंग ने अगले दो सेट 21-18, 21-19 से जीतकर डेन के खिलाफ अपनी 11 मैचों की हार के सिलसिला को समाप्त कर दिया। पांचवीं वरीयता प्राप्त गिंटिंग का सेमीफाइनल में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से सामना होगा, जिन्होंने जापान के लोकी वतनबे को 21-17, 21-10 से हराया। महिला एकल में, चीन की ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई को स्पेन की कैरोलिना मारिन ने 21-17, 21-15 से हराया, वहीं दुनिया की नंबर 1 एन से-यंग को सेमीफाइनल में जापानी दिग्गज अकाने यामागुची का सामना करना है। 26 वर्षीय चेन ने स्वीकार किया कि वह टूर्नामेंट के दौरान 100% फिट नहीं थीं लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि यह उनकी हार का कारण नहीं था। उन्होंने सिन्हुआ के हवाले से कहा,मुझे लगता है कि मैं कोर्ट पर पर्याप्त आश्वस्त नहीं हूं और मैं समय पर अपने खेल को समायोजित नहीं कर सकी।

## गावस्कर ने रणजी खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ाने की वकालत की

**नई दिल्ली। एजेंसी**
भारत के महान खिलाड़ी और पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से आग्रह करते हुए घरेलू क्रिकेटरों, खासकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट से जुड़े क्रिकेटरों के लिए पारिश्रमिक में उल्लेखनीय वृद्धि करने की वकालत की है।

टेस्ट क्रिकेटरों को प्रोत्साहन देने के बीसीसीआई के हालिया कदम की सराहना करते हुए, गावस्कर ने राष्ट्रीय टीम के लिए प्राथमिक फीडर प्रणाली रणजी ट्रॉफी का समर्थन करने के महत्व पर जोर दिया। गावस्कर ने कहा, बीसीसीआई द्वारा खेलने वालों को पुरस्कृत करना एक अद्भुत बात है, लेकिन मैं बीसीसीआई से यह भी अनुरोध करूंगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि टेस्ट टीम के फीडर, जो कि रणजी ट्रॉफी है, का भी ध्यान रखा जाए।

अगर रणजी ट्रॉफी की फीस दोगुनी या तिगुनी की जा सकती है, तो निश्चित रूप से बहुत अधिक लोग रणजी ट्रॉफी खेलेंगे, और रणजी ट्रॉफी से बहुत कम लोग हटेंगे, क्योंकि अगर रणजी ट्रॉफी मैच खेलने की फीस एक अच्छी फीस है और विभिन्न कारणों से कम लोग बाहर निकलेंगे।" गावस्कर ने ईशान किशन जैसे उदाहरणों का हवाला देते हुए अधिक फीस और घरेलू टूनार्मेंटों से खिलाड़ियों की कम निकासी के बीच संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट के लिए पुरस्कारों के संबंध में राहुल द्रविड़ की भावनाओं को दोहराया और खेले गए प्रथम श्रेणी मैचों की संख्या के आधार पर एक स्लैब प्रणाली का प्रस्ताव रखा। रणजी ट्रॉफी खेलों के शेड्यूल को लेकर खिलाड़ियों द्वारा उठाई गई चिंताओं को संबोधित करते हुए, गावस्कर ने पर्याप्त आराम और रिकवरी के लिए मैचों के बीच लंबे अंतराल की वकालत की।



**गावस्कर ने चैंप्स फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में कहा-**
"मैं बीसीसीआई से उस पहलू पर भी गौर करने का अनुरोध करूंगा, जिन खिलाडियों के 25 साल पूरे हो गए हैं।"

# झारखंड में चार चरणों में होगा मतदान गांडेय विधानसभा में भी उपचुनाव की घोषणा

**उपेंद्र गुप्ता**

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का शनिवार को घोषणा कर दिया । देश में सात चरणों में चुनाव होंगे। इसके साथ ही देश में आचार संहिता लागू हो गया । झारखंड में चार चरणों में मतदान होगा, जो चौथे चरण से शुरू होगा। पहले चरण में 13 मई को चार लोकसभा क्षेत्र सिंहभूम, खूंटी, पलामू और लोहरदगा में वोटिंग होगी । जबकि दूसरे चरण में 20 मई को चतरा, कोडरमा, हजारीबाग में मतदान होगा। तीसरे चरण में 25 मई को गिरिडीह, रांची, धनबाद और जमशेदपुर और चौथे चरण में 1 जून को राजमहल, गोड्डा और दुमका में वोट डाले जाएंगे । चुनाव आयोग ने राज्य के गांडेय विधानसभा क्षेत्र में भी 20 मई को विधानसभा उपचुनाव कराने की घोषणा की है।

**राज्य में ढाई करोड मतदाता करेंगे मतदान :** देश में चुनाव घोषणा के बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने भी मुख्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया । के रविकुमार ने बताया कि राज्य के 2 करोड़ 53 लाख 86 हजार 152 इस बार मतदान करेंगे , जिसमें 1 करोड़ 24 लाख 48 हजार 225 महिला और एक करोड़ 29 लाख 37 हजार पुरुष मतदाता शामिल हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 469 है। जबकि 18 से 22 साल के 22 लाख 33 हजार 738 मतदाता पहली बार वोट डालेंगे । जिसमें 10 लाख 93 हजार 718 पुरूष और 11 लाख 39 हजार 960 महिला और 60 ट्रांस जेंडर मतदाता है । राज्य में 80 साल से अधिक उम्र के करीब 3 लाख 22 हजार 709 मतदाता और 85 साल से उपर 1लाख,39 हजार,445 मतदाता हैं । राज्य में कुल 29 हजार 521 बुथ बनाए गए हैं, जो पिछली बार से 57 बुथ अधिक है।

**सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी नजर :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान फेक न्यूज पर कड़ी नडर रकी जाएगी । जिला स्तर से लेकर राज्य पर गटित कमेटी इसकी मॉनिटरिंग करेगा । युवा वोटरों को मतदान के लिए विशेष कैंपेन भी चलाया जाएगा, ताकि वे मतदान कर सकें। एक सवाल के जवाब में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला-पुरूष शहरी लोगों के अपेक्षा अधिक मतदान के प्रति जागरूक होते हैं। नोडल पुलिस पदाधिकारी एमवी होमकर ने कहा कि राज्य में निष्पक्ष और शांति पूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह से तैयार है, इसके लिए पुलिस अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है ।




## गांडेय विधानसभा में उपचुनाव 20 मई को

लोकसभा के साथ गांडेय विधानसभा का भी उपचुनाव कराने का फैसला चुनाव आयोग ने दिया है । कोडरमा झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद यह सीट खाली हुई थी। जो अब राज्यसभा सदस्य के रूप चुने गए हैं। गांडेय विधानसभा में 20 मई को मतदान कराया जाएगा । गांडेय कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में आता है और यहां 20 मई को मतदान किया जाना है । गांडेय विधानसभा में उपचुनाव पर सियासत भी गर्म हो गया है,

**झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय** ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के दवाब में नहीं आयी और संवैधानिक प्रक्रिया पूरी कर रही है, चुनाव योग के घोषणा के अब भाजपा नेता निशिकांत दुबे और बाबूलाल मरांडी से पूछा जाना चाहिए कि वे लोग किस नियम का हवाला दे रहे थे । झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि इस सीट से झामुमो मजबूती के साथ मैदान में उतरेंगे, प्रत्याशी के नाम की घोषणा दिशोम गुरूजी और पार्टी करेगी । इस सीट से कल्पना सोरेन का नाम सबसे उपर है अगर वो चुनाव लड़ना चाहेगी तो पार्टी जरूर मैदान में उतारेगी ।

**भाजपा प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा** ने कहा कि गांडेय विधानसभा में उपचुनाव कराने का निर्णय आयोग ने सोच-समझ कर ही लिया होगा । जहां तक बात एक साल से कम समय में चुनाव कराने या ना कराने की बात का है, तो कोर्ट का रिफरेंस पर तर्क दिया जाता ही है। इसमें की नई बात नहीं है । गांडेय विधानसभा उपचुनाव पर पार्टी पूरी तैयारी के साथ लड़ेगी, भाजपा हमेशा चुनाव मोड में रहता है, उनलोगों को तैयारी करनी पड़ी है, जो चुनाव के समय जागते हैं ।

## झारखंड में थीम के आधार मॉडल बूथ के रूप में स्थापित होंगे सभी 29,521 मतदान केंद्र

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि इस बार लोकसभा चुनाव में राज्य के सभी मतदान केंद्रों को मॉडल बूथ के रूप में स्थापित किया जाएगा। बिजली, प्रकाश, पेयजल, सुरक्षा, स्वच्छता, पार्किंग, आवागमन सहित तमाम बुनियादी सुविधाएं हर केंद्र पर उपलब्ध होंगी। उद्देश्य यह है कि मतदान का दिवस लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाया जाए और मतदान के जरिए इसमें अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित कराई जाए। राज्य में 29,521 बूथ स्थापित होंगे और हर बूथ को खास थीम पर विकसित करने की तैयारी चल रही है। लोग स्वतःस्फूर्त तरीके से मताधिकार का इस्तेमाल करने पहुंचे, इसके लिए बूथ लेवल से लेकर राज्य स्तर तक अभियान चल रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं, महिला एवं पर्दानशीं मतदाताओं, वरिष्ठ मतदाताओं की सहायता के लिए समुचित व्यवस्था रहेगी। निर्वाचन कार्य गर्मी के मौसम में हो रहा है, ऐसे में सभी मतदान केन्द्रों पर शेड एवं पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं। शहरी मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों के समीप ही पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिन मतदान केंद्रों पर सबसे बेहतर व्यवस्था रहेगी, वहां के बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। बूथों की व्यवस्था को लेकर सोशल ऑडिट इकाई के माध्यम से राज्य के 600 पोलिंग बूथों का रेंडम सामाजिक अंकेक्षण करवाया गया था। इसके आधार पर निर्वाचन आयोग के अफसरों ने अलग-अलग जिलों का दौरा कर बूथों का निरीक्षण किया और इसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को सोशल ऑडिट के जरिए सामने आई कमियों को निश्चित समय सीमा के भीतर दूर करने को कहा गया। सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि सभी मतदान केंद्रों पर अपने मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं का भौतिक सत्यापन कराकर आगामी 27 मार्च तक रिपोर्ट जमा करें।

# खूंटी संसदीय सीट में बढ़ती जा रही है चुनावी तपिश

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां बढ़ने लगी है। सभी दलें जनता को साधने के लिए तैयारियों में जुटी है।जनजातियों के लिए आरक्षित खूंटी संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक सक्रिय भाजपा नजर आ रही है, जबकि कांग्रेस का अब तक प्रत्याशी की घोषणा न होने से पार्टी कार्यकताओं में निराशा है। शहर से लेकर गांव-देहात तक राजनीतिक वाद-विवाद का बाजार गर्म है। राजनीतिक दल चुनाव प्रचार के लिए रणनीति बनाने में जुट गये हैं। चुनावी जंग को लेकर एक से एक राजनीतिक धुरंधर मैदान में आकर भाजपा और कांग्रेस की जीत-हार का समीकरण की भविष्यवाणी करने लगे हैं।

**अर्जुन मुंडा के खिलाफ कौन होगा कांग्रेस का उम्मीदवारा :** लोकतंत्र के महापर्व का बिगुल बजते ही एक ओर जहां भाजपा ने जमीनी स्तर से अपनी तैयारी शुरू कर दी है, वहीं कांग्रेस द्वारा अब तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं होने से कार्यकताओं में ऊहापोह की स्थिति है। जिला कांग्रेस के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता कहते हैं कि पहले ही उम्मीदवार की घोषणा होने से कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में उतर जाते, जैसे भाजपा ने किया। पार्टी ने पहले ही प्रत्याशी की घोषणा कर दी और कार्यकर्ता मुस्तैदी चुनाव प्रचार की रणनीति बनाने में जुट गये। राजनीतिक के जानकार बताते हैं कि कांग्रेस के टिकट के सबसे पबल दावेदारों में पूर्व विधायक और तीन बार खूंटी संसदीय सीट से किस्मत आजमा चुके काली चरण मुंडा और विस्थापन विरोधी आंदोलन की नेता दयामनी बारला शामिल हैं। वैसें प्रभाकर तिर्की और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू भी टिकट की दौड़ में शामिल हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**चुनावी महाभारत का शंखनाद...**
अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। चुनाव आयोग ने 8 फरवरी को सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के मतदाताओं से जुड़ी स्पेशल समरी रिवीजन 2024 रिपोर्ट जारी की थी। चुनाव आयोग ने बताया कि मतदाता सूची में 18 से 29 साल की उम्र वाले 1.80 करोड़ नए वोटर्स को जोड़ा गया है। 2019 लोकसभा चुनाव के मुकाबले रजिस्टर्ड मतदाताओं की संख्या में 6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। चुनाव आयोग ने कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा 96.88 करोड़ वोटर्स लोकसभा चुनावों में वोटिंग के लिए रजिस्टर्ड हैं। साथ ही, जेंडर रेशियो भी 2023 में 940 से बढ़कर 2024 में 948 हो गया है।

**संदिग्ध लेन-देन पर कड़ी निगरानी :** कई तरह की शेरो-शायरी वाली व्यंग लाइनों के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने चुनाव की तैयारियों पर कहा कि 'पेमेंट वॉलेट' के माध्यम से संदिग्ध लेन-देन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। यदि मतदान के दौरान कहीं भी हिंसा होती है, तो सख्ती से निपटा जाएगा। चुनावों के दौरान सीमाओं पर ड्रोन से नजर रखी जाएगी।

**चार 'एम' महत्वपूर्ण :** वर्ष 2024 के आमचुनाव में चार 'एम' महत्वपूर्ण हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग अपने 'मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट' से मसल (बाहुबल), मनी (पैसा), मिस इंफॉर्मेशन (गलत सूचना) को नियंत्रित करेगा। चुनाव आयोग चार 'एम' से निपटने के लिए पूरी तैयारी की है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देशभर में 85 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं और दिव्यांगों के लिए घर से मतदान की सुविधा उपलब्ध होगी। निर्वाचन आयोग ने कहा, 'हमारा वादा इस तरह से राष्ट्रीय चुनाव कराने का है, जिससे विश्व स्तर पर भारत का गौरव बढ़े।'

**पलामू लोकसभा का नोटिफिकेशन...**
उल्लेख करते हुए कहा कि पलामू व चतरा संसदीय क्षेत्र में बंटे पलामू के पांच विधानसभा क्षेत्रों में पलामू लोकसभा क्षेत्र में आने वाले डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर व हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में चौथे चरण में जबकि चतरा लोकसभा क्षेत्र में आने वाले वाले पांकी संपूर्ण व मनिका क्षेत्र के आंशिक एरिया में चुनाव पांचवें चरण में होगा। मौके पर नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन , अनुमंडल पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर अनुराग तिवारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार मौजूद थे।

**ग्रामीण बच्चों को कॉलेज की पढ़ाई के लिए...**
आप अपनी पढ़ाई कर सकते हैं । इसके लिए अब आपको शहरों का रुख नहीं करना होगा। ग्रामीण इलाकों में बच्चों को प्राइमरी से लेकर कॉलेज तक की बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा, विधायक जोबा मांझी, सुखराम उरांव और दशरथ गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन और कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त और डीआईजी समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

**प्राथमिक विद्यालय से ही मातृभाषा में शिक्षा :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इस कड़ी में अब प्राथमिक विद्यालयों से कुड़ुख, हो, मुंडारी और संथाली जैसी जैसी जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई शुरू की जा रही है। इसके लिए विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति करने के निर्देश दे दिए गए हैं। हमारी सरकार जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को संरक्षित करने के साथ उसे अलग पहचान देने की दिशा में काम कर रही है।

**शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने को कई योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई हैं। यहां के शिक्षण संस्थानों को जरूरी संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। गरीब बच्चों को अपने ही गांव-घर में क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा मॉडल स्कूल खोले गए हैं। आर्थिक तंगी की वजह से बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना वृद्धि की गई है। छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना से जोड़ा जा रहा है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के जरिये विद्यार्थियों को मेडिकल इंजीनियरिंग जैसे कोर्सेज करने के लिए 15 लाख रुपये तक शिक्षा ऋण दिया जा रहा है। मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है।

**स्कूली बच्चों को निःशुल्क...**
महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने की योजना भी मंजूर की है। साहेबगंज मेगा जलापूर्ति योजना के लिए 200 करोड़, रांची के अनगड़ा में पुल के लिए 112 करोड़, किसान समृद्धि योजना के लिए 80 करोड़, पांकी में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए 53 करोड़, दुमका-मोहनपुर पथ के लिए 77 करोड़, गढ़वा के चकला पथ के लिए 69 करोड़, बेरमो में बाइपास रोड के लिए 90 करोड़, देवीपुर में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए 37 करोड़ रुपये की योजनाओं को कैबिनेट ने मंजूर किया है। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत जनजाति क्षेत्र में 91 आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित करने की मंजूरी दी गई है। राज्य में मिलेट की खेती 40 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर 5 लाख हेक्टेयर में करने की योजना को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है।

**मोदी की गारंटी के बाद...**
हैं। उसके बाद यह किस मुकाम तक सफर तय करता है। देखना बाकी है। इसका रोचक पहलू यह है कि पिछले चुनावों की तहर मोदी का परिवार मंत्र भी उन्हें विपक्षियों ने बैठे-बैठाये दे दिया है। तीन मार्च को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने पटना में मोदी के परिवार को लेकर सवाल उठाया। उसके दूसरे दिन ही हैदराबाद में प्रधानमंत्री मोदी ने उसे लपकते हुये इसे पार्टी का प्रमुख हथियार बना लिया। उसके बाद से सोशल मीडिया पर मोदी की गारंटी से ज्यादा गूंज मोदी के परिवार की ही सुनाई पड़ रही है। चुनाव की घोषणा तक विपक्षी नेताओं के बयान पर मन-मस्तिष्क केंद्रित किये पीएम मोदी के साथ भाजपा को भी शायद कोई और अवसर की तलाश हैं। ताकि उसकी मदद से विपक्ष के बिखरे व्यूह को पूरी तरह तहस-नहस किया जा सके। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के चौक-चौराहों सहित चाय-पान की दुकानों पर इन दिनों भाजपा के सोशल मीडिया अभियान की चर्चा जोरों पर है। विदित हो कि विधान सभा से लेकर लोक सभा के सभी चुनाव पीएम मोदी ने विपक्ष द्वारा मुहैया कराये गये मौत के सौदागर से लेकर मोदी के परिवार पर ही लड़े हैं।

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव के गठित कोषांग के सभी वरीय पदाधिकारी और प्रभारी पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की । इस दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। बैठक में कोषांगों की ओर से किए जा रहें कार्यों के सम्बन्ध में चर्चा की गई। विभागीय दिशा निर्देश के तहत सभी कार्यों को ससमय सम्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित कोषांग के प्रभारी पदाधिकारियों को कहा गया की भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्गत निदेशों के तहत दिये गये प्रावधानों के अनुसार चुनाव की सभी प्रक्रिया ससमय सारणी के अनुसार पूरा करें। चुनाव आयोग से प्राप्त निर्देश के तहत लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन विभिन्न कोषांगो की ओर से जो भी कार्यभार एवं दायित्व दिए गए है । उसका ससमय पर पालन करना सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी कोषांग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन अच्छे तरीके एवं ससमय कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने आगामी लोकसभा चुनाव के गठित कोषांग के सभी वरीय पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी के साथ बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग की ओर दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश देते हुए कहा की अगले 72 घंटे में क्या करना है। इसकी तैयारी करते हुए चुनाव आयोग के दिए गए दिशा-निर्देश का पालन शतप्रतिशत ससमय पूरा करें। उपायुक्त ने कहा कि सभी योग्य मतदाता अपना मतदान अवश्य रूप से करते हुए इस लोकतंत्र के महान पर्व में अपनी सहभागिता निभाए। अपना मतदान करते हुए सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।




# लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला खुद हेमंत सोरेन करेंगे : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि चुनाव आयोग आज के बाद से हर राजनीतिक दलों पर नजर रखे। ऐसा नहीं हो कि बटन यहां दबे आवाज कही और से आए। प्रवक्ता ने कहा कि बीजेपी द्वारा जो लहर बहने की बात सामने आ रही है। सपने देखना चाहिए। चुनाव आयोग को कुछ ना कुछ ऐसा भेजते रहेंगे ताकि उनकी विश्वसनीयता बनी रहे। चुनाव आयोग की नजर सभी पर समान हो किसी एक पर नहीं हो। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि लड़ना अलग बात है, सपने देखना अच्छी बात है। जीवन का यह भी एक अहम हिस्सा है। पीएम की तरह अब बीजेपी भी सपने देखने की आदि हो जाएगी। उन्होंने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हेमंत सोरेन के साथ है, उनसे अलग नहीं हैं। कार्यकताओं के अनुसार लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनावी मैदान में चुनाव लडेंगे। लेकिन अभी कहा से यह तय नहीं है, यह स्वयं हेमंत ही तय करेंगे की उन्हें कहा से चुनाव लड़ना है। दुमका, जामताड़ा, गांडेय, देवघर, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा हर जगह की जनता उन्हें ही चुनावी मैदान में उतरने को प्रेरित कर रही है।



# लोकसभा चुनाव हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ेंगे : चंपाई सोरेन

**लोकसभा चुनाव भी हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ेंगे।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन पूरी तरह से तैयार है। सभी सीटों पर गठबंधन जीतेगा। हेमंत सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हीं के नेतृत्व में हम लोगों ने विधानसभा चुनाव लड़ा था। लोकसभा चुनाव भी हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ेंगे। आज कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के हर कैडर, हर नेता को तैयार किया है और वह चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। एक-दो दिन में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने राजनाथ सिंह के झारखंड दौरे पर कहा कि जिसके मन में भय होता है वह निकलकर सामने आ जाता है और यही राजनाथ सिंह के साथ भी हुआ है। राहुल की रैली में शामिल होने के सवाल पर कहा कि हम कल बताएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश हमारा परिवार नाम से एक गीत लांच करने पर चंपाई सोरेन ने कहा कि देश में अलग-अलग समुदाय, उसे छुपाने के लिए इस तरह की बात की जा रही है, जो लोगों के समझ से परे है।

## ट्रैफिक एसपी सुमित अग्रवाल बने रांची के ग्रामीण एसपी, चार डीएसपी का तबादला



**रांची।** राज्य सरकार ने एक आईपीएस और चार डीएसपी का तबादला किया गया है। इस संबंध में गृह , कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है। आदेश के अनुसार रांची ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित पीयूष पांडेय को जैप 10 होटवार रांची का कमांडेंट बनाया गया है। जबकि रांची ट्रैफिक एसपी सुमित अग्रवाल को रांची ग्रामीण एसपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार डीएसपी सिमडेगा के पद पर पदस्थापित बैजू उरांव को पलामू डीआइजी ऑफिस में पदस्थापित किया गया है। मुख्यालय डीएसपी बोकारो के पद पर पदस्थापित पवन कुमार को सिमडेगा डीएसपी बनाया गया। साहिबगंज डीएसपी के पद पर पदस्थापित बहामन टूटी को डीएसपी आईआरबी 9 गिरिडीह बनाया गया है।

## लोकसभा चुनाव के परिणाम विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे : आदित्य साहू

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने शनिवार को 18वीं लोकसभा चुनाव के मतदान की घोषित तिथियों की घोषणा का स्वागत किया है। साहू ने कहा कि भारत का लोकतंत्र रोज मजबूत हो रहा। सुशासन के कारण आम जन विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा, जिसके सकारात्मक परिणाम भी आए हैं।

## झारखंड में चार चरणों में होंगे चुनाव

**चौथे चरण का चुनाव (झारखंड में पहला चरण)**
- लोकसभा सीट : सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी), पलामू (एससी)
- अधिसूचना की तिथि : 18 अप्रैल 2024
- नामांकन की अंतिम तिथि : 25 अप्रैल 2024
- नामांकन पत्रों की जांच : 26 अप्रैल 2024
- नाम वापस लेने की अंतिम तिथि : 29 अप्रैल 2024
- मतदान की तिथि : 13 मई 2024
- मतगणना की तिथि : 04 जून 2024
- तिथि जिसके पहले चुनावी प्रक्रिया पूरी कर लेनी है : 06 जून 2024

**पांचवें चरण का चुनाव (झारखंड में दूसरा चरण)**
- लोकसभा सीट : चतरा (सामान्य), कोडरमा (सामान्य), हजारीबाग (सामान्य)
- अधिसूचना की तिथि : 26 अप्रैल 2024
- नामांकन की अंतिम तिथि : 03 मई 2024
- नामांकन पत्रों की जांच : 04 मई 2024
- नाम वापस लेने की अंतिम तिथि : 06 मई 2024
- मतदान की तिथि : 20 मई 2024
- मतगणना की तिथि : 04 जून 2024
- तिथि जिसके पहले चुनावी प्रक्रिया पूरी कर लेनी है : 06 जून 2024

**छठे चरण का चुनाव (झारखंड में तीसरा चरण)**
- लोकसभा सीट : रांची (सामान्य), गिरिडीह (सामान्य), धनबाद (सामान्य), जमशेदपुर (सामान्य)
- अधिसूचना की तिथि : 29 अप्रैल 2024
- नामांकन की अंतिम तिथि : 06 मई 2024
- नामांकन पत्रों की जांच : 07 मई 2024
- नाम वापस लेने की अंतिम तिथि : 09 मई 2024
- मतदान की तिथि : 25 मई 2024
- मतगणना की तिथि : 04 जून 2024
- तिथि जिसके पहले चुनावी प्रक्रिया पूरी कर लेनी है : 06 जून 2024

**सातवें चरण का चुनाव (झारखंड में चौथा चरण)**
- लोकसभा सीट : राजमहल (एसटी), दुमका (एसटी), गोड्डा (सामान्य)
- अधिसूचना की तिथि : 07 मई 2024
- नामांकन की अंतिम तिथि : 14 मई 2024
- नामांकन पत्रों की जांच : 15 मई 2024
- नाम वापस लेने की अंतिम तिथि : 17 मई 2024
- मतदान की तिथि : 01 जून 2024
- मतगणना की तिथि : 04 जून 2024
- तिथि जिसके पहले चुनावी प्रक्रिया पूरी कर लेनी है : 06 जून 2024

(नोट : तिथि देने में पूरी सावधानी बरती गई है। अगर प्रिंट में कोई त्रुटि होती है, तो इसके लिए राष्ट्रीय नवीन मेल जिम्मेदार नहीं है)

# कांग्रेस-झामुमों आदिवासियों को कर रहे दिग्भ्रमित: बिरसा उराँव

**भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन कार्यक्रम में काँग्रेस-झामुमों के सैकड़ो लोग हुए शामिल**

**कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रहे डॉ बिरसा उराँव ने ली भाजपा की सदस्यता**

**परिवारवादी पार्टियों से लोगो का हो रहा मोहभंग, मोदी जी के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा: आदित्य साहू**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता प्रवक्ता डॉ बिरसा उराँव, बेदिया विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, समाजसेवी डॉ जयप्रकाश, भुईया समाज कल्याण समिति कोल्हान क्षेत्र.के उपाध्यक्ष पोरेश नायक, तांती समाज कोल्हान क्षेत्र के अध्यक्ष राशानंद कुमार तांती, समाज सेवी अशोक कुमार सहाय, समाजसेवी छोटन लोहरा, ने अपने-अपने समर्थकों के साथ पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सभी नेताओं को माला एवं पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर श्री साहू ने कहा कि परिवारवादी पार्टी कांग्रेस- झामुमो से लोगो का मोह भंग होता जा रहा है और बड़े नेता से लेकर कार्यकर्ता तक पार्टी छोड़ते जा रहे है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीति- नियत एवं नेतृत्व से प्रभावित होकर दूसरे दलों से लोग भाजपा में शामिल हो रहे है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ बिरसा उराँव ने कहा कि काँग्रेस-झामुमों आदिवासियों को कर रही दिग्भ्रमित ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज का मान, सम्मान व स्वाभिमान बढ़ाया है। भाजपा राँची ग्रामीण के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने ऑनलाइन सदस्यता नंबर 8980808080 पर सभी लोगो को ऑनलाइन सदस्यता दिलाई तथा कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर,अशोक बड़ाईक, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, कमलेश राम सहित कई उपस्थित थे।




## एक नजर

### नवनीत सहगल बने प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्त वरिष्ठ नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल को प्रसार भारती बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एक आधिकारिक आदेश में शनिवार को यह जानकारी दी गई। सूचना व प्रसारण मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में सहगल की नियुक्ति तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक के लिए है। इसमें कहा गया है, उनकी नियुक्ति के नियम और शर्तें प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम, 1990 के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों द्वारा शासित होंगी। गौरतलब है कि सहगल जुलाई 2023 में सेवानिवृत्त हो गए थे।

### 23 मार्च तक ईडी की हिरासत में कविता



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शनिवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की तेलंगाना विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के. कविता को 23 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने पार्टी अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को शुक्रवार को हैदराबाद में उनके आवास पर तलाशी के बाद गिरफ्तार किया था।

### इजरायल ने गाजा पर किए हवाई हमले, 36 लोंगो की मौत

**गाजा।** इजरायली सेना ने मध्य गाजा में नुसीरात शरणार्थी शिविर में एक घर पर हवाई हमले किए, जिसमें 36 फिलिस्तीनी मारे गए। कई लोगों के घायल होने की खबर भी सामने आई है। चश्मदीदों ने शनिवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया, "इजरायली विमान ने नुसीरात शिविर के पश्चिम में तबतिबी परिवार के एक घर को कई मिसाइलों से निशाना बनाया। घर पूरी तरह से नष्ट हो गया और पड़ोसी घरों को भी नुकसान पहुंचा।" 'इजरायली हमले में बच्चों और गर्भवती महिलाओं समेत 36 लोग मारे गए।"

### अगले 5 साल में मंगल ग्रह पर होगा स्टारशिप रॉकेट : एलन मस्क

**एन फ्रांसिस्को।** एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि विशाल स्टारशिप रॉकेट जिसका मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष यात्रियों को 2026 तक चंद्रमा पर उतारना है, अगले पांच साल में मंगल ग्रह भी होगा। मस्क की स्पेस एक्स कंपनी ने इस सप्ताह हेवी बूस्टर के साथ इसके 400 फुट ऊंचे स्टारशिप रॉकेट की तीसरी परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक संपन्न किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, स्टारशिप 5 साल के भीतर मंगल ग्रह पर होगी। टेस्ला के सीईओ ने स्टारशिप रॉकेट की कुछ तस्वीरें भी पोस्ट कीं और कहा, यह एक वास्तविक तस्वीर है। उन्होंने आगे कहा, जमीन पर आप जो कुछ भी कर सकते हैं, वह जमीन पर ही किया जाना चाहिए, लेकिन मंगल ग्रह के लिए फोबोस और डेमोस (मंगल के दो चंद्रमा) पर बने रिफ्लेक्टर एक अच्छा तरीका हो सकता है।

## लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम



नतीजे 04 जून

| चरण | पहला | दूसरा | तीसरा | चौथा | पांचवां | छठा | सातवां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीटें | 102 | 89 | 94 | 96 | 49 | 57 | 57 |
| राज्य | 21 | 13 | 12 | 10 | 8 | 7 | 8 |
| अधिसूचना | 20 मार्च | 28 मार्च | 12 अप्रैल | 18 अप्रैल | 26 अप्रैल | 29 अप्रैल | 7 मई |
| नामांकन | 27,28 मार्च | 04 अप्रैल | 19 अप्रैल | 25 अप्रैल | 03 मई | 06 मई | 14 मई |
| जांच | 28,30 मार्च | 5,6 अप्रैल | 20 अप्रैल | 26 अप्रैल | 04 मई | 07 मई | 15 मई |
| नाम वापसी | 30 मार्च, 02 अप्रैल | 8 अप्रैल | 22 अप्रैल | 29 अप्रैल | 06 मई | 09 मई | 17 मई |
| मतदान | 19 अप्रैल | 26 अप्रैल | 07 मई | 13 मई | 20 मई | 25 मई | 01 जून |

#### पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकी हमला

## दो अधिकारियों समेत 7 पाक सैनिक मारे गए

**एजेंसी। रावलपिंडी**

पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के अली इलाके में शनिवार को आतंकियों ने हमला किया। इस हमले में दो अधिकारियों समेत सात पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी सेना के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को कहा, "छह आतंकवादियों के एक समूह ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली क्षेत्र में सुरक्षा बलों की चौकी पर हमला किया। हालांकि, सभी छह आतंकवादियों को मार गिराया गया है।" रिपोर्टों के अनुसार, आतंकवादियों ने विस्फोटकों से भरे



वाहन से चौकी को टक्कर मार दी। जिसके बाद कई आत्मघाती बम हमले हुए, जिसमें इमारत का एक हिस्सा भी ढह गया। आईएसपीआर ने पहले कहा था कि इस महीने की शुरुआत में उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सुरक्षा बलों ने दो अलग-अलग अभियानों में कम से कम 10 आतंकवादियों को मार गिराया था। यह भी कहा था कि पाकिस्तान को उम्मीद है कि अफगान सरकार अपने दायित्वों को पूरा करेगी और आतंकवादियों को अफगान धरती का इस्तेमाल नहीं करने देगी।" डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने हथियारों से लैस आतंकियों ने डेरा इस्माइल खान में एक पुलिस स्टेशन पर रात में हमला किया था। हालांकि, पुलिसकर्मियों ने हमले को नाकाम कर दिया था। आतंकी अंधेरे की आड़ में भागने में सफल रहे थे। पिछले साल दिसंबर में तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) के आतंकवादियों ने डेरा इस्माइल खान के दरबान इलाके में सेना के एक परिसर पर हमला किया था। जिसमें 23 सैनिक मारे गए थे और 30 से अधिक ज्यादा घायल हो गए थे।

# सुशासन-जनसेवा के ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम लोस चुनाव में जनता के बीच जाएंगे : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा-एनडीए चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि हम सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का शुभारंभ हो गया है। चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। भाजपा-एनडीए इन चुनावों में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 140 करोड़ परिवारजनों और 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा।

उन्होंने कहा कि मैं यह साफ तौर पर देख रहा हूं कि आने वाले 5 वर्ष हमारे उस सामूहिक संकल्प का कालखंड होगा, जिसमें हम भारत की अगले एक हजार वर्ष की विकास यात्रा का रोडमैप तैयार करेंगे। ये समय भारत के सर्वांगीण विकास, समावेशी समृद्धि और वैश्विक नेतृत्व का साक्षी बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे मेरे देशवासियों के, विशेष रूप से गरीब, किसान, युवा और नारीशक्ति के आशीर्वाद से असीम शक्ति मिलती है। जब मेरे देशवासी ये कहते हैं, 'मैं हूं मोदी का परिवार' तो इससे मुझे विकसित भारत के निर्माण के लिए और अधिक मेहनत करने का उत्साह मिलता है। हम विकसित भारत के लिए सामूहिक प्रयास करेंगे और ये लक्ष्य हासिल करके रहेंगे। यही समय है, सही समय है।

### भ्रष्टाचारियों को बख्शा नहीं जाएगा : प्रधानमंत्री मोदी



**एजेंसी। नागाकुर्नूल (तेलंगाना)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाने के लिए तेलंगाना के लोगों से समर्थन मांगा। वो तेलंगाना के नागाकुर्नूल में एक आम सभा को संबोधित कर रहे थे। दिल्ली शराब मामले में बीआरएस नेता के. कविता की गिरफ्तारी पर उन्होंने कहा कि वह तेलंगाना के लोगों से वादा कर रहे हैं कि भ्रष्टाचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। बीआरएस ने राज्य के बाहर की अधिकांश भ्रष्ट पार्टियों के साथ भी साझेदारी की है। इसकी सच्चाई हर दिन सामने आ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीआरएस कांग्रेस के नक्शेकदम पर चल रही है। केसीआर का कहना है कि भारत को एक नए संविधान की जरूरत है। क्या यह बाबा साहब का अपमान नहीं है? "उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने दलित बंधु योजना के माध्यम से दलितों को धोखा दिया और अपने इस वादे से पीछे हट गए कि तेलंगाना का पहला मुख्यमंत्री एक दलित होगा। पीएम मोदी ने कहा कि परिवारवाद से चलने वाली पार्टियां भ्रष्टाचार ही करेंगी। कांग्रेस और बीआरएस घोटालों में भागीदार हैं। कांग्रेस ने 2जी घोटाला किया, बीआरएस ने सिंचाई घोटाला किया। वे दोनों भू-माफिया का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य दो पाटों -- बीआरएस और कांग्रेस के बीच पीस रहा है। कांग्रेस और बीआरएस ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। अब राज्य पर कांग्रेस का कब्जा है। पहले बीआरएस लूट करती थी और अब कांग्रेस कर रही है। पीएम मोदी ने तेलंगाना के लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस को रोकने के लिए और अधिक बीजेपी नेताओं को संसद भेजें। इस बार सभी लोकसभा सीटों पर बीजेपी का कमल खिलना चाहिए। इससे मुझे आपकी बेहतर सेवा करने का मौका भी मिलेगा।"

## विधानपरिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे नाराज, शिवसेना (यूबीटी) परेशान

**एजेंसी। मुंबई**



शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ पदाधिकारी और विधानपरिषद में विपक्ष के नेता अंबादास ई. दानवे ने छत्रपति संभाजीनगर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के टिकट के लिए नजरअंदाज किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि वह 2014 और फिर 2019 में भी लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन पांच बार के सांसद चंद्रकांत खैरे के कारण उन्हें अवसर नहीं मिला। विधान परिषद सदस्य दानवे ने चंद्रकांत खैरे पर उन्हें राजनीतिक रूप से डराने-धमकाने की कोशिश का आरोप लगाया, लेकिन यह भी कहा कि वह एसएस-यूबीटी अध्यक्ष और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के साथ हाथ मिलाने की योजना नहीं बना रहे हैं, साथ ही यह भी कहा कि भविष्य में क्या होगा, इसकी भविष्यवाणी भी नहीं कर सकता। 2019 में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सैयद इम्तियाज जलील से छत्रपति संभाजीनगर सीट हार चुके चंद्रकांत खैरे को वहां से महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवार के रूप में टिकट मिलने की संभावना है, इससे दानवे और उनके समर्थकों में नाराजगी है। अंबादास दानवे के बयानों ने एमवीए में हलचल पैदा कर दी है, क्योंकि कुछ दिन पहले ही, शिवसेना के प्रवक्ता संजय शिरसाट ने दावा किया था कि एमवीए का एक बड़ा नेता सोमवार तक पाला बदल लेगा। उच्च सदन में विपक्ष के नेता ने कहा कि लोकसभा के लिए नए चेहरों को मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को अपनी इस इच्छा से अवगत करा दिया है।

## दो पूर्व विधायकों ने थामा भाजपा का दामन
## अनुकृति गुसांई ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**एजेंसी। देहरादून**

लोकसभा से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दो पूर्व विधायकों ने जहां कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ले ली है वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की बहू अनुकृति गुसांई ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को अपना इस्तीफा भेज दिया है, उनके भी भाजपा में शामिल होने की संभावना



व्यक्त की जा रही है। शनिवार को कांग्रेस के जिन दो पूर्व विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ली। इनमें गंगोत्री विधायक रह चुके विजयपाल सजवाण और पुरोला से विधायक रह चुके मालचंद का नाम शामिल है। इन दोनों विधायकों ने अपने भारी संख्या में समर्थकों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत, प्रेमचंद अग्रवाल सहित भारी संख्या में भाजपा नेता उपस्थित थे जबकि अनुकृति गुसांई ने प्रदेश अध्यक्ष को पत्र भेजकर त्याग पत्र की जानकारी दी है जो कांग्रेस के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है।

### रास सांसद अजय प्रताप सिंह ने छोड़ी भाजपा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को झटका देते हुए राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह ने शनिवार (16 मार्च) को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। टिकट नहीं मिलने से नाराज राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह ने कार्यकताओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने अपना इस्तीफा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेजा है। अजय प्रताप सिंह लोकसभा का टिकट नहीं मिलने से नाराज हैं।

## गायिका अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा से ठीक पहले मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल शनिवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा मुख्यालय में महासचिव अरुण सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में अनुराधा पौडवाल ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अनुराधा पौडवाल ने कहा कि भाजपा में शामिल होने पर उन्हें खुशी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र




मोदी की नीतियों से प्रभावित हो कर वह भाजपा से जुड़ी हैं। इस अवसर उन्होंने प्नधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। पौडवाल हिंदी सिनेमा की चर्चित गायिका हैं। फिल्मी दुनिया के बाद भजन गायकी की दुनिया में खास मुकाम हासिल किया है।

# भारत को चीन मसले पर 'धैर्यवान लेकिन दृढ़' रहना होगा : जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चीन को भारत का 'बहुत चुनौतीपूर्ण' और 'प्रतिस्पर्धी पड़ोसी' बताते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि हमें इस पूर्वी एशियाई देश से निपटते समय धैर्यवान लेकिन दृढ़ रहने की जरूरत है। मंत्री ने एक मीडिया कॉन्क्लेव में इस बात पर सहमति जताई कि 2020 के बाद संबंध बहुत अधिक जटिल हो गए हैं, लेकिन कहा कि यह समय के साथ मजबूत हो रहा है।

जयशंकर ने कहा, मैं सहमत हूँ (कि) 2020 के बाद से, संबंध बहुत अधिक जटिल हो गए हैं। मैं इसे स्वीकार करता हूँ। लेकिन यह समय के साथ मजबूत हो रहा है... हम इसके बारे में खुद के प्रति भी ईमानदार नहीं थे। हम वास्तव में इसे लेकर स्पष्ट नहीं थे, और साफ-साफ कहें तो उसी के अनुसार



रणनीति बना रहे थे। यह पूछे जाने पर कि ऐसे समय में जब देश में अप्रैल- मई में आम चुनाव होने वाले हैं, वह इस चुनौती से कैसे निपटना चाहते हैं, विदेश मंत्री ने कहा कि चीन के संबंध में सबसे पहले यह दिखावा बंद करें कि सब कुछ अच्छा है। हम जो महसूस करते हैं उसे व्यक्त करने के लिए चिंतित होना बंद करें, और ऐसी शब्दावली का उपयोग बंद करें, जो हमारे लिए काम नहीं करती है। मंत्री ने कहा, पहली बात यह है कि हमें आज यह स्वीकार करना होगा कि हमारे पास एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण, प्रतिस्पर्धी पड़ोसी है। कुछ समय के इतिहास में हमारे गंभीर मसले रहे हैं। उनमें से कई मसलों का समाधान नहीं हुआ है, कुछ और बिगड़ गए हैं। उन्होंने आगे इस बात पर प्रकाश डाला कि सीमा मुद्दों के अलावा, दोनों देशों के बीच प्रमुख आर्थिक मुद्दे भी हैं, और चीन के साथ निपटते समय आपके पास एक ऐसी अर्थव्यवस्था होनी चाहिए जो इसके लिए तैयार हो। जून 2020 में गलवान घाटी में सैनिकों की झड़प के बाद, भारत और चीन में कई दौर की सैन्य वार्ता हुई है, जिसमें शांति बहाल करने के आधार के रूप में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों को पीछे हटाने की माँग की गई है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने एलएसी पर स्थिति को 'स्थिर' लेकिन 'संवेदनशील' बताया है और कहा है कि भारतीय सैनिक किसी भी स्थिति से निपटने के लिए परिचालन तैयारियों की 'बहुत उच्च स्थिति' बनाए हुए हैं। जवाबी तैनाती के रूप में, भारत ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण भारत-चीन सीमा की रक्षा के लिए एलएसी पर बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। विदेश मंत्री जयशंकर ने मीडिया कॉन्क्लेव में कहा कि सैन्य चर्चा में फोकस दोनों देशों के सैनिकों को पीछे हटाने और उसके बाद तनाव कम करने पर रहा है। उन्होंने कहा, ...इसके साथ सभी खतरे जुड़े हुए हैं। हम दोनों (के सैनिक) बहुत आगे तक तैनात हैं। यह वह जगह नहीं है जहाँ पिछले कई दशकों में स्वाभाविक तैनाती होती थी।

### हिंगमेटा में नक्सल मुठभेड़, 2 नक्सली ढेर नक्सली कैंप ध्वस्त

**बीजापुर।** जिले के थाना बेदरे क्षेत्र अंतर्गत हिंगमेंटा-लंका कें जंगल में इंद्रावती एरिया कमेटी के प्लाटून नम्बर 16 नक्सली कमांडर मल्लेश, माड़ डिवीजन कंपनी नंबर 1 के कमांडर अरुण उर्फ रुपेश और 20-25 नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी बीजापुर एवं थाना बेदरे का संयुक्त बल अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान शुक्रवार देर शाम 5:30 बजे हिंगमेंटा के जंगल में हुए मुठभेड़ में जवानों ने 2 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। जवान पूरी रात जंगल में ही मौजूद रहे, आज शनिवार को भी वापस नही लौटे हैं। आज सुबह इलाके की सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बालो द्वारा हिंगमेटा के जंगल से 2 नक्सलियों के शव एवं हथियार, विस्फोटक व अन्य नक्सल सामग्री बरामद कर नक्सली कैंप को ध्वस्त किया गया है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने शनिवार को मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि, जवानों ने नक्सली कैंप ध्वस्त कर दी है और दो नक्सलियों के शव के साथ हथियार, विस्फोटक और नक्सल सामाग्री भी बरामद किये गए हैं।

#### फिल्म जगत

## काम से लौटने के बाद अपने बच्चे को गले लगाना सबसे अच्छा एहसास : दीपिका सिंह

**एजेंसी। मुंबई**



एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने बताया कि वह अपने बिजी शेड्यूल के बाद भी डांस के प्रति अपने जुनून को जारी रखती हैं। वह अपने स्किल को निखारती हैं और अपने बच्चे के साथ समय बिताती हैं। इससे वह बैलेंस रह पाती हैं। दीपिका अभी शो 'मंगल लक्ष्मी' में मंगल का किरदार निभा रही हैं, जो दो बहनों की कहानी है और अपने रिश्तों में एक-दूसरे की गरिमा को बनाए रखने का प्रयास करती हैं। कहानी में मंगल एक प्यारी मां, एक पत्नी और एक आदर्श बहू की भूमिका के बीच संघर्ष कर रही है। इसी तरह, अपने वास्तविक जीवन में, दीपिका, जो 'दीया और बाती हम' में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, अपने मातृत्व के दिनों, अभिनय और पेशेवर नृत्य के बीच संघर्ष कर रही हैं।

उसी के बारे में बात करते हुए दीपिका ने साझा किया: ''मातृत्व, अभिनय और नृत्य को संतुलित करना निश्चित रूप से एक चुनौती है, लेकिन यह मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद भी है। प्रत्येक भूमिका अपने साथ खुशियां और जिम्मेदारियां लाती हैं और मैं आगे बढ़ने के अवसर के लिए आभारी हूं। अपने बच्चे के लिए वहां रहना मेरा जुनून है। मेरा मानना है कि कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है।''अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें अपने परिवार से जो प्यार मिलता है, वह मुख्य ताकत है जो उन्हें इन विविध भूमिकाओं को संतुलित करने और एक ही समय में सब कुछ प्रबंधित करने में मदद करती है। ''जब मैं देर से शिफ्ट के बाद घर जाती हूं और अपने बच्चे को गले लगाती हूं, तो यह मेरे लिए सबसे अच्छा एहसास होता है।